


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शपथ ग्रहण समारोह में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 159 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# मैं नरेंद्र दामोदर दास मोदी...

## दो कार्यकाल पूरा कर लगातार तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेकर की पं. नेहरू की बराबरी, संघ प्रचारक से सीधे बने थे सीएम







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तीसरी बार पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। उनके साथ आज 30 सांसदों ने कैबिनेट मंत्री और 5 सांसदों ने राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के तौर पर शपथ ली। सभी ने हिन्दी में शपथ ली। मोदी 2.0 में शामिल ज्यादातर मंत्री इस बार भी मंत्रिमंडल में शामिल हैं। शीर्ष तीन नेताओं में राजनाथ, अमित शाह और नितिन गडकरी शामिल रहे। इसके बाद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शपथ ली। नड्डा मोदी 1.0 में मंत्री रह चुके हैं जबकि चौहान पहली बार केन्द्र में मंत्री बनाए गए हैं। इसके बाद निर्मला सीतारमण और डॉ. सुब्रमण्यम जयशंकर ने शपथ ली। दोनों मोदी 2.0 में क्रमशः वित्त एवं विदेश मंत्री रहे हैं। संभावना है कि इस बार भी दोनों को यही पदभार मिले। दोनों ने अंग्रेजी ने शपथ ली। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर इस बार करनाल से चुनकर आये हैं और उन्हें भी इस बार मंत्रिमंडल में स्थान मिला है। मनोहरलाल ने एस. जयशंकर के बाद शपथ ली। एनडीए के सहयोगी दलों में सबसे पहले एचडी कुमारस्वामी ने शपथ ली। वे पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के सुपुत्र हैं। उन्होंने अंग्रेजी में शपथ ली। उनके बाद पीयूष गोयल और धर्मेन्द्र प्रधान ने शपथ ली। गोयल और प्रधान दोनों पिछली मोदी सरकारों में मंत्री रहे हैं। इस बार गोयल मुंबई उत्तर से जीतकर लोकसभा में आए हैं। वे अबतक राज्यसभा में नेता सदन थे। इसके बाद एनडीए के ही सहयोगी दल हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के नेता एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी और जनता दल (यू) के नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने शपथ ली। इनके बाद असम के पूर्व मुख्यमंत्री और पिछली मोदी सरकार में मंत्री सवार्नंद सोनोवाल और भाजपा नेता डॉ विरेन्द्र कुमार ने शपथ ली। तेलगु देशम पार्टी के नेता और तीसरी बार सांसद बने किंजरापु राम मोहन नायडू ने शपथ ली। वे मोदी 3.0 में सबसे युवा मंत्री बनने जा रहे हैं। उनके बाद प्रह्लाद जोशी ने शपथ ली। कर्नाटक से आने वाले जोशी पिछली मोदी सरकार में संसदीय कार्यमंत्री रहे। इसके बाद जोएल ओराम ने मंत्री पद की शपथ ली। ओराम अटल सरकार में भी मंत्री रहे हैं और वे जनजातीय मंत्रालय के पहले मंत्री रहे हैं। इसके बाद गिरिराज सिंह, अश्वनी वैष्णव, ज्योतिरादित्य सिंधिया, भूपेन्द्र यादव, गजेन्द्र सिंह शेखावत, अन्नपूर्णा देवी, किरण रिजिजू, हरदीप सिंह पुरी, मनसुख मंडाविया और जी किशन रेड्डी ने शपथ ली।

## राजनाथ, शाह, गडकरी, ज्योतिरादित्य समेत 30 कैबिनेट मिनिस्टर, नड्डा-शिवराज को भी जगह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भाजपा के** वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में रविवार को आयोजित समारोह में उनको पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसी के साथ मोदी ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। पंडित नेहरू वर्ष 1952, 1957 एवं 1962 का आम चुनाव जीतकर लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बने थे। वहीं मोदी वर्ष 2014 एवं 2019 का आम चुनाव जीतकर क्रमशः पहली एवं दूसरी बार प्रधानमंत्री बने थे। अब उन्होंने तीसरी बार शपथ ली है। शपथ ग्रहण समारोह में नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड', बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, भूटान के



प्रधानमंत्री शेरिंग तोब्गे, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविन्द जगन्नाथ भी मौजूद रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में देशभर के नेता, मुख्यमंत्री, विपक्षी नेता, सांसद, फिल्मी हस्तियां, उद्योगपति, साधु-संत और आमजन मौजूद रहे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, गठबंधन के सहयोगी दलों के नेता, उद्योगपति मुकेश अंबानी, गौतम अडानी, फिल्म अभिनेता रजनीकांत, शाहरूख खान, अक्षय कुमार, अभिनेत्री रविना टंडन जैसी जानीमानी हस्तियां मौजूद रही। उल्लेखनीय है कि मोदी शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के संसदीय दल के नेता चुने गए थे। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में भाजपा-नीत राजग ने 295 सीटें जीती हैं। इसमें भाजपा 240, तेदेपा 16, जदयू 12, शिवसेना (शिंदे गुट) 07, लोजपा (राम विलास) 05, जनसेना पार्टी 02, रालोद- 02,, राकांपा (अजित पवार) 01, अपना दल (एस) 01 और हम (सेकुलर) की 01 सीट शामिल है।

## कैबिनेट मंत्री

1. नरेंद्र मोदी
2. राजनाथ सिंह
3. अमित शाह
4. नितिन गडकरी
5. जेपी नड्डा
6. शिवराज सिंह
7. निर्मला सीतारमण
8. एस जयशंकर
9. मनोहर लाल खट्टर
10. एचडी कुमारस्वामी
11. पीयूष गोयल
12. धर्मेंद्र प्रधान
13. जीतनराम मांझी
14. राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह
15. सवार्नंद सोनेवाल
16. डॉक्टर वीरेंद्र कुमार
17. राम मोहन नायडू
18. प्रह्लाद जोशी
19. जुएल ओरांव
20. गिरिराज सिंह
21. अश्विनी वैष्णव
22. ज्योतिरादित्य सिंधिया
23। भूपेंद्र यादव
24। गजेंद्र सिंह शेखावत
25. अन्नपूर्णा देवी
26. किरण रिजिजू
27. हरदीप पुरी
28. मनसुख मांडविया
29. जी किशन रेड्डी
30. चिराग पासवान
31. सीआर पाटिल

## राज्य मंत्री

| | |
|---|---|
| राव इंद्रजीत सिंह | राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार |
| जितेंद्र सिंह | राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार |
| अर्जुन राम मेघवल | राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार |
| प्रतापराव जाधव | राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार |
| जयंत चौधरी | राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार |
| जितिन प्रसाद | राज्य मंत्री |
| श्रीपद यशो नाइक | राज्य मंत्री |
| पंकज चौधरी | राज्य मंत्री |
| कृष्णपाल गुर्जर | राज्य मंत्री |
| रामदास आठवले | राज्य मंत्री |
| रामनाथ ठाकुर | राज्य मंत्री |
| नित्यानंद राय | राज्य मंत्री |
| अनुप्रिय पटेल | राज्य मंत्री |
| वी सोमन्ना | राज्य मंत्री |
| चंद्रशेखर पेम्मासानी | राज्य मंत्री |
| एसपी सिंह बघेल | राज्य मंत्री |
| शोभा करांदलाजे | राज्य मंत्री |
| कीर्तिवर्धन सिंह | राज्य मंत्री |
| बनवारी लाल वर्मा | राज्य मंत्री |
| शांतनु ठाकुर | राज्य मंत्री |
| सुरेश गोपी | राज्य मंत्री |
| एल मुरुगन | राज्य मंत्री |
| अजय टम्टा | राज्य मंत्री |
| बंडी संजय कुमार | राज्य मंत्री |

## मोदी मंत्रिमंडल में फिलहाल शामिल नहीं हुई एनसीपी



**रविवार** को दिनभर महाराष्ट्र से लगातार अलग-अलग खबरें आती रहीं। गठबंधन में मतभेद तक की बात सामने आई, लेकिन अब सब ठीक है। मामला क्लियर हो गया है। एनसीपी (अजित पवार) ने खुद आगे आकर कहा है कि वह फिलहाल मंत्रिमंडल में शामिल नहीं हो रहे हैं। बता दें कि एनसीपी से प्रफुल्ल पटेल को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पद दिए जाने की चर्चा थी, लेकिन उन्होंने इससे इनकार कर दिया है।

बता दें कि, बीजेपी के तमाम सहयोगी दलों के दिग्गजों को मंत्री पद की शपथ के लिए फोन जा चुका है। जिनके पास फोन आया है, उन्होंने प्रधानमंत्री आवास पर नरेंद्र मोदी से मुलाकात भी कर ली है। इस बीच खबर आई थी कि एनडीए की सहयोगी एनसीपी में कैबिनेट मंत्री के पद को लेकर घमासान शुरू हो गया है। हालांकि रविवार शाम को स्थिति स्पष्ट हो गई।

## 10 साल केंद्र में गैर-कांग्रेसी सरकार चलाने वाले मोदी इकलौते नेता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नरेंद्र मोदी ने रविवार यानी 9 जून को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। 2014 में 26 को नरेंद्र मोदी ने पहली और 30 मई 2019 को दूसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। बता दें कि नरेंद्र मोदी आजादी के बाद जन्म लेने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं। इसी के साथ लगातार 10 साल बहुमत के साथ केंद्र में गैर-कांग्रेसी सरकार चलाने वाले मोदी इकलौते नेता हैं।

**लगातार तीसरी बार ली शपथ:** रोचक तथ्य यह है कि 1962 के बाद पहली बार कोई सरकार अपने दो कार्यकाल पूरे करने के बाद तीसरी बार सत्ता में आई है। इसी के साथ नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले नेताओं की सूची में




शामिल हो चुके हैं। पीएम मोदी से पहले पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 1952, 1957 और 1962 में लगातार तीन बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। इंदिरा गांधी ने 1966 में पहली, 1967 में दूसरी और 1971 में तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। अटल बिहारी वाजपेयी ने भी लगातार तीन बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। सबसे पहले 1966, 1998 और इसके बाद 1999 में प्रधानमंत्री बने थे। हालांकि, पांच साल का कार्यकाल उन्होंने एक ही बार पूरा किया।

**चाय की दुकान से पीएम की कुर्सी तक:** नरेंद्र मोदी का जन्म 17 सितंबर 1950 को गुजरात के वडनगर में हुआ। चाय की दुकान से शुरू हुआ उनका सफर देश के 14वें प्रधानमंत्री तक पहुंचा। दामोदरदास मूलचंद मोदी और हीराबेन मोदी के घर जन्मे नरेंद्र मोदी की स्कूली शिक्षा दीक्षा वडनगर में हुई। वडनगर रेलवे स्टेशन पर उनके पिता चाय की दुकान चलाते थे। जहां अक्सर मोदी अपने पिता की मदद करते थे। मोदी ने 1978 में दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग से राजनीति विज्ञान में स्नातक (इअ) और 1983 में गुजरात विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में एमए की डिग्री प्राप्त की।

**अचानक सीएम और 14 साल बाद बने पीएम:** नरेंद्र मोदी ने 1972 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) ज्वाइन की थी।

## शपथ ग्रहण समारोह में अंबानी-अडानी भी रहे मौजूद



**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के निर्वाचित नेता नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में सात देशों के राष्ट्र प्रमुखों के साथ मशहूर फिल्मी हस्तियां मौजूद रहीं। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी भी शपथ ग्रहण समारोह में नजर आए। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिडेट (आरआईएल) के चेयरमैन मुकेश अंबानी, उनके बेटे अनंत अंबानी और अभिनेता शाहरुख खान भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति भवन पहुंचे। वहीं, अडानी समूह के प्रमुख गौतम अडानी भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद रहे।

## 'हाईवे मैन ऑफ इंडिया' नितिन गडकरी मोदी कैबिनेट में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भारतीय** जनता पार्टी के नेता और नागपुर से सांसद नितिन गडकरी ने रविवार को राष्ट्रपति भवन में केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। गडकरी ने नागपुर निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस प्रतिद्वंद्वी को 1,37,603 मतों के अंतर से हराया था। मतगणना में उन्हें 6,55,027 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के विकास ठाकरे को 5,17,424 वोट ही हासिल हुए थे। हालांकि, इस चुनाव में गडकरी की जीत का अंतर 78,397 कम हुआ है। 2019 में उन्होंने कांग्रेस के नाना पटोले को 2,16,000 वोटों से हराया था। बीजेपी नेता ने पहली बार 2014 में नागपुर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ा था और उन्होंने 2,84,828 वोटों से जीत हासिल की थी।



**नागपुर में जन्में और आपातकाल ने बदली जिदंगी:** नितिन गडकरी का जन्म 27 मई, 1957 को नागपुर में एक महाराष्ट्रीयन परिवार में हुआ था। 1975 में आपातकाल लागू होने से धोखा खाए लोगों का गुस्सा और बढ़ गया था। उस समय सरकार द्वारा की गई ज्यादतियों ने गडकरी को उनके आरामदायक दायरे से बाहर निकाला। एक छात्र के रूप में उन्होंने आपातकाल के खिलाफ आक्रामक रूप से अभियान चलाया।

**शपथ ली**

गडकरी ने नागपुर निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस प्रतिद्वंद्वी को 1,37,603 मतों के अंतर से हराया था

**संघ और एबीवीपी से करीबी से जुड़े:** गडकरी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (संघ) और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के साथ बहुत करीब से जुड़े और बड़े पैमाने पर सामाजिक कार्य में शामिल हुए।

वह विशेष रूप से आरएसएस के संस्थापक केबी हेडगेवार के मानवता और राष्ट्र निर्माण के आदर्शों से प्रेरित थे। गडकरी ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के छात्र नेता के रूप में राजनीति में प्रवेश किया और बाद में भाजपा की युवा शाखा जनता युवा मोर्चा में शामिल हो गए।

**ऐसा रहा राजनीतिक सफर:** भाजपा नेता 1989 से महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य हैं। वे 1999-2005 तक महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता भी रहे। उन्होंने 2009 तक महाराष्ट्र प्रदेश भाजपा का नेतृत्व किया,।

## मोदी कैबिनेट में शामिल हुए जयंत चौधरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**मोदी** 3.0 कैबिनेट में 31 मंत्री बनाए गए हैं। इसमें एक जयंत चौधरी भी हैं। उन्होंने अंग्रेजी भाषा में शपथ ली। मंत्री बनाए जाने से पहले सभी की तरह उन्हें भी इसकी जानकारी दी गई थी। बता दें कि मोदी 2.0 सरकार ने आम चुनावों से ठीक पहले जयंत चौधरी के दादा और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से नवाजा था। जयंत ने इसके लिए केंद्र का आभार जताया था और इंडिया ब्लॉक को झटका देते हुए भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल हो गए थे। इस लोकसभा चुनाव में एनडीए में शामिल पार्टियों के बीच हुए सीट बंटवारे के तहत राष्ट्रीय लोक दल को उत्तर प्रदेश में बागपत और बिजनौर संसदीय सीटें मिली थीं। जयंत की पार्टी ने इन दोनों सीटों पर जीत दर्ज की है। इस तरह उसका स्ट्राइक रेट 100 फीसदी रहा।

# आर्य युवक परिषद राष्ट्रभक्त युवाओं का निर्माण करेगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा: रविवार 9 जून 2014,** केन्द्रीय युवक परिषद के तत्वावधान में गत 1 जून से एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 44, नोएडा में चल रहे "विशाल आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर" का भव्य समापन हो गया।शिविर में 175 बच्चों ने वैदिक संस्कृति की जानकारी, योगासन, दण्ड बैठक लाठी,डंबल,लेजियम, स्तूप,कराते आदि आत्मरक्षा प्रशिक्षण दियागया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य महेंद्र भाई ने यज्ञ करवा कर बच्चों को यज्ञोपवीत धारण कराया और माता-पिता की सेवा का संकल्प करवाया। समारोह अध्यक्ष एमिटी शिक्षण संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक कु चौहान ने कहा कि यह प्रशिक्षित आर्य युवक राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे और विश्वपटल पर भारत का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि श्री अनिल आर्य के नेतृत्व में आर्य युवक परिषद निरंतर युवाओं का चरित्र निर्माण कार्य करने में संलग्न है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि




ऐसे सुसंस्कारित युवकों के कारण भारत विश्व में शीघ्र आर्थिक महाशक्ति बनेगा।साथ ही उन्होंने कहा कि प्रति वर्ष एमिटी कैम्पस
के अंदर जिसके वायु मंडल में ही संस्कार हैं, शिविर आयोजित करके यह संस्थान वैदिक ऋचाओं से और सुशोभित हो जाता है। शिविर संचालक केंद्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि परिषद राष्ट्रभक्त युवाओं के निर्माण का कार्य और तीव्र गति से चलाएगी।हमारी शिक्षा पद्धति में संस्कारों एवं नैतिक शिक्षा का अभाव दिखता है, जिसे आर्य समाज पूरा करेगा।उन्होंने कहा कि युवकों के लिए महर्षि दयानंद सरस्वती एक आदर्श व्यक्तित्व है जिनका पूरा जीवन प्रेरणा और प्रकाश स्तंभ के समान है।उनके जीवन से हम सबको प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए क
शिक्षाविद्, आर्य नेता आनंद चौहान ने कहा कि हम इस आर्य युवा अभियान में एमिटी शिक्षण संस्थान की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान करते रहेंगे।उन्होंने बच्चों के कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रदान की।उन्होंने आशा व्यक्त की यह कार्य देश भर में विस्तार करेगा और युवा पीढ़ी संस्कारवान बनेगी।इस अवसर पर शिक्षक योगेन्द्र शास्त्री व सौरभ गुप्ता के निर्देशन में आर्य युवकों द्वारा व्यायाम प्रदर्शन के आकर्षक कार्यक्रम दिखाए गए। एमिटी इंटरनेशनल स्कूल की चेयरपर्सन डॉ. अमिता चौहान ने अपनी शुभकामनाएं प्रदान की।
इलाहाबाद हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश वी के मिश्रा ने कहा कि भारत के युवाओं को देखकर पूरी दुनियां ने माना है कि भारत का भविष्य उज्जवल है।आर्य युवा ऋषि दयानंद के नियमों पर चलकर बहुत सराहनीय कार्य कर रहे हैं। ध्वजारोहण ईशान इंस्टिट्यूट के अध्यक्ष डॉ.डीके गर्ग ने किया क बहन गायत्री मीना,सोनियां संजू,दशरथ भारद्वाज,प्रि. रेणु सिंह, शरद त्यागी, रमेश गाड़ी, आनंद प्रकाश आर्य,
रामकुमार आर्य,अरुण आर्य, यज्ञवीर चौहान,देवेंद्र भगत,धर्मपाल आर्य, डा. प्रमोद सक्सैना, राधा भारद्वाज, मेजर जनरल आर के एस भाटिया, वीरेंद्र योगाचार्य, आस्था आर्य, संतोष शास्त्री, सुधीर सूद, संतोष वधवा,अर्चना मोहन, प्रकाश वीर शास्त्री आदि विद्यमान थे।
सुप्रसिद्ध गायिका पिंकी आर्या, ऋचा गुप्ता व प्रवीण आर्य ने मधुर भजन प्रस्तुत किये। व्यायाम शिक्षक विकास कुमार, प्रदीप आर्य,विवेक अग्निहोत्री, शिवम मिश्रा,गौरव झा,रोहित कुमार सिंह, वीरेंद्र आर्य, नसीब सिंह,मोहित आर्य उपस्थित रहे। शिविर में प्रथम- मोहित आर्य (अलीगढ़), द्वितीय- तुषार आर्य (ब्रह्मपुरी), तृतीय -अखिल कौशिक (गाजियाबाद) को पुरस्कृत किए गया।

# मजदूरी की परिभाषा का उपयोग बोनस की गणना करने के लिए नहीं होगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाईकोर्ट ने औद्योगिक न्यायाधिकरण के वर्ष 2003 में दिए गए निर्णय (कि बोनस की गणना के लिए न्यूनतम मजदूरी को ध्यान में रखा जाए) के खिलाफ दायर रिट याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के तहत मजदूरी की परिभाषा का उपयोग बोनस भुगतान अधिनियम 1965 के तहत बोनस की गणना करने के लिए नहीं किया जा सकता है। इससे उक्त कानून का उद्देश्य विफल हो जाएगा। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह की एकल पीठ ने कहा कि बोनस अधिनियम के तहत मजदूरी में एचआरए, परिवहन, बोनस और अन्य भत्ते शामिल नहीं हैं। लेकिन एमडब्ल्यू अधिनियम के तहत इस शब्द की परिभाषा में ये भत्ते शामिल हैं। इस प्रकार दोनों शब्दों के स्वतंत्र

**आदेश**

**बोनस अधिनियम के तहत मजदूरी में एचआरए, परिवहन, बोनस और अन्य भत्ते शामिल नहीं हैं**

अर्थ हैं और इन्हें एक दूसरे के स्थान पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने पाया कि औद्योगिक न्यायाधिकरण ने अपने फैसले में यह उल्लेख किया है कि याचिकाकर्ता को बोनस की गणना के लिए केवल मूल वेतन के बजाय दिल्ली सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी पर विचार करना चाहिए। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि बोनस भुगतान अधिनियम 1965 में वेतन या मजदूरी की परिभाषा व्यापक है।

# शहर के भव्य तिवारी की आई ऑल इंडिया 19वीं रैंक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा:** सेक्टर- 78 स्थित एसोटेक सोसाइटी निवासी भव्य तिवारी ने जेईई एडवांस में ऑल इंडिया 19वीं रैंक प्राप्त की है। वह बॉम्बे आईआईटी से कंप्यूटर साइंस से इंजीनियरिंग करना चाहते हैं। उन्होंने जेईई मेंस सेशन-1 में यूपी टॉप किया था, जबकि जेईई मेंस सेशन-2 में 132 रैंक के साथ सिटी टॉप किया। भव्य की कामयाबी से परिवार के लोग बहुत खुश हैं। सेक्टर-16 स्थित एपीजे स्कूल से 12वीं की है। उनके 12वीं में 98.6 प्रतिशत अंक आए। उन्होंने 11वीं से ही आईआईटी को ध्यान में रखते हुए

**परचम**

**सेक्टर- 62 से कोचिंग ली है। अब वह आईआईटी दिल्ली से कंम्पयूटर साइंस से बीटेक करना चाहते हैं**

पढ़ाई शुरू कर दी थी। भव्य ने बताया कि कभी समय निर्धारित करके पढ़ाई नहीं की है। जब भी पढ़ाई की, मन लगाकर की है। साथ ही, टेस्ट सीरीज शुरूआत से ही दी, ताकि अंतिम समय में दबाव न रहे। उन्होंने 360 में से 323 अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने ईरान में होने जा रहे अंतरराष्ट्रीय फिजिक्स ओलंपियाड के लिए भी क्वालिफाई किया है। भव्य के 10वीं में 99 प्रतिशत अंक आए थे। उनके पिता अशोक तिवारी का अपना करोबार है, जबकि मां गृहिणी हैं। इसके अलावा, अदित्य नंदन 575, अनुरोन दास 1395, पार्थ वर्ष्णी ने 1841, अंकित मित्तल के 1999, कृतार्थ शुक्ला के 4608 समेत कई छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इंदिरापुरम निवासी कानव चौधरी की 56 रैंक आई है। उन्होंन सेक्टर- 62 से कोचिंग ली है। अब वह आईआईटी दिल्ली से कंम्पयूटर साइंस से बीटेक करना चाहते हैं।

# बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा में सामान्य ज्ञान के सवाल रहे सरल

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से रविवार को जिले में 10 केंद्रों पर बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में सामान्य ज्ञान के सवाल आसान रहे। वहीं, गणित के सवालों ने परीक्षार्थियों को उलझाया। दो पालियों में आयोजित परीक्षा में 7,795 में से 6,018 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 1,777 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित नहीं हुए। भीषण गर्मी में भी परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों पर एक घंटे पहले ही पहुंच गए। पहली शिफ्ट की परीक्षा सुबह 9 बजे से 12 बजे तक वहीं, दूसरी शिफ्ट की परीक्षा का आयोजन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न हुई। परीक्षा केंद्र पर बायोमेट्रिक प्रणाली से परीक्षार्थियों की हाजिरी दर्ज की गई। परीक्षार्थी केंद्रों पर परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले ही पहुंच गए। परीक्षा में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। केंद्रों में पुलिस बल की निगरानी में परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई। परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थियों ने बताया कि उम्मीद से अधिक सरल प्रश्न आए थे। परीक्षा में अच्छे अंक आने की संभावना है। जिला नोडल प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि सभी केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व बैग केंद्र के बाहर रखवाए गए।

# गाजियाबाद में बेटे के साथ बाइक से जा रही थी मां, कैंटर ने मारी टक्कर

**दुर्घटना**

**राजपाल अपने बेटे ऋतिक (20) के साथ के साथ बाइक से जा रही थीं। कैंटर ने बाइक में टक्कर मार दी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद:** गंगनहर पटरी मार्ग पर पेंगा गांव के पास तेज गति से आ रहे कैंटर ने बाइक को टक्कर मार दी। इस दौरान बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को मुरादनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र



ले गई, जहां डॉक्टरों ने दोनों घायलों को मृत घोषित कर दिया।
पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, मुरादनगर थाना क्षेत्र के बसंतपुर सेथली की रहने वाली अमिता (46) पत्नी राजपाल अपने बेटे ऋतिक (20) के साथ के साथ बाइक से जा रही थीं। इश दौरन कैंटर ने बाइक में टक्कर मार दी।

# नोएडा के गार्डन गैलेरिया मॉल में दो पक्षों में मारपीट



**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** मॉल के खुले क्षेत्र में दो पक्षों में मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल करने वाले का दावा है कि यह वीडियो कोतवाली सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-38ए स्थित गार्डन गैलेरिया का है। पुलिस जांच में जुटी है। 50 सेकंड के इस वीडियो में कुछ लोग पीले रंग की टी-शर्ट पहले युवक की लात-घूंसों से पिटाई कर रहे हैं। बचाव में वह युवक भी हाथापाई करने का प्रयास कर रहा है। इसी बीच नीले रंग की शर्ट और काले रंग की पेंट पहने 8-10 लोग आ जाते हैं और पिट रहे युवक को बचाने का प्रयास करते हैं।
ऐसा लग रहा है कि जैसे ये लोग मॉल प्रबंधन की ओर से सुरक्षाकर्मी हैं। वह बार-बार पीले रंग की टी-शर्ट पहने युवक को बचाकर सुरक्षित जगह ले जाने का प्रयास करते हैं, लेकिन पीटने वाले लोग बार-बार उसे पकड़ लेते हैं और लात-घूंसे बजाने लगते हैं और जमीन पर घसीटने लगते हैं।

**वीडियो में एक युवती भी आई नजर**

**मारपीट**

**यह वीडियो कोतवाली सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-38ए स्थित गार्डन गैलेरिया का है**

वीडियो में एक युवती भी दिखाई दे रही है, जो उस युवक को बचाने का प्रयास कर रही है, लेकिन पीटने वाले युवकों की संख्या इतनी ज्यादा है कि सुरक्षाकर्मी और युवती के प्रयास विफल हो जाते हैं। युवती उन युवकों से मिन्नते करते हुए दिखाई दे रही है, लेकिन आरोपित युवक पीटने से नहीं मान रहे हैं। बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष नशे में थे। झगड़ा किस बात को लेकर हुआ, यह अभी साफ नहीं हुआ है। एसीपी प्रवीण कुमार सिंह का कहना है कि वीडियो कहां का और कब का है इसकी जांच कराई जा रही है। दोनों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।

# तेजस एक्सप्रेस के डिरेल होने की जांच तेज, स्थानीय अधिकारियों को दिल्ली बुलाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद:** भुवनेश्वर से नई दिल्ली को जा रही तेजस राजधानी एक्सप्रेस का एक डिब्बा बी-1 एसी थर्ड शुक्रवार को गाजियाबाद जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर चार से कुछ दूर पहले तकनीकी खामियों के चलते डिरेल हो गया था। सूत्रों से पता चला है कि इस प्रकरण में शनिवार को पूरे दिन स्थलीय एवं घटना में लापरवाही किस स्तर पर हुई, इसकी जांच चलती रही। रेलवे के स्थानीय अधिकारियों को रेल मुख्यालय दिल्ली में पूछताछ के लिए बुलाया गया। एक अधिकारी ने नाम ने छापने की शर्त पर इसकी पुष्टि की है।

**प्रारंभिक जांच रिपोर्ट तैयार**

ट्रैक की स्थलीय जांच के बाद रेलवे के तकनीकी अधिकारियों ने प्रारंभिक जांच रिपोर्ट तैयार कर ली है। बारीकी से ट्रैक का तकनीकी




मुआयना करने पर पाया गया है कि यह हादसा तकनीकी खामी के चलते हुआ है। सूत्रों के अनुसार दूसरे दिन हुई प्रारंभिक जांच में कई अधिकारी एवं कर्मचारियों की लापरवाही सामने आ रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कई पर गाज गिर सकती है। इस घटना के बाद प्लेटफार्म नंबर तीन और चार के ट्रैक को ठीक करते हुए रेल संचालन के लिए खोल दिया गया है। पता चला है कि तेजस को रन थ्रू ट्रैक से दिल्ली रवाना किया जाना था लेकिन उस ट्रैक पर दूसरी ट्रेन खड़ी हुई थी।

**प्लेटफार्म नंबर-4 से गुजारने का दिया गया था ग्रीन सिग्नल :** इसी के चलते प्लेटफार्म नंबर चार से गुजारने का ग्रीन सिग्नल दिया गया था। यह ट्रैक नई दिल्ली- लखनऊ लाइन का है। जहां पर ट्रेन डिरेल हुई वहां पर बृहस्पतिवार को ही मेंटेनेंस का कार्य किया गया था। इस कार्य के बाद से लेकर तेजस के डिरेल होने तक इस ट्रैक पर कई स्थानीय एवं एक्सप्रेस ट्रेन गुजरी। इन ट्रेनों का पता लगाया जा रहा है। साथ ही जांच में यह भी पता लगाया जा रहा है कि ट्रैक की मरम्मत होने से तेजस एक्सप्रेस के डिरेल होने से पहले गुजरने वाली ट्रेनों के संचालन में कोई तकनीकी खामी तो प्रकाश में नहीं आई। सूत्र बताते हैं कि मरम्मत के बाद इसी ट्रैक पर कई ट्रेन गुजरती रहीं और तकनीकी खामी का किसी को पता नहीं चला। इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है कि तेज गति से चलने वाले कोई ट्रेन बड़े हादसे का शिकार हो सकती है।

# 548 को फुल टाइम पोजीशन और 129 को इंटर्नशिप के अवसर दिए

**नई दिल्ली।** इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी दिल्ली (आईआईआईटी) ने 2024 के प्लेसमेंट सीजन का सफलतापूर्वक समापन किया है। आईआईआईटी दिल्ली ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता और इंडस्ट्री में अच्छे कनेक्शन की बदौलत छात्रों का सफल प्लेसमेंट करवाया। 2024 के प्लेसमेंट आंकड़ों के मुताबिक,
इस साल की प्लेसमेंट ड्राइव में 113 कंपनियां शामिल हुई, जिनमें टॉप टियर रिक्रूटर, मिड सेगमेंट फर्म और कुछ स्टार्टअप भी शामिल थे। आईआईआईटी-दिल्ली प्लेसमेंट सीजन 2024 में कुल 113 कंपनियों ने भाग लिया है।

# किशोरी का नहाते हुए वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

**मोदीनगर।** भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव में मनचले द्वारा 13 वर्षीय किशोरी का नहाते समय वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। आरोपी छात्रा को वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है।
पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज की है। गांव निवासी व्यक्ति की बेटी कक्षा आठ की छात्रा है। बताया कि सप्ताहभर पूर्व नहाते समय पड़ोसी युवक ने छात्रा की वीडियो बना ली। इसके आधार पर आरोपी छात्रा को ब्लैकमेल करने लगा।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**
**संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## नीलामी सूचना

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बराही के बडा जोहड़ की निलामी 14.06.2024 को प्रातः 11:00 बजे सामान्य चौपाल में निश्चित की गई है निलामी की शर्ते मौके पर बताई जायेगी।**

निवेदक
संरपच ग्राम पंचायत बराही
मो0 8708724080

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# बूंद-बूंद पानी को तरसेंगे दिल्लीवाले

## 1-2 दिनों में और बिगड़ेंगे हालात, अगर आज कल में पानी की मात्रा नहीं बढ़ी तो एक दो दिन में पूरी दिल्ली में जलापूर्ति को लेकर स्थिति बिगड़ जाएगी

**हालत खराब**

**सीएलसी और डीएसबी उप-नहरों के जरिये मुनक नहर से 1050 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए**





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने मौजूदा जल संकट को लेकर उपराज्यपाल वीके सक्सेना से आपात बैठक करने के लिए समय मांगा है। उनका कहना है कि दिल्ली को सीएलसी और डीएसबी उप-नहरों के जरिये मुनक नहर से 1050 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए। लेकिन वर्तमान में यह घटकर 840 क्यूसेक रह गया है। इतनी गिरावट दिल्ली की जलापूर्ति को पूरा करने में सक्षम नहीं है।

**जल मंत्री ने आपात बैठक के लिए एलजी से मांगा समय:** आतिशी ने एक्स पर एक पोस्ट डालकर कहा है कि दिल्ली के सात जल शोधन संयंत्र इसी पानी पर निर्भर हैं। अगर पानी की मात्रा नहीं बढ़ी तो एक दो दिन में पूरी दिल्ली में जलापूर्ति को लेकर स्थिति बिगड़ जाएगी। उनका कहना है कि एलजी केंद्र सरकार के प्रतिनिधि है, इसलिए उनसे इस स्थिति को बिगड़ने से रोकने व इसमें सुधार के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया जाएगा। इसके साथ ही आतिशी ने हरियाणा द्वारा मुनक कैनाल में कम पानी छोड़े जाने पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को भी पत्र लिखा है।

**अभी कितना पानी छोड़ता है हरियाणा ?:** उन्होंने कहा कि मूनक नहर के माध्यम से हरियाणा प्रतिदिन दिल्ली के लिए 1,050 क्यूसेक पानी छोड़ता है। इस समय यह कम होकर 840 क्यूसेक रह गया है। दिल्ली घरेलू उपयोग के पानी के लिए मुख्य रूप से यमुना पर निर्भर है। दिल्ली के सात जल उपचार संयंत्रों (डब्ल्यूटीपी) में यमुना का पानी आता है। इनमें वजीराबाद बैराज और मूनक नहर की दो उप-नहरें सीएलसी और डीएसबी से पहुंचता है। पिछले वर्षों की गर्मी में हरियाणा की ओर से 1,050 क्यूसेक पानी छोड़ने पर लगभग 990 क्यूसेक दिल्ली तक पहुंचता है। दिल्ली के बवाना में लगे फ्लो मीटर के माध्यम से इसे मापा जाता है। वजीराबाद जलाशय का सामान्य जल स्तर 674.50 फीट रहना चाहिए, लेकिन कम पानी आने से यह घटकर 669 फीट पर पहुंच गया है।

## पानी पर आतिशी ने नायब सिंह सैनी को फिर से लिखा पत्र



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने हरिणाया के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने कहा है कि मुनक नहर का पानी घटकर 840 क्यूसेक हो गया है। इससे दिल्ली के सात वाटर ट्रीटरमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) से पर्याप्त पानी का उत्पादन नहीं हो पा रहा है। यदि आज हरियाणा ने पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं छोड़ा तो, तो अगले एक से दो दिन में दिल्ली के अंदर बड़ा पेयजल संकट खड़ा हो जाएगा। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मुनक नहर से दिल्ली के लिए 1050 क्यूसेक पानी छोड़ने की मांग की। पत्र में आगे लिखा है, यमुना नदी में पानी न छोड़े जाने के मुद्दे पर आपके तत्काल हस्तक्षेप की मांग करती हूं। मैंने आपको कई पत्र भेजे हैं। दुर्भाग्य से उनका जवाब नहीं मिला। दिल्ली अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए यमुना के पानी पर निर्भर है, लेकिन हरियाणा पिछले कुछ दिनों से पर्याप्त मात्रा में जारी नहीं कर रहा है। मई 2018 में बुलाई गई यमुना नदी बोर्ड की 53वीं बैठक में समझौते के अनुसार, सीएलसी और डीएसबी नहरों के माध्यम से मुनक नहर में में दिल्ली को लगभग 1050 क्यूसेक (यानी 568 एमजीडी) देना था।

उन्होंने आगे लिखा, दिल्ली द्वारा बवाना संपर्क बिंदु पर पानी मापा जाता है। यहां से पानी दिल्ली में प्रवेश करता है।

इन फ्लो मीटरों की जांच पिछले सप्ताह ही अपर यमुना रिवर बोर्ड के प्रतिनिधियों ने की है। रिपोर्ट के अनुसार एक जून को 924 क्यूसेक पानी दिल्ली में प्रवेश कर रहा था, लेकिन 7 जून को यह आंकड़ा 840 क्यूसेक तक गिर गया। गर्मियों में हमें 980 से 1030 क्यूसेक के बीच पानी प्राप्त होता है। पत्र में पिछले 5 वर्षों में कितना क्यूसेक पानी मिला, इसका डेटा भी संलग्न किया गया है। एक सप्ताह में इसमें पानी का आवक में भारी कमी दर्ज की गई है। दिल्ली में सात डब्ल्यूटीपी यमुना के पानी पर निर्भर हैं। कच्चे पानी की कमी के कारण डब्ल्यूटीपी पूरी क्षमता पर चलने में असमर्थ हैं। मुनक नहर से पानी घटकर 840 क्यूसेक हो जाने से दिल्ली हमारे 7 डब्ल्यूटीपी से पर्याप्त पानी का उत्पादन करने में असमर्थ हो जाएगी।

### सातों डब्ल्यूटीपी पूर्ण क्षमता से नहीं चल सकेंगे

**मूनक** नहर से दिल्ली को कम पानी मिलने से सातों डब्ल्यूटीपी अपनी क्षमता से नहीं चल सकेंगे। परिणामस्वरूप दिल्लीवासियों को कम पेयजल मिलेगा। अभी दिल्ली के कुछ हिस्सों में पानी की समस्या है। यदि इसी तरह से कम पानी मिला तो अगले दो दिनों में पानी की समस्या और गंभीर हो जाएगी, इसलिए दिल्ली के हिस्से का पानी दिलाने में केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करना चाहिए। अपर यमुना रिवर बोर्ड को निगरानी करनी चाहिए।

## जल संकट पर एलजी ने आतिशी को मुलाकात के लिए दिया समय



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की जल मंत्री आतिशी मौजूदा जल संकट को लेकर उपराज्यपाल विनय सक्सेना से सोमवार सुबह 11 बजे मुलाकात करेंगी। राज्य ने इस बारे में जानकारी दी है। आतिशी ने रविवार को एलजी से आपात बैठक करने के लिए समय मांगा था। दिल्ली राजनिवास ने एक्स पोस्ट कर कहा कि उपराज्यपाल कल सुबह 11 बजे आतिशी से मिलेंगे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से हिमाचल और हरियाणा द्वारा छोड़े जा रहे पानी की वास्तविक स्थिति, दिल्ली में पानी की बबार्दी और रिसाव को रोकने के उपाय और सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार वजीराबाद जलाशय की सफाई की स्थिति का पता लगाने को कहा है। आतिशी का कहना है कि दिल्ली को सीएलसी और डीएसबी उप-नहरों के जरिये मुनक नहर से 1050 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए। लेकिन वर्तमान में यह घटकर 840 क्यूसेक रह गया है। इतनी गिरावट दिल्ली की जलापूर्ति को पूरा करने में सक्षम नहीं है। आतिशी ने एक्स पर एक पोस्ट डालकर कहा है कि दिल्ली के सात जल शोधन संयंत्र इसी पानी पर निर्भर हैं। अगर आज कल में पानी की मात्रा नहीं बढ़ी तो एक दो दिन में पूरी दिल्ली में जलापूर्ति को लेकर स्थिति बिगड़ जाएगी। उनका कहना है कि एलजी केंद्र सरकार के प्रतिनिधि है, इसलिए उनसे इस स्थिति को बिगड़ने से रोकने व इसमें सुधार के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया जाएगा।

## अनियंत्रित हुई ऑडी कार, दो को मारी टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मौरिस नगर थाना क्षेत्र में एक सफेद ऑडी कार हादसे का शिकार हो गई। कार चालक ने नियंत्रण खो दिया था, जिस कारण वाहन दो लोगों को टक्कर मार दी। हादसा आईओ रामजस कॉलेज के मुख्य द्वार पर हुआ। जिन लोगों को टक्कर मारी है वो गोविंद पुत्र देवेश चंद्र और अशोक पुत्र पोखर दास हैं। दोनों रिक्शा चलाते हैं और एक बेंच पर बैठे थे। दोनों घायलों को मेडिकल जांच के लिए हिंदू राव अस्पताल भेजा गया। घायल गोविंद को बाद में एलएनजेपी में रेफर कर दिया गया।





नई दिल्ली में भारतीय युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नीट परिक्षा को लेकर प्रदर्शन करते हुए।

## चंदन की लकड़ी की तस्करी करने वाला तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हवाई अड्डा पर सीआईएसएफ के जवानों ने चंदन की लकड़ी की तस्करी करने वाले एक वियतनाम के नागरिक को पकड़ा है। यात्री के कब्जे से 11.970 किलोग्राम वजनी प्रतिबंधित लाल चंदन की लकड़ी बरामद हुई है। जिसकी कीमत 25 लाख रुपये आंकी गई है। यात्री को वन अधिकारियों के हवाले कर दिया गया है। वन विभाग के अधिकारी यात्री से पूछताछ करने के साथ साथ आगे की कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया कर रही है। सीआईएसएफ अधिकारी ने बताया कि 8 जून की रात 9 बजे दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल तीन पर सुरक्षा में तैनात निगरानी और खुफिया कर्मियों ने चेक इन क्षेत्र में एक विदेशी यात्री की संदिग्ध गतिविधियों को देखा। शक होने पर जवानों ने यात्री को हिरासत में ले लिया। यात्री की पहचान वियतनाम निवासी गुयेन थान तुंग के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला कि यात्री को वियत जेट फ्लाइट से दिल्ली से हनोई जाना था।



## जलसंकट पर बीजेपी ने की विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में जलसंकट पर अब सियासी माहौल भी गरमा गई है। दिल्ली विधानसभा के सचेतक और बीजेपी के विधायक अजय महावर ने दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। बीजेपी विधायक अजय महावार ने स्पीकर रामनिवास गोयल को पत्र ये लिखकर मांग की है कि दिल्ली में भीषण जल संकट गहराया हुआ है। हर इलाके में पानी की किल्लत हो रही है, इसलिए इस मामले पर चर्चा के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। उत्तर पूर्वी दिल्ली के गोंडा विधानसभा से विधायक अजय महावर ने अपने पत्र में दिल्ली विधानसभा के स्पीकर रामनिवास गोयल को लिखा कि कई गैर जरूरी मुद्दे लेकर विधानसभा का सत्र बुलाया जाता रहा है। फिर चाहे कश्मीर फाइल फिल्म को लेकर हो या फिर दिल्ली पुलिस कमिश्नर पर चर्चा को लेकर सत्र बुलाया जाता रहा है।



## अंतर्राष्ट्रीय ड्रग्स सिंडिकेट का भंडाफोड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दो नाइजीरियाई ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार कर एक अंतरर्राष्ट्रीय ड्रग्स कार्टेल का भंडाफोड़ किया है। इनके कब्जे से 55 लाख रुपये मूल्य की 550 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। डीसीपी क्राइम ब्रांच सतीश कुमार के अनुसार, गिरफ्तार किए गए तस्करों के नाम अरमिद व सलीफ हैं। दोनों मूलरूप से नाइजीरिया के रहने वाले हैं। दोनों में किसी के भी पास न तो वैध पासपोर्ट पाया गया और न ही वीजा। ये लोग अवैध रूप से भारत में रह रहे हैं और मादक पदार्थों की तस्करी जैसी गतिविधियों में शामिल थे। दिल्ली में साइकोट्रोपिक पदार्थों की आपूर्ति पर अंकुश लगाने के लिए अपराध शाखा की एक टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## दिल्ली एनसीआर वालों के लिए लोकल ट्रेन का किराया होगा सस्ता

**राहत की उम्मीद**

**जल्द ही उत्तर रेलवे की तरफ से लोकल ट्रेनों के किराए में कमी की जाने वाली है**




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर में लोकल ट्रेन से सफर करने वालों को जल्द ही राहत मिलने वाली है। जल्द ही उत्तर रेलवे की तरफ से लोकल ट्रेनों के किराए में कमी की जाने वाली है। सूत्रों की माने तो उत्तर रेलवे मुख्यालय ने इस बाबत सभी पांच मंडल दिल्ली, मुरादाबाद, फिरोजपुर, लखनऊ और अंबाला के अधिकारियों को निर्देश के साथ ट्रेनों की सूची जारी कर दी है। बता दें कि अभी तक लोकल ट्रेनों में सफर के लिए न्यूनतम 30 रुपये बतौर किराया भुगतान करना होता था, लेकिन 1 जुलाई से अब यात्रियों को महज 10 रुपये के न्यूनतम किराए का भुगतान करना होगा। कोरोना से पहले चलने वाली लोकल गाड़ियों का न्यूनतम किराया महज 10 रुपये था, लेकिन कोरोना के दौरान लोकल गाड़ियों का परिचालन बंद कर दिया गया था।

## जेईई एडवांस्ड: आदित्य बंसल ने देश में पाई दूसरी रैंक


**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कहते हैं कि जीवन में व्यक्ति को वही करना चाहिए जिसमें उसकी रुचि हो। ऐसा ही कुछ जेईई एडवांस्ड 2024 के परिणाम में देश में दूसरी रैंक लाने वाले 17 वर्षीय आदित्य ने किया है। आदित्य की मां ममता की इच्छा थी कि उनका बेटा बड़ा होकर डॉक्टर बने लेकिन आदित्य ने अपने करियर का चयन पहले ही कर लिया था कि उन्हें बड़े होकर आईआईटीयन बनाना है। साथ ही देश का नाम विदेशों में ऊंचा करना है। पीतमपुरा के जेपी ब्लाक में आदित्य अपने माता-पिता और बड़ी बहन के साथ रहते हैं। पिता पवन कुमार बंसल पेशे से वकील हैं जबकि मां ममता गृहणी हैं। बहन लावण्या आईआईटी दिल्ली में तीसरे वर्ष की छात्रा हैं। आदित्य की पढ़ाई शुरू से ही पीतमपुरा के डीएल डीएवी स्कूल से हुई है, जबकि पंजाबी बाग स्थित फिटजी से उन्होंने कोचिंग ली है।



**जेईई मेन 2024 में 185 आई थी आदित्य की ऑल इंडिया रैंक:** जेईई मेन 2024 में आदित्य की ऑल इंडिया रैंक 185 आई थी। आदित्य ओलंपियाड परीक्षा देने के लिए फिलहाल मलेशिया गए हैं। उनका कहना है कि जो मैंने मेहनत की है उसका मुझे फल मिला है, आज बहुत अच्छा लग रहा है।

**दिन में आठ से दस घंटे पढ़ाई करते थे आदित्य:** पढ़ाई में सफलता का श्रेय मैं अपने माता-पिता, शिक्षकों के साथ बड़ी बहन को दूंगा। शिक्षा का मूलमंत्र बताते हुए उन्होंने कहा कि मैंने पढ़ाई कभी घंटों के हिसाब से नहीं की है जब मन हुआ तभी पढ़ने के लिए बैठ जाता था। हालांकि मैं दिन में आठ से दस घंटे तक पढ़ाई कर लेता था। पंजाबी बाग फिटजी के हेड पार्था हलदर का कहना है कि फिजी के शिक्षकों ने मेहनत से पढ़ाया है जिसका परिणाम है आज आदित्य ने देशभर में दूसरी रैंक हासिल की है। आदित्य ने ऐसे चुना अपना करियर आदित्य बताते हैं कि बचपन से ही मुझे विज्ञान और गणित में काफी रुचि रही है। फिर जब मैं बड़ा हुआ तो कंप्यूटर और विज्ञान पढ़ना अधिक पसंद आता गया।



# साढ़े सात हजार गरीबों को सौ-सौ गज के प्लाट देगी सरकार

## मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत सरकार आज 7500 से अधिक लाभार्थियों को देगी 100- 100 गज के प्लाटों का कब्जा प्रमाण पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

हरियाणा में गरीब लोगों के सिर पर छत मुहैया करवाने के उद्देश्य शुरू की गई मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत सरकार 10 जून को 7500 से अधिक बीपीएल लाभार्थियों को 100- 100 गज के प्लाटों का कब्जा प्रमाण पत्र प्रदान करेगी। कब्जा देकर इन प्लाटों की रजिस्ट्री भी मौके पर ही करवाई जाएगी। यह घोषणा मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह ने यहां आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए की। उन्होंने बताया कि 10 जून को सोनीपत में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा, जहां ऐसे लोगों को प्लॉटों का कब्जा प्रमाण पत्र दिया जाएगा। साथ ही, प्रदेशभर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जहां मंत्रीगण और विधायकगण पात्र लोगों को प्लॉट का कब्जा प्रमाण पत्र देंगे। नायब सिंह ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत गरीब लोगों को भूखंड आवंटित करने की बात कही थी, लेकिन उन्हें उनके हालातों पर छोड़ दिया और न ही लोगों को कोई कागज दिए। पिछले 15 वर्षों में उन्हें भूखंडों का कब्जा ही नहीं दिया गया। ये लोग लगातार प्लॉट के कब्जे के लिए चक्कर काट रहे थे। ऐसे लोगों को राहत पहुंचाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्ष 2024-25 के बजट अभिभाषण में घोषणा की थी कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत ऐसे लगभग 20,000 से अधिक लाभार्थियों को भूखंडों का कब्जा दिया जाएगा। इसके अलावा, शेष 12500 लाभार्थियों को सरकार मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत परिवार को भूखंड खरीदने के लिए 1 - 1 लाख रुपये तक की राशि देगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार सर्वे के माध्यम से नए पात्र लोगों को चिन्हित कर रही है। ऐसे लाभार्थियों के लिए भी सरकार जल्द ही एक पोर्टल खोलेगी, जिस पर ये लोग मकान के लिए आवेदन कर सकेंगे।



**महात्मा गांधी की विरासत का ढिंढोरा पीटने वाली कांग्रेस सरकार ने योजना बनाकर गरीब लोगों को अधर में छोड़ा:** मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने महात्मा गांधी जी के नाम पर योजना तो चलाई लेकिन उसे अमलीजामा नहीं पहनाया। महात्मा गांधी की विरासत का ढिंढोरा पीटने वाली कांग्रेस सरकार ने योजना बनाकर गरीब लोगों को अधर में छोड़ दिया। जबकि नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में महात्मा गांधी, ज्योतिबा फुले और डॉ भीमराव अंबेडकर की सोच के साथ हमारी डबल इंजन की सरकार गरीब लोगों के जीवन को सरल व सुगम बनाने के लिए काम कर रही है।

**योजना**

**▶▶ महात्मा गांधी की विरासत का ढिंढोरा पीटने वाली कांग्रेस सरकार ने योजना बनाकर गरीब लोगों को अधर में छोड़ा**

**10 वर्षों में पीएम आवास योजना में बने 14,939 मकान:** नायब सिंह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान हरियाणा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 14,939 मकान बनाकर गरीब लोगों को दिए गए हैं। योजना के तहत लगभग 552 करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई है। इसके अलावा, 15,356 मकान निमार्णाधीन है। इन मकानों की चाबियां भी जल्द ही लाभार्थियों को दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत भी हरियाणा में 29,440 मकान स्वीकृत किए गए थे। इनमें से 26,318 मकान बनाए गए हैं। इस योजना के तहत प्रति लाभार्थी 1 लाख 38 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है। इस प्रकार कुल 376 करोड़ रुपए की सहायता दी गई है।

उन्होंने बताया कि मकानों की मरम्मत के लिए भी हमारी सरकार डॉ भीमराव अंबेडकर नवीनीकरण योजना चला रही है, जिसके तहत 2138 लाभार्थियों को वित्तीय सहायता भी सीधे उनके खातों में पहुंचाई जा रही है।

# आम आदमी पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: आम** आदमी पार्टी सोमवार को चंडीगढ में प्रदेश कार्यकारिणी के साथ लोकसभा चुनावों को लेकर समीक्षा बैठक करेगी। जिसमें प्रदेश स्तर के नेताओं और कार्यकताओं समेत सभी लोकसभा और जिला अध्यक्ष के साथ सर्कल प्रभारी भी पहुंचेंगे। बैठक की अध्यक्षता आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) डॉ संदीप पाठक करेंगे। इस बैठक में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता और वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा भी मौजूद रहेंगे। डॉ. सुशील गुप्ता ने बताया कि इस बैठक में लोकसभा चुनावों के नतीजे को लेकर समीक्षा की जाएगी और विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में सभी कार्यकताओं से बात कर प्रतिक्रिया ली जाएगी कि लोकसभा चुनाव में कहां कमी रही। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने को जनादेश दिया उससे बीजेपी का घमंड टूटा है। देश की जनता ने बीजेपी को पूरी तरह से नकार दिया है।



उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी हरियाणा में तीसरी सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरी है। आने वाले दिनों में आम आदमी पार्टी हरियाणा में बड़ा परिवर्तन लाने जा रही है। आम आदमी पार्टी किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं की लड़ाई लड़ती रहेगी। आम आदमी पार्टी विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### शराब ठेका सेल्समैन की पीट-पीट कर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
जींद: गांव जैजैवंती में शनिवार रात को सेल्समैन द्वारा शराब न दिए जाने पर बाइक सवार दो युवकों ने बिंडो से पीट-पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ हत्या, अपहरण समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने रविवार को मृतक के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। गांव जैजैवंती निवासी 42 वर्षीय आनंद गांव में ही सड़क के साथ बने शराब के ठेके पर सेल्जमैन के पद पर कार्यरत था। रात को शराब ठेके में ही सोता था। बीती रात वह शराब ठेके के बाहर सोया हुआ था। देर रात को गांव का ही विजय तथा दीपांशु बाइक पर सवार हो कर पहुंचे और शराब की बोतल मांगी। जिस पर आनंद ने ठेका बंद होने की बात कह कर शराब देने से मना कर दिया। जिस पर दोनों युवको ने अपने पास बिंडों से आनंद की बेरहमी से पिटाई की। जिसके बाद आरोपितों ने उसे जबरन बाइक पर डाल लिया और उसके साथ मारपीट करते हुए गांव में खेड़ा के पास ले गए। आरोपित आनंद को घायल हालात में चौराहे पर डाल कर फरार हो गए। गंभीर हालात आनंद को सीएचसी जुलाना पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने आनंद को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के भाई अशोक ने पुलिस को बताया कि अस्पताल जाते समय उसके भाई ने विजय तथा दीपांशु द्वारा बिंडो से पिटाई करने तथा चौराहे पर डाल जाने के बारे में बताया था। रविवार को जानकारी देते हुए जुलाना थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि पुलिस ने मृतक के भाई अशोक की शिकायत पर विजय तथा दीपांशु के खिलाफ हत्या, अपहरण समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### माता-पिता अपने बच्चों का सोशल मीडिया यूज करते समय रखें विशेष ध्यान

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद:** सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग के सकारात्मक प्रभाव के साथ-साथ इसके नकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिलते हैं। आजकल साइबर अपराधियों द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का टास्क देने के लिये भी सोशल मीडिया का उपयोग करना शुरू कर दिया है। फरीदाबाद में ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जिसमें डबुआ थानाक्षेत्र में अरुण नाम के एक व्यक्ति को व्हाट्सएप पर साइबर अपराधियों द्वारा अपने झांसे में लेकर उसे छोटे-छोटे टास्क पूरे करने के लिए कहा। बाद में उसे आत्महत्या के लिए उकसाना शुरू कर दिया। जिसका परिणाम यह हुआ कि अरुण ने साइबर अपराधियों के बहकावे में आकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। कोई अन्य व्यक्ति इस प्रकार की आपराधिक वारदात व अन्य साइबर अपराधों का शिकार ना हो इसके लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है, जिसमें पुलिस द्वारा आमजन को इस प्रकार के अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई है। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि अकेलापन इस प्रकार की मानसिक स्थिति के लिए ज्यादा जिम्मेवार होता है, जिसमें व्यक्ति बिल्कुल अकेला महसूस करता है। जिसे अपनी भावनाएं जाहिर करने के लिए किसी व्यक्ति की तलाश होती है। जिसे वह सोशल मीडिया पर तलाश करता है। सोशल मीडिया पर जब उसे कोई व्यक्ति अपनी बात सुनने के लिए मिल जाता है तो वह उसी के साथ अपने मन की सारी बातें साझा करता है। सोशल मीडिया पर कुछ शातिर अपराधी भी होते हैं जो भोले भाले लोगों को अपनी बातों में उलझाकर आर्थिक नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते है या किसी प्रकार के जगन्य अपराध को अंजाम देने की फिराक में रहते है।

### क्रेडिट कार्ड पर कैशबैक मिलने का लालच देकर महिला से लाखों रुपये ठगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद:** क्रेडिट कार्ड पर कैशबैक मिलने का लालच देकर साइबर ठगों ने गांव दरियापुर की एक महिला से लाखों रुपये हड़प लिए। इस बारे में रविवार को पीड़ित महिला ने पुलिस को सूचना दी। साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव दरियापुर निवासी रजनी रानी ने कहा है कि उसके पास तीन क्रेडिट कार्ड है। 24 अप्रैल को उसके मोबाइल पर एक व्हाटसअप कॉल आई।

# फतेहाबाद में नकली फेवीक्विक बेचते दुकानदार काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद:** शहर की पुरानी सब्जी मण्डी में फेवीक्विक बेचते एक दुकानदार को पुलिस ने रविवार को काबू करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने हर्ष इंटरप्राइजेज पर छापेमारी कर मौके से भारी मात्रा में नकली फेवीक्विक बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने दुकानदार को गिरफ्तार कर रविवार को उसके खिलाफ धोखाधड़ी व कॉपीराइट एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पकड़े गये आरोपी की पहचान धर्मवीर पुत्र ईश्वर दास निवासी जगजीवनपुरा फतेहाबाद के रूप में हुई है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में लोधी रोड दिल्ली निवासी राहुल चंदलिया ने कहा है कि वह सेमिता लीगत कम्पनी, यूपी में सीनियर मैनेजर के पद पर कार्यरत है। उसे व उसकी कम्पनी को पिडिलाइट इण्डस्ट्रीज, मुम्बई द्वारा उसके नकली उत्पाद बनाने व बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए अधिकृत किया गया है। राहुल ने कहा कि जब वह अपनी सदस्य टीम अभिषेक के साथ फतेहाबाद शहर का सर्वे कर रहा था तो उसने पाया कि पुरानी सब्जी मण्डी स्थित हर्ष इंटरप्राइजेज का मालिक धर्मवीर पिडिलाइट कम्पनी के उत्पाद फेविक्विक का नकली उत्पाद उड़ल्ले से आम जनता को बेच रहा है।

# घमंडिया गठबंधन ने संविधान को अपमानित किया: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि लगभग 60 सालों में कांग्रेस सरकार ने गरीब का भला नहीं किया। केवल झूठ बोलने का काम किया और गरीबों पर अत्याचार किया, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस के युवराज और घमंडिया गठबंधन ने डॉ भीमराव अंबेडकर के पवित्र संविधान को अपमानित करने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने इस बार के चुनावों में झूठ बोलकर लोगों को भ्रमित किया कि अगर तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन जाते हैं तो वे संविधान को समाप्त कर देंगे, आरक्षण समाप्त कर देंगे। परंतु आज देश समझ रहा है। नायब सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार भारत के प्रधान सेवक के रूप में प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे और इसके लिए वे हरियाणा की ओर से उन्हें बधाई व शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी आज विश्व के लोकप्रिय नेताओं में से एक हैं, जो गरीब की, किसान की, महिलाओं को सशक्त करने और युवाओं को आगे बढ़ाने की चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत और तेज गति से आगे बढ़ेगा और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में हरियाणा मजबूती प्रदान करेगा।



**संविधान की मूल भावना के साथ कांग्रेस ने ही सबसे पहले खिलवाड़ किया:** नायब सिंह ने कहा कि जवाहर लाल नेहरू ने संविधान में धारा-370 को शामिल किया था। डॉ भीमराव अंबेडकर ने संसद में विरोध किया था कि यह धारा-370 संविधान में शामिल नहीं होनी चाहिए। संविधान की मूल भावना के साथ कांग्रेस ने ही सबसे पहले खिलवाड़ किया था।

कांग्रेस ने विभिन्न मंचों पर संविधान को अपमानित किया है, इसके लिए उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-घमंडिया गठबंधन के पास बोलने के लिए कुछ नहीं है, ये केवल झूठ बोलने का काम करते हैं। ये लोग बेशक सीटें जीतकर आ गए, लेकिन देश इन्हें कभी माफ नहीं करेगा।

# जीत के बाद पहली बार कैथल पहुंचने पर सांसद जयप्रकाश का स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल:** हिसार लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीतने के बाद नवनिर्वाचित सांसद जयप्रकाश रविवार की सुबह कैथल के अपने निवास पर पहुंचने पर लोगों ने स्वागत किया और जीत की खुशी में उनके समर्थकों में लड्डू बांटे। उन्हें जीत की बधाई देने के लिए कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता स्वामी आदित्यवेश भी कैथल पहुंचे। इस मौके पर नवनिर्वाचित सांसद जयप्रकाश ने अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि किसान आंदोलन में मारे गए लोगों का हिसाब लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस मुद्दे पर माफी तो मांग ली है, लेकिन उनसे यह भी जरूर पूछा जाएगा कि किसकी गलती से इतने लोगों की जान गई। पुलवामा कांड का मुद्दा भी वे उठाएंगे। जवान और किसान के अधिकार की बात वे संसद में रखेंगे। वे यह जानना चाहेंगे कि इसके दोषी कौन हैं। आखिर अब तक कितनो को सजा मिली। जिनके कारण यह इतना बड़ा घटनाक्रम हुआ। इस घटना के बाद पंजाब में सत्ता परिवर्तन हो चुका है। जयप्रकाश ने कहा कि लोकसभा चुनाव में नैतिक जीत तो इंडिया गठबंधन की ही हुई है। मोदी कहते थे कि अगर तीन सौ सीट से कम आईं तो राजनीति छोड़ दूंगा। अब भाजपा मेजोरिटी में भी नहीं हैं।

**भव्य स्वागत**

**▶▶ लोकसभा चुनाव में आईएनडीआई गठबंधन की हुई नैतिक जीत: जयप्रकाश, खुशी में बांटे लड्डू**

## चुनाव परिणाम ने अहंकार को हराया: स्वामी आदित्यवेश

**टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता स्वामी आदित्यवेश रविवार को सांसद बने जयप्रकाश को बधाई देने के लिए उनके कैथल स्थित आवास पर पहुंचे। इस मौके पर स्वामी आदित्यवेश ने कहा कि लोकसभा चुनाव परिणामों ने अहंकार को हराने का काम किया। ये जीत जनता की जीत है।

जनता ने दिखा दिया कि जात पात एवं धर्म की बातें नहीं बल्कि युवाओं को रोजगार, किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य आमजन को महंगाई से राहत चाहिए।

# सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति का बैकलॉग जल्द होगा पूरा: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश में स्थापित सभी अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग की सभी धर्मशालाओं के नवीनीकरण व सुधारीकरण के लिए 100 करोड रुपए की राशि जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने कार्यकाल में सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति के बैकलॉग को खत्म करने का काम किया है और अगर कहीं कमी रह गई है तो जल्द ही इसे पूरा किया जायेगा। मुख्यमंत्री आज यहां उनका अभिवादन करने आए अनुसूचित जाति समाज के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जैसे ही अनुसूचित जाति समाज के लोगों ने पगड़ी पहनकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया, जिंदाबाद के नारों से पूरा पंडाल गूंज उठा।

**मेरे दरवाजे सभी के लिए खुले, किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे:** नायब सिंह ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को अगर कोई दिक्कत या परेशानी है तो वह किसी भी समय संत कबीर कुटीर में आकर अपनी समस्या बता सकता है। उनकी समस्या के समाधान के लिए तुरंत प्रभाव से कार्य किया जाएगा।

**विकास पर जोर**

**▶▶ एससी-बीसी धर्मशालाओं के नवीनीकरण के लिए जारी होंगे 100 करोड़: नायब सिंह**

किसी के साथ कोई अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की सोच गरीब से गरीब व्यक्ति को मजबूत करना और उनके अधिकारों का संरक्षण करने की थी। इसी प्रकार महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपना पूरा जीवन गरीब व्यक्ति के उत्थान में लगा दिया। अगर यह दोनों महापुरुष ना होते तो गरीब को उसके अधिकार ही नहीं मिलते। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा कुरुक्षेत्र में गुरु रविदास जी का धाम विकसित किया जा रहा है जहां उनकी शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार होगा और आने वाली पीढ़ियों को इसका लाभ मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 सालों में हमारी सांस्कृतिक विरासत मजबूती के साथ आगे बढ़ी है और देश में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को भी मजबूती से आगे बढ़ाने का काम किया गया है।

# जनता की शिकायतों के समाधान के लिए सरकार की नई पहल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार ने जनता की शिकायतों के समाधान के लिए मुख्य सचिव कार्यालय में "समाधान प्रकोष्ठ" की स्थापना की है। इस "प्रकोष्ठ" की ओर से जनता की शिकायतों के समाधान के लिए प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 9 बजे से 11 बजे तक प्रत्येक जिला और उप-मंडल मुख्यालय में 'समाधान शिविर' का आयोजन किया जाएगा। प्रसाद ने रविवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आम तौर पर जनता की शिकायतों में दो चरण शामिल होते हैं, नीति निर्माण से संबंधित मुद्दे और क्रियान्वयन प्रक्रिया में अड़चनें। नीतिगत भाग से संबंधित मुद्दों को प्रशासनिक सचिवों के समन्वय से इस "समाधान प्रकोष्ठ" द्वारा राज्य मुख्यालय स्तर पर हल किया जाएगा, जबकि कार्यान्वयन की अड़चनों को जिला प्रशासन के माध्यम से "समाधान शिविरों" में दूर किया जाएगा। टीवीएसएन प्रसाद ने कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में आम जनता के समक्ष आने वाली नीतिगत समस्याओं के समाधान के लिए वे स्वयं प्रशासनिक सचिवों के साथ "समाधान प्रकोष्ठ" की बैठकें करेंगे तथा योजना के क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए जिला प्रशासन के माध्यम से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि "समाधान शिविरों" में उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक/पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय), अतिरिक्त उपायुक्त, जिला नगर आयुक्त, उपमंडल अधिकारी (नागरिक) (मुख्यालय) तथा एसडीओ (सिविल) और पुलिस उप अधीक्षक तथा जिले के उपमंडलों के अन्य अधिकारी प्रतिदिन उपायुक्त तथा एसडीओ (नागरिक) कार्यालय में एक साथ बैठेंगे।



# सरकार ने प्रॉपर्टी आईडी व पोर्टल-पोर्टल का खेला खेलकर जनता को बर्बाद करने का काम किया: बजरंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/काजल रानी**

कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व हरियाणा कांन्फैड पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा के मंत्री डॉ बनवारी लाल का यह कहना है कि सरकार प्रॉपर्टी आईडी व फैमिली आईडी को ऑफलाइन कर सकती हैं। बजरंग गर्ग ने कहा कि प्रॉपर्टी आईडी के नाम पर करोड़ों रुपए का घोटाला हुआ है। सरकार के मंत्री के रिश्तेदार की जयपुर की अय्याशी कंपनी को प्रॉपर्टी आईडी का टेंडर पहले 18 करोड़ 11 लाख रुपए का दिया गया जबकि प्रॉपर्टी आईडी की सर्व लगभग 95 प्रतिशत से ज्यादा गलत दिखाई गई। जिसका मकान एक मंजिला था उसे तीन मंजिला दिखा दिया, 100 गज का मकान था उसा साइज बड़ा करके दिखा दिया। जनता लगभग दो सालों से अपनी प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने के लिए नगर निगम में पैसे दे देकर प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवा के लिए धक्के हैं जबकि प्रॉपर्टी आईडी बनाने वाली कंपनी को सर्वे के नाम पर 58 करोड़ों रुपए का भुगतान सरकार ने कर दिया। हिसार व सोनीपत आदि नगर निगम ने प्रॉपर्टी आईडी की सर्वे गलत होने पर ठेकेदार को भुगतान नहीं करने के लिए प्रस्ताव पारित किया था मगर सरकार ने किसी की ना सुनते हुए अपनी चहेती कंपनी को करोड़ों रुपए का भुगतान करके बहुत बड़ा घोटाला किया। सरकार को प्रॉपर्टी आईडी कि गलत सर्वे करने वाली कंपनी पर एफआईआर दर्ज करके पैसे की ब्याज सहित वसूली करनी चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार जो प्रॉपर्टी आईडी व पोर्टल-पोर्टल जनता के साथ खेल रही है।



# सावधान, व्हाट्सएप के जरिए चल रहा: पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी

## पुलिस में समय-समय साइबर जागरूकता अभियान आमजन को कर रही जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद:** पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने कहा कि साइबर ठगों ने अब सोशल मीडिया के जरिये ठगी शुरू कर दी है। ठग खुद के नंबर पर दूसरे की व्हाट्सएप डीपी लगाकर संबंधित के परिचितों से पैसे मांग रहे हैं। सिर्फ डीपी देखकर कई बार परिचित इन ठगों के झांसे में आ रहे हैं और राशि ट्रांसफर भी कर देते हैं, इसलिए लोगों का सतर्क रहने की जरूरत है। वे रविवार को स्थानीय पुलिस की ओर से चलाए गए विशेष जागरुकता अभियान में बोल रहे थे। एसपी ने बताया कि साइबर अपराधी इंटरनेट की दुनिया में सक्रिय रहते हैं। वे लगातार नए मौकों की तलाश में रहते हैं। व्हाट्सएप के जरिए कई बार व्हाट्सएप पर आपके परिचित की तस्वीर लगा कर, साइबर अपराधी आपको मैसेज भेजते हैं और यह बताते हैं कि वह किसी जरूरी मीटिंग में है और कुछ पैसे की जरूरत है,क्योंकि वह मीटिंग में बात नहीं कर पायेगा, इसलिए उनके अकाउंट में ही पैसे भेजे। इस दौरान वे यह भी बताते हैं कि यह नंबर भी उन्हीं का है। चूंकि प्रोफाइल फोटो में आपके परिचित की तस्वीर रहती है तो आप आनन-फानन में पैसे डाल देते हैं। ऐसे में आपके किसी परिचित का प्रोफाइल फोटो लगाकर अगर आपसे कोई पैसों की डिमांड करता है तो आप तुरन्त सतर्क हो जाइए क्योंकि कोई भी व्यक्ति संकट के समय मैसेज भेज कर मदद नहीं मागेगा। अगर आपका व्हाट्सएप अकाउंट हैक हुआ है तो आपको तुरंत ही अपना व्हाट्सएप रिसेट करना है। इसके बाद आपको व्हाट्सएप में दोबारा पहले जैसे ही लागिन करना पड़ेगा। इसके बाद आपके अकाउंट पर ओटीपी आएगा और अपराधी द्वारा हैक किया हुआ अकाउंट लॉग आउट हो जाएगा। वह आपको जल्द से जल्द करना है सबसे पहले आपको यह ध्यान रखना है कि व्हाट्सएप बिना आपकी अनुमति कोई भी ओटीपी नहीं भेजता है। अगर ऐसा कोई भी ओटीपी आता है तो आपको सतर्क हो जाना चाहिए। व्हाट्सएप पर जालसाज आपके करीबी बनकर ही आपसे लूट कर सकते है। अगर आपसे कोई भी करीबी बनकर मदद मांग रहा है तो सबसे पहले उसे कॉल कीजिए और किसी ओटीपी को जानकारी नहीं दीजिए। इसके अलावा आपको सेफ्टी को बढ़ाने के लिए ब्हाट्सएप मे टू फैक्टर ऑथोंटिकेशन विकल्प भी ऑन करना चाहिए। ऐसे मे क्या होगा कि हैकर्स या किसी को भी आपके व्हाट्सएप को दूसरे डिवाइस में चलाने से पहले ओटीपी के अलावा एक और कोड की आवश्यकता पड़ेगी।



# अग्नि परीक्षा: मोदी का तीसरा कार्यकाल

प्रेम शर्मा

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ले चुके है। लेकिन उनका तीसरा कार्यकाल सहयोगी पार्टियों को साधने, मजबूत विपक्ष के प्रति जबाबदेही के साथ चुनौतियों से परिपूर्ण होगा। चुनाव से पूर्व पूर्ण बहुमत की प्रत्याशा में तीसरे कार्यकाल के लिए बनाई गई योजनाओं में मोदी सरकार को भारी फेरबदल करना पड़ेगा। दल बदलू नेताओं के सहयोग से बनी इस तीसरे कार्यकाल की सरकार को चलाने में प्रधानमंत्री मोदी को अग्नि परीक्षा देनी होगी। कई महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू करने के लिए उन्हे काफी विरोध का सामना करना पड़ेगा। नरेंद्र मोदी तीसरा कार्यकाल आरंभ हो चुका है। फिर भी यह सवाल बना हुआ है कि पीएम मोदी का तीसरा टर्म उनके पिछले दोनों कार्यकालों से किन अर्थों में और कितना अलग होगा। चाहे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में डेढ़ दशक तक सरकार चलाने का अनुभव हो या केंद्र में प्रधानमंत्री के रूप में एक दशक का, हमेशा सुविधाजनक बहुमत उनके साथ रहा है। उनकी छवि भी बड़े और कड़े फैसले लेने वाले मजबूत नेता की रही है। इस बार उनकी अपनी पार्टी भाजपा बहुमत के लिए जरूरी आंकड़े से दो-चार नहीं पूरे 32 सीटें दूर खड़ी है। ऐसे में तय है कि उनकी सरकार को समर्थन दे रहे जदयू और टीडीपी जैसे दल इसकी कीमत वसूलेंगे।अहम सवाल यह है कि क्या ये दल पदों और विभागों से ही संतुष्ट है या वे सरकार की नीतियों और फैसलों को भी खास दिशा देने की कोशिश करेंगे ? संभावना यही है कि इन दोनों ही मोर्चों पर ये दल अपना दखल बनाए रखना चाहेंगे। ऐसे में यह सवाल बड़ा हो जाता है कि मोदी सरकार 3.0 के दौरान क्या सरकार के कामकाज उसी तरह से चल पाएंगे, जैसे पिछले दो कार्यकालों में चले थे। चूंकि आर्थिक सुधारों पर देश में एक तरह की राजनीतिक सर्वसम्मति रही है, इसलिए यह उम्मीद जरूर की जा सकती है कि सुधारों का अजेंडा ज्यादा प्रभावित नहीं होगा, लेकिन इसकी रफ्तार कम न पड़े, इसके लिए विशेष प्रयासों की जरूरत पड़ सकती है। चुनाव नतीजों में सीटों के पैटर्न पर नजर डालें तो पता चलता है कि 2019 के मुकाबले 2024 में

“उत्तराखंड में धामी सरकार पहले ही यूसीसी लागू कर सके हैं। भारत पिछले 10 सालों में आर्थिक रूप से काफी सशक्त हुआ है। फिलहाल भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की लिस्ट में अभी 5वें नंबर पर है। पीएम मोदी समेत बीजेपी के तमाम नेता दावा कर चुके हैं कि अगले 5 साल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। आईएमएफ के अनुमान के मुताबिक 2027 तक भारत टॉप तीन में पहुंच सकता है।मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में देशभर में जनगणना हो सकती है। वैसे तो जनगणना हर 10 साल में होती है, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से 2021 में होने वाली जनगणना अभी तक नहीं हो पाई। ऐसे में सरकार इस कार्यकाल में देशव्यापी जनगणना करा सकती है। वहीं नीतीश कुमार की जेडीयू जाति आधारित जनगणना की मांग भी कर सकती है”



एनडीए को मिली ग्रामीण सीटों में कमी आई है। इसे इस दौरान रेवेन्यू एक्सपेंडिचर में आई गिरावट से जोड़कर देखा जा रहा है। जाहिर है, मोदी सरकार 3.0 इसे दुरुस्त करना चाहेगी। लेकिन पहले उसे बिहार को विशेष दर्जा और आंध्र प्रदेश को विशेष मदद जैसी मांगों से निपटना पड़ेगा। ऐसे में पीएम मोदी के लिए आने वाला दौर चुनौतीपूर्ण साबित होने वाला है। नतीजों से यह भी तय है कि देश की राजनीति ने एक करवट ले ली है। पीएम मोदी ने चुनावों के दौरान कहा था लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद देश में एक बड़ा राजनीतिक भूचाल आने वाला है। इसके अलावा उन्होंने चुनावों से पहले ही नई सरकार के 100 दिनों का ऐक्शन प्लान तैयार करने की बात कही थी। लेकिन अब उसे सहयोगी दलों का सहारा लेना पड़ेगा। सदन से सड़क तक उसे विपक्ष का जबाब देने के साथ बेरोजगारी और महंगाई पर काबू करने के लिए जबाबदेही तय करनी पड़ेगी।

इतना तय है कि मोदी सरकार 3.0 पहले जितनी मजबूत नहीं होगी। पिछले दो कार्यकाल में बीजेपी को सदन में प्रचंड बहुमत हासिल था। इसी का नतीजा है कि बीजेपी ऐसे फैसले ले पाई, जो आसान नहीं थे। फिर चाहे वो आर्टिकल 370 हटाना हो या तीन तलाक कानून बनाना। बीजेपी की लिस्ट में अभी भी कई बड़े फैसले बचे हैं। लेकिन अब इन्हें सदन में पारित करना थोड़ा मुश्किल लगता है। बीजेपी के बकेट लिस्ट में अब सबसे जरूरी मुद्दा है यूसीसी यानी यूनिफॉर्म सिविल कोड। लेकिन अब इसे लागू करना आसान नहीं होगा। विपक्ष तो इसका विरोध करेगा ही लेकिन पहले एनडीए के सहयोगियों को इसके लिए मनाना पड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार देश में समान नागरिकता संहिता लागू कर सकती है। यूसीसी हमेशा से बीजेपी के प्रमुख मुद्दों में शामिल रहा है। चुनावों से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश में समान नागरिक संहिता लागू करना पीएम मोदी की गारंटी है। मोदी भी कई बार यूसीसी लागू करने की बात कह चुके हैं। उत्तराखंड में धामी सरकार पहले ही यूसीसी लागू कर सके हैं। भारत पिछले 10 सालों में आर्थिक रूप से काफी सशक्त हुआ है। फिलहाल भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की लिस्ट में अभी 5वें नंबर पर है। पीएम मोदी समेत बीजेपी के तमाम नेता दावा कर चुके हैं कि अगले 5 साल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। आईएमएफ के अनुमान के मुताबिक 2027 तक भारत टॉप तीन में पहुंच सकता है।मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में देशभर में जनगणना हो सकती है। वैसे तो जनगणना हर 10 साल में होती है, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से 2021 में होने वाली जनगणना अभी तक नहीं हो पाई। ऐसे में सरकार इस कार्यकाल में देशव्यापी जनगणना करा सकती है। वहीं नीतीश कुमार की जेडीयू जाति आधारित जनगणना की मांग भी कर सकती है।मोदी सरकार 3.0 एक देश एक चुनाव की नीति लागू कर सकती है। हालांकि ये नीति लागू करना सरकार के लिए आसान नहीं होगा। विपक्ष इसका खुलकर विरोध कर सकता है।

इस बार विपक्ष पहले से मजबूत है। इंडी गठबंधन ने 232 सीटें हासिल की है। चुनावों के नतीजों के बाद से ही विपक्ष आक्रामक दिखाई दे रहा है। अब उम्मीद है कि सदन में मुद्दों पर अच्छी बहस देखने को मिलेगी, जिसका सरकार पर भी असर पड़ेगा। आशय यह कि विपक्ष आक्रामक, ऊर्जा से लबरेज, सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाने का संदेश दे रहा है। राहुल गांधी भी कह रहे हैं कि अब उनके दल के पास ताकत आ गई है। प्रधानमंत्री को तीसरे कार्यकाल में इस चुनौती से निबटना होगा। प्रधानमंत्री को किसान कल्याण और कृषि, ग्रामीण विकास, रोजगार पर विशेष ध्यान देना होगा। उ.प्र., महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, बिहार में राजनीतिक-सामाजिक समीकरण की भी चुनौती बढ़ी है। कुछ ही महीने बाद दिल्ली, महाराष्ट्र, झारखंड समेत राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं। प्रधानमंत्री को इसे भी साधना है। भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती योजना को प्रधानमंत्री ने परिवर्तनकारी बताया था, लेकिन इसको लेकर भारी विरोध हो रहा है। सहयोगी दल भी इसकी समीक्षा का दबाव बना रहे हैं। पुरानी पेंशन सहित कई मामलों में प्रधानमंत्री को न चहाते हुए भी कठोर निर्णय लेने पड़ सकते हैं। इस्राइल-फलस्तीन की धरती पर युद्ध जैसे हालात हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध अभी जारी है। अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था, व्यापार चुनौती के दौर से गुजर रहा है। ऐसे में मंहगाई का लगातार दबाव बना हुआ है। अमेरिका, चीन से संबध, यूरोप, यूरेशिया, मध्य एशिया का संतुलन भी बड़ी चुनौती है। ऐसे में भारत की अर्थ व्यवस्था को नई ऊंचाई पर ले जाने के साथ-साथ तमाम अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों से जूझना पड़ सकता है। यही नही प्रधानमंत्री मोदी को इस बार विपक्ष के साथ साथ सहयोगी संगठनों की बॉतों को भी महत्व देना पड़ेगा जो कि शायद उनकी फितरत के विपरीत होगा ऐसे मे निश्चित तौर से मोदी का तीसरा कार्यकाल किसी अग्निपरीक्षा से कम नही होगा।

## संपादकीय

# जनादेश का सम्मान

**इस बार चुनाव के** दौरान संविधान से संबंधित मुद्दे चर्चा में रहे। चुनाव प्रचार के दौरान सत्ता पक्ष पर संविधान बदलने का आरोप लगाया गया लेकिन यह मुद्दा कौआ कान ले गया कहावत को चरितार्थ करने वाला था। जिस सरकार ने दस वर्षों तक संविधान बदलने का कोई प्रयास नहीं किया, उस पर संविधान बदलने का आरोप निराधार था। भारत में संविधान बदलना संभव भी नहीं है। इतना अवश्य है कि सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाया। यह संविधान का अस्थाई उपबंध था। इसको हटाना संविधान सम्मत था। इसके आलावा पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में उत्पीड़ित लोगों के लिए नागरिकता कानून में संशोधन किया। यह मानवीय निर्णय था। इससे बड़ी संख्या में हिंदू, सिख और जैन परिवारों को उत्पीड़न से मुक्ति मिली। सरकार ने संविधान दिवस मनाने का निर्णय किया था। यह संविधान और संविधान निमार्ताओं के प्रति सम्मान था। डॉ. आंबेडकर के जीवन से जुड़े पंच तीर्थों को भव्य रूप में प्रतिष्ठित किया गया। यह संविधान के शिल्पी के प्रति सम्मान था। संविधान में संशोधन हो सकते हैं। बयालीसवें संविधान संशोधन को तो लघु संविधान तक कहा गया। यह कांग्रेस सरकार के समय हुआ था लेकिन किसी सरकार पर यह आरोप लगाना हास्यास्पद है कि वह पांच वर्ष में संविधान बदल देगी। भारतीय संविधान इतना कमजोर भी नहीं है। भारत जैसे विशाल और विविधापूर्ण देश में नया संविधान बनाना आसान भी नहीं है। भारतीय संविधान सभा को भारत के संविधान बनाने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन लगे थे। 26 नवम्बर 1949 को संविधान राष्ट्र को समर्पित किया था। गणतंत्र भारत में 26 जनवरी 1950 से संविधान अमल में आया। वर्तमान सरकार ने संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव आंबेडकर के 125वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवम्बर 2015 को पहली बार संविधान दिवस में मनाया गया। उसके बाद से प्रत्येक वर्ष संविधान दिवस मनाया जा रहा है। इससे पहले इसे राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। संविधान के मूल ढांचे में बदलाव संभव भी नहीं है। 1973 में केशवानंद भारती मामले के तहत सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान की मूल संरचना या मूल ढांचा का सिद्धांत दिया जिसके तहत भारतीय संसद संविधान में उसी हद तक संशोधन कर सकती है जहां तक संविधान के मूल ढांचे पर कोई प्रभाव ना पड़े। संविधान की सर्वोच्चता, कानून का शासन, संसदीय प्रणाली, न्यायिक समीक्षा, राष्ट्र की एकता और अखंडता, संघीय स्वरूप, विधायिका कार्यपालिका तथा न्यायपालिका के बीच शक्ति का विभाजन, गणराज्य, लोकतंत्र, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव, न्यायपालिका की स्वतंत्रता आदि में बदलाव नहीं किया जा सकता। चुनाव में राजनीतिक पार्टियों की जय-पराजय स्वाभाविक है। सरकारें बनती हैं, बदलती हैं। लेकिन बड़ी बात यह कि भारत की संवैधानिक व्यवस्था मजबूत है। संविधान पर खतरा बताना, संविधान को बदलने की बात करना व्यर्थ है। यह सम्भव भी नहीं है। आम चुनाव ने एक बार फिर संवैधानिक व्यवस्था की मजबूती को प्रमाणित किया। एक बार फिर लोकतंत्र विजयी हुआ। बेहद प्रतिकूल मौसम में चुनाव हुए। कष्ट सहते हुए लोगों ने मतदान किया। चुनाव आयोग ने यह मान लिया कि उसे एक माह पहले चुनाव कराना चाहिए था। भीषण गर्मी में चुनाव प्रचार करने वालों, मतदाताओं, चुनाव कराने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मियों सभी को यातना झेलनी पड़ी। चुनाव की अवधि भी इतनी अधिक नहीं होनी चाहिए।

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव
---------

# पराजय पर विलाप, जनादेश का अपमान

तनवीर जाफरी

**जनादेश** 2024 तो जरूर आ चुका है परन्तु 'षड़यंत्रकारी एक्जिट पोल' की हवा निकलने के बाद आये आश्चर्यचकित करने वाले इस जनादेश ने खास तौर पर उन लोगों के मुंह का स्वाद बिगाड़ कर रख दिया है जो 'अबकी बार 400 पार' जैसे फर्जी नारों और गोदी मीडिया द्वारा प्रचारित झूठे एक्जिट पोल में दिखाई गयी मोदी के नेतृत्व में भाजपा की धमाकेदार वापसी की पूरी उम्मीद लगाये बैठे थे। सत्ता की दलाली करने वाले एक चैनल ने तो अपने एक्जिट पोल में एन डी ए को 400 पार करा भी दिया था। परन्तु भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में इस बार के परिणाम कुछ ऐसे आये हैं कि एन डी ए बहुमत के आंकड़ों को पार करने के बावजूद विलाप कर रहा है जबकि बहुमत के आंकड़ों से दूर रहने के बाद भी विपक्षी गठबंधन में जश्न का माहौल है। चुनाव परिणाम जो भी हों परन्तु परिपक्व राजनीति का तकाजा तो यही है कि भारतीय लोकतंत्र में जनमत चाहे जो भी हो जैसा भी हो उस का सम्मान किया जाना चाहिये व उसे विनम्रतापूर्ण स्वीकार किया जाना चाहिये। परन्तु इस बार के चुनाव परिणामों के बाद खासतौर पर कुछ विशेष सीटों पर मिली पराजय या उनके अप्रत्याशित नतीजों के बाद पराजित पक्ष के लोगों ने अपना गुस्सा मतदाताओं पर निकालना शुरू कर दिया है। कई पराजित लोग तो मतदाताओं के निर्णय की खुलकर आलोचना कर रहे हैं। इनमें सबसे अधिक व तीखी प्रतिक्रिया फैजाबाद संसदीय सीट को लेकर सुनाई दी। इसी लोकसभा सीट के अन्तर्गत अयोध्या विधानसभा क्षेत्र भी आता है जहां निर्मित राम मंन्दिर को लेकर भारतीय जनता पार्टी न केवल फैजाबाद,न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के मतदाताओं से यह आस लगाये बैठी थी कि इसी वर्ष 22 जनवरी को हुये राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद उसे ऐतिहासिक बहुमत हासिल होगा। इसी सीट से लल्लू सिंह जो कि बाल्यकाल से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हैं तथा पांच बार अयोध्या से विधायक और दो बार फैजाबाद लोकसभा सीट से ही लोकसभा का चुनाव भी जीत चुके हैं वह तीसरी बार भी बड़े ही आत्मविश्वास के साथ इसी लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में थे। परन्तु यहाँ के मतदाताओं ने एक अप्रत्याशित जनादेश देते हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी अर्थात इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को 54,567 मतों से जिता दिया। केवल अयोध्या ही नहीं बल्कि चित्रकूट,मेहंदीपुर बालाजी,सलासर धाम जैसी और भी अनेक धर्म नगरियां हैं जहाँ भाजपा 'धर्म ध्वजा ' के सहारे जीत हासिल करना चाहती थी परन्तु ऐसे सभी क्षेत्रों से भाजपा प्रत्याशियों को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है। हद तो यह है कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन्होंने स्वयं को 'अवतारी' होने का भ्रम पाल रखा था और 2019 के चुनाव में काशी से ही 4 लाख 71 हजार के अंतर से जीत हासिल की थी वे इस बार कांग्रेस के प्रत्याशी अजय राय को मात्र 152513 मतों से ही पराजित सके।

## विचार

# सरकारी विद्यालय और आत्मकथ्यांश

सुनील चौरसिया 'सावन'

"निजी विद्यालयों में शोषण बहुत है।" "कोई बात नहीं। अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में पढ़ाइए।" "क्या सरकारी विद्यालय के विद्यार्थी सफल होते हैं?" "मैं अपनी सफलता का श्रेय सरकारी विद्यालयों को ही देता हूं। मेरी प्रारंभिक पढ़ाई-लिखाई गांव के प्राथमिक पाठशाला अमवा बाजार में संपन्न हुई। मेरे घर के ठीक सामने जो प्राथमिक विद्यालय है उसमें तब भी पूरे मनोयोग से पढाई होती थी और अब भी। मेरे जीवन के मधुबन में स्वर-व्यंजन का स्वर यहीं से गूंजना शुरू हुआ। सुबह-सुबह मैं विद्यालय में सबसे पहले पहुंच जाता था और बोरा बिछाकर शांत वातावरण में पीपल के नीचे बैठकर पढ़ता था। यह वही पीपल का पेड़ है जो अपनी विशालता और पवित्रता के लिए पूजा जाता है, जिसे मेरे बाबा स्मृति शेष वंशराज चौरसिया जी ने लगाया था। इस प्राथमिक पाठशाला में घंटी के अनुसार पढ़ाई नहीं होती थी लेकिन पढ़ाई की घंटी जीवन के उपवन में आज भी गूंज रही है। मैंने अपनी किस्मत की कहानी कठिन परिश्रम से कलम-दवात से लकड़ी की चमकदार पटरी पर लिखी है। कक्षा छठवीं से आठवीं तक की पढ़ाई भी खेत और गांव में स्थित सरकारी विद्यालय (महात्मा गौतम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरकूटोला) में संपन्न हुई। प्रकृति गोद में स्थित इस विद्यालय में भी पढ़ाई लिखाई की सरिता अनवरत प्रवाहित होती थी और अब भी होती है। प्रतिकूल मौसम में दोपहर के पश्चात अक्सर विद्यालय में विद्यार्थी नाम मात्र के बचते थे। तब हम पूज्य गुरुजन के पास अकेले में बैठकर पढ़ते थे और वह हमें स्नेह भाव से पढ़ाते थे। बूंद - बूंद से घड़ा भरता है। एक-एक दिन के परिश्रम से सफलता मिलती है। यदि पढ़ने-लिखने में रुचि हो तो कोई भी विद्यार्थी किसी भी विद्यालय में कहीं भी रहकर पढ़ सकता है और जीवन में आगे बढ़ सकता है। संघर्ष के बल पर वह सफलता अर्जित कर सकता है। मैंने अपने साथियों के देखा-देखी में कक्षा नौवीं में पढ़ने हेतु एक निजी विद्यालय में नामांकन करा लिया और ट्यूशन भी करने लगा। अपने स्तर पर वहां भी पढ़ाई अच्छी ही होती थी लेकिन वहां के शिक्षकों से मेरा मन संतुष्ट नहीं रहता था। वहां मेरे जिज्ञासु प्रश्नों के उचित जवाब नहीं मिलते थे। चुंकि उस समय निजी विद्यालय सिर्फ विद्यालय हुआ करते थे; कॉपी, किताब, कपड़े और जूते की दुकान नहीं। वहां नकल के नाम पर सुविधा शुल्क की बात होती थी। मैंने सोचा, "जब हम कठिन परिश्रम करके पढ़ रहे हैं तो फिर नकल क्यों करें? नकल के नाम पर सुविधा शुल्क क्यों दें?" ऊंची दुकान फीकी पकवान मुझे बिल्कुल पसंद नहीं है। किसी तरह निजी विद्यालय में एक वर्ष पढ़कर मैंने कक्षा दसवीं में पुनः उसी सरकारी विद्यालय में नामांकन करवा लिया। कक्षा दसवीं में मैंने सरकारी विद्यालय में पढ़कर विद्यालय को टॉप किया। अभिभावक बड़ी उम्मीद से अपने बच्चों को विद्यालय में भेजते हैं। इसलिए शिक्षकों को पूरी ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा के साथ राष्ट्र हित में अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। कक्षा 11वीं और 12वीं की पढ़ाई जनता इंटर कॉलेज रामकोला में पूरी हुई। वहां के समस्त सम्माननीय शिक्षकगण ने जो शिक्षा एवं संस्कार का बीज मेरे जीवन के उपवन में बोया है उसके लिए मेरे मन में उनके प्रति विशेष सम्मान का भाव है और आजीवन रहेगा। आदरणीय घनश्याम तिवारी एवं राधे गोविन्द शाही जी से मैंने हिन्दी पढ़ी। वहां पर भी उस समय दोपहर के बाद गिने-चुने विद्यार्थी ही विद्यालय में बचते थे फिर भी पढ़ाई होती थी। मैं विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों के साथ भी हिन्दी पढ़ता था और अपने मानविकी वर्ग के कालांश में तो पढ़ता ही था। वहां पर भी कई बार मैं कक्षा में अकेला बचता था तो शिक्षकवृंद अकेले ही पढ़ाते थे लेकिन पढ़ाते अवश्य थे। पढ़ाई के दौरान मैंने हिंदी, अंग्रेजी और भोजपुरी में अनगिनत कविताएं भी रचीं। शिक्षकों ने हमेशा मेरा मनोबल बढ़ाया और जीवन में प्रगति करते रहने का आशीर्वाद दिया। सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई होती है क्योंकि सरकारी शिक्षक का बौद्धिक स्तर उच्च होता है। सफल शिक्षण हेतु शिक्षार्थियों एवं अभिभावकों के मन में शिक्षक एवं विद्यालय के प्रति सम्मान भाव होना चाहिए तथा शिक्षकों के मन में भी अपने विद्यार्थियों के प्रति स्नेह भाव अत्यावश्यक है। गुरु-शिष्य का संबंध पावन होता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# आईआईटी नहीं तो क्या?

विजय गर्ग

**इंजीनियर** के उपसर्ग से ग्रस्त देश में, माता-पिता के लिए अपने बच्चों का इंजीनियर बनने का सपना देखना लगभग अनिवार्य है। जूनियर कक्षाओं में आपको बच्चों से तरह-तरह के सपने सुनने को मिलेंगे। आप इच्छुक पायलटों, कला शिक्षकों, टैंगो नर्तकों और फोटोग्राफरों से मिलेंगे। लेकिन एक बार जब वे अपने जूनियर कॉलेज स्तर पर पहुंच जाते हैं, तो आप उन्हें आईआईटी संयुक्त प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए कुछ कोचिंग संस्थानों में भागते हुए देखकर आश्चर्यचकित हो जाएंगे। आखिर इतनी जल्दी क्या है? चूहा-दौड़ का हिस्सा बनने के बजाय अपने जुनून का पालन क्यों न करें? लेकिन फिर भी ऐसे छात्र हैं जो वास्तव में प्रमुख इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश लेने और वहां से स्नातक होने के लिए उत्सुक हैं। कई युवा इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने का सपना देखते हैं। आज पेश किए गए विशाल अवसर अद्वितीय हैं। उन्नत आईटी प्रशिक्षण एक छात्र को आईटी क्रांति में पथप्रदर्शक बनने के लिए तैयार करता है। आज भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान और कई भारतीय इंजीनियरिंग कॉलेजों के स्नातक गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और कई आईटी दिग्गजों में शीर्ष पदों पर हैं। समय-समय पर, हम दुनिया भर में कुछ वास्तुशिल्प चमत्कारों को देखते हैं। जरा बुर्ज खलीफा के वास्तुकारों से जुड़े गौरव की कल्पना करें! ऐसे कई छात्र हैं जो इस गौरव और प्रतिष्ठा को साझा करना चाहते हैं। आईआईटी छात्रों को इन सपनों को वास्तविकता में लाने की अनुमति देता है। संकाय और अनुभव की उच्च गुणवत्ता अद्वितीय है। युद्धग्रस्त भारत में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आईआईटी की स्थापना की गई थी। बाद के वर्षों में, उनकी संख्या के साथ-साथ छात्र क्षमता में भी वृद्धि हुई। उन्होंने दुनिया भर की कंपनियों का ध्यान आकर्षित करना शुरू कर दिया। जाहिर है, युवाओं ने खुद को इन संस्थानों की ओर आकर्षित पाया। लेकिन ये भी एक दुखद हकीकत है कि आईआईटी में सीटें सीमित हैं. इसलिए, जब कम भाग्यशाली बच्चे जेईई पास करने में असफल हो जाते हैं, तो वे उम्मीद खोना शुरू कर देते हैं जैसे कि उनकी दुनिया खत्म हो गई हो। आओ बच्चों!

# जूम-जूम का आभासी खेल खेलते रहते हैं...

डॉ. सुरेश कुमार

**पहले** केंचुआ हुआ करते थे, अब अजगर बने बैठे हैं। आजकल उनके आलीशान मकान का निर्माण हो रहा है। एकदम जेट स्पीड में। निर्माण कार्य में लगे मजदूर अपने घर-परिवार को कोरोना के चूल्हे पर चढ़ाए उबलते पानी की तरह बुड़बुड़ाते हुए यहाँ जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि साहब मजदूरों के परिवार की चिंता नहीं करते। करते हैं न! इसीलिए उनके साथ जूम-जूम का आभासी खेल खेलते रहते हैं। इस खेल में साहब होस्ट होते हैं। अपनों की आवाजें सुनते हैं और बाकियों के माइक गला दबा देते हैं। बहुत जरूरी होने पर ही सामने आते हैं। आभासी दुनिया में शारीरिक दूरी बनाए रखना बहुत जरूरी होता है। वैसे शारीरिक नजदीकी कल भी, आज भी और कल भी खतरनाक थी, है और रहेगी। साहब भूख, प्यास, पीड़ा सब कुछ सह सकते हैं, लेकिन चुनाव कतई नहीं। इनकी नसों में चुनावी खून फडफड़ाता रहता है। आसपास के इलाके में कहीं भी चुनाव हो और साहब न दिखायी दे तो समझ जाना कि उस चुनाव का कोई मतलब नहीं है। सबसे खास बात यह है कि साहब इलाके के हिसाब से अपना हुलिया बदलते रहते हैं। साहब के बारे में जितना कहा जाए समुंदर में बूँद के बराबर है। इसीलिए बातचीत को उनके आलीशान मकान तक सीमित करने में ही भलाई है। मकान के निर्माण में जात-पात, ऊँच-नीच, इंसान और इंसान के बीच अंतर कराने वाले सिमेंट का इस्तेमाल हुआ है। यह सिमेंट इतना दमदार है कि इसमें विद्रोह का एक बूँद जल लोगों को लड़ाने में दुगना साहस देता है। मकान की दीवारों में कराहते किसानों की आत्महत्या, भूख से बिलखते मजदूरों की आहों, पैसे-पैसे को मोहताज लोगों की दरिद्रता जितनी मजबूत ईंटों का इस्तेमाल हुआ है। इसकी छत गुलाम और चाटुकार मीडिया, खरीदे हुए जजों, रिश्वतखोर पुलिस, कुत्ते की तरह दुम हिलाने वाले जाँच अधिकारियों के बलबूते इतनी ऊँची उठ चुकी है कि यह दुनिया के किसी भी कोने से दिखायी देता है। अब आप सोच रहे होंगे कि साहब के आलीशान मकान के लिए फंडिंग कहाँ से हो रहा होगा? तरकारी की तरह सरकारी कपंनियों जैसे रेल, हवाई जहाज, इस्पात उद्योग को बेचकर असीमित धन की उगाही की है। इस मकान की खासियत यह है कि यहाँ बैठे-बैठे पूरे इलाके को कंट्रोल किया जा सकता है।

## न्यूज फ्लैश

## सं.वरि.मा. विद्यालय कुरुक्षेत्र के पाँच विद्यार्थियों ने सुनिश्चित किया आई आई टी में अपना स्थान





**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** आज जारी जे ई ई एडवांस्ड के परीक्षा परिणामों में स्थानीय सरकारी विद्यालय के पाँच छात्रों ने देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा के माध्यम से अपना स्थान सुनिश्चित किया क गौरतलब है कि राजकीय आदर्श सं.वरि.मा. विद्यालय कुरुक्षेत्र को राज्य सरकार द्वारा सी बी एस ई से सम्बद्ध किए जाने के बाद छात्रों का रुझान विद्यालय की ओर बढ़ा है क पिछले वर्ष भी इस विद्यालय के छात्रों ने आई आई टी और मेडिकल कोर्सों में अपना स्थान बनाया था कइस सत्र में सूरज, राघव, अंशदीप, शिवम् अरोड़ा और मान्या ने जे ई ई एडवांस्ड के परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया क विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सचिंदर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सत्र में भी छात्र संख्या 1400 से अधिक हो चुकी है जिस कारण विभाग द्वारा विद्यालय को दोहरी पारी में चलाए जाने का निर्णय लिया गया है क उन्होंने सभी छात्रों, अभिभावकों और अध्यापकों के साथ-साथ एस एम् सी के सदस्यों को बधाई दी तथा उन अभिभावकों का हार्दिक आभार जताया जिन्होंने निजी विद्यालयों के ऊपर राजकीय विद्यालय को तरजीह दी क

## खेल महाकुंभ तीरंदाजी जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में राहुल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**पानीपत, कमाल हुसैन** , एनवी तीरंदाजी अकादमी ने खेल महाकुंभ तीरंदाजी जिला स्तरीय खेलों की मेजबानी की, जिसमें विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों ने एक दिन की गहन प्रतिस्पर्धा के लिए भाग लिया। इस कार्यक्रम में असाधारण प्रदर्शन देखने को मिला, जिससे चयनित प्रतिभागियों के लिए राज्य स्तर पर आगे बढ़ने का मंच तैयार हुआ।



**कंपाउंड राउंड में परिणाम इस प्रकार रहे:**
**प्रथम स्थान:** हर्षित (एन वि आर्चरी अकादमी ) दूसरा स्थान: सितांशु ( बालविकास स्कूल) ने प्राप्त किया , तीसरा स्थान: यश दीवान ( एन वि आर्चरी अकादमी ) तथा चौथा : कार्तिक यादव (आर्य कॉलेज) ने हासिल किया चारो प्रतिभागियों ने आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है।
**रिकर्व राउंड के नतीजे भी उतने ही प्रभावशाली थे:**
**प्रथम स्थान:** राहुल गुप्ता ( एन वि आर्चरी अकादमी ) , दूसरा स्थान: मुकेश ( एन वि आर्चरी अकादमी ), तीसरा स्थान: विनोद ( एन वि आर्चरी अकादमी ), चौथा : दक्ष वर्मा ( जी एस एस एस स्कूल )
इन तीरंदाजों ने राज्य स्तर पर पानीपत जिले का प्रतिनिधित्व करने का गौरव हासिल किया है।
लडकियों के वर्ग में ये रहे परिणाम:
**कंपाउंड राउंड : प्रथम स्थान:** कोमल ( एन वि आर्चरी अकादमी ) हासिल किया
**रिकर्व राउंड: पहला स्थान:** विशु ( एन वि आर्चरी अकादमी ) ने प्राप्त किया
उनका उत्कृष्ट प्रदर्शन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उनकी उपस्थिति की गारंटी देता है। पानीपत जिला तीरंदाजी कोच नागेश्वर की उपस्थिति ने कार्यक्रम में एक प्रेरणादायक स्पर्श जोड़ा। उन्होंने स्थानीय तीरंदाजों की सराहना करते हुए राज्य स्तर पर मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद करते हुए उनकी क्षमताओं पर भरोसा जताया। साहिल गुलिया तिरंदजी कोच भी इस अवसर पर उपस्थित थे सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को उनके समर्पण और खेल कौशल के लिए बधाई। पानीपत को अपनी समृद्ध खेल संस्कृति पर गर्व है।

# जिला कुरुक्षेत्र बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की बैठक सर्किट हाउस कुरुक्षेत्र में हुई

### कमल खिलाने के लिए बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र: डॉ. ऋषिपाल मथाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** जिला कुरुक्षेत्र बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की बैठक सर्किट हाउस कुरुक्षेत्र में हुई , जिसकी अध्यक्षता बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की जिला संयोजिका डॉ चांद दत्ता जी ने की और प्रदेश के सह संयोजक डॉ ऋषिपाल मथाना जी का बैठक में मार्गदर्शन मिला। डॉ मथाना ने तीसरी बार नरेंद्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने पर एवं कुरुक्षेत्र लोकसभा से कमल खिलाने पर सभी कार्यकताओं को बधाई दी।। उन्होंने कहा कि बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा, श्रद्धा, एवं तन, मन, धन से कुरुक्षेत्र में फूल खिलने के लिए कार्य किया है एवं प्रतिदिन डोर टू डोर करके मतदाताओं का जागरण किया और कमल के बटन दबाने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके लिए



सभी कार्यकताओं का आभार भी प्रकट किया और भविष्य में हरियाणा प्रदेश में भी तीसरी बार भाजपा की सरकार को बनाने एवं जिला कुरुक्षेत्र की चारों विधानसभा में फिर से फूल खिलने के लिए बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ ने आगे कार्य करने की योजना बनाई ।।आज की बैठक में यह भी तय किया गया कि बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ राष्ट्रीय योग दिवस के निमित भी कुरुक्षेत्र में योग शिविर लगाएगी और प्रधानमंत्री जी की "मन की बात" के कार्यक्रमों का भी अच्छे से आयोजन करेगी।इस अवसर पर प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक बी एल अरोड़ा जी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य धीरज गोयल, श्रीमती डॉ रुक्मेश राणा, प्रो एम एल ढाका, प्रेमचंद, रामसनेही, सूरज प्रकाश भारद्वाज, नीरज गुप्ता एडवोकेट, विशाल एडवोकेट, अंग्रेज सिंह, विवेक शर्मा, जयप्रकाश, गुरचरण सिंह, नितिन गुलाटी, एस पी कौशिक, बलवंत सिंह, सुरेंद्र जैन, डॉक्टर मीत मोहन सिंह, श्यामलाल शर्मा, अनिल चौहान इत्यादि बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे।।

## 200 ग्राम चरस सहित नशा तस्कर गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
एंटी नारकोटिक सेल पुलिस टीम ने सनौली कला गांव में एक नशा तस्कर को 200 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सुनील निवासी सनौली कला के रूप में हुई। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम शनिवार को देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गांव कुराड में मौजूद थी। टीम को तभी गुप्त सूचना मिली कि गांव सनौली कला निवासी सुनील मादक पदार्थ लेकर बेचने के लिए सनौली कला गांव से नवादा आर गांव की तरफ जाएगा। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम गांव सनौली कला में फिरनी पर पहुंची तो सामने खड़ा एक युवक पुलिस टीम को आते देखकर वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान सुनील पुत्र बलेश्वर निवासी सनौली कला के रूप में बताई। पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार बापौली कैलाश चंद्र की मौजूदगी में युवक की तलाशी ली तो आरोपी की पहनी हुई पेंट की जेब से चरस बरामद हुई।

## लाखों के गहने व नकदी चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद:** चोरों ने गांव चिन्दड़ में शनिवार की देर रात एक सेवानिवृत पुलिस कर्मचारी के घर में घुसकर वहां से लाखों के गहने व नकदी चोरी कर ली। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और चोरों की तलाश शुरू कर दी है। रविवार को सदर थाना में पुलिस को दी शिकायत दी गई। शिकायत में गांव चिन्दड़ निवासी भरत लाल ने कहा कि वह पुलिस विभाग से सेवानिवृत है। शनिवार की रात को वह परिवार के साथ घर के आंगन में सोया हुआ था। रात को अज्ञात चोर घर के पीछे का जंगला उखाडकर उसके मकान में घुस गया और अलमारी में रखी सोने की 3 अंगूठियां, एक सोने की चैन, एक सोने का कड़ा, एक गुलीबंद, एक टोपस सहित कुल 11 तोले सोने के गहने और 32 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गया।

## गांव पावटी में दादा खेड़ा पर लगा विशाल भंडारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गांव पावटी में माता मन्दिर के सामने स्थित दादा खेड़े पर समस्त ग्रामवासियविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था। हवन यज्ञ में आहुति डालकर कर शुरूआत की। भंडारे में समस्त ग्रामवासियों सहित दूर दराज से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने हलवा, पूरी, सब्जी व खीर का प्रसाद ग्रहण किया। *दादा नगर खेड़े की महिमा, महिलाओं ने किया रात्रि कीर्तन*
वही पुरानी मान्यताओं के अनुसार बड़े बुजुर्गों ने बताया पावटी गांव की सन- 1614 में बसाया गया था। जिसमे गांव दादा खेड़ा समस्त गांव का सांझा स्थल है। प्रत्येक गाँव मे



आस्था का अटूट प्रतिबिंब दादा खेड़ा ही रहा है। आज ही नही वरन युगों युगों से मूर्ति पूजा न कर दादा खेड़ा स्थल बना किसी मूर्ति या तस्वीर के बिना ही बनाया गया है। हिन्दू मान्यताओ के अनुसार रविवार को पवित्र दिन माना गया है इसलिए रविवार को ही दादा खेड़े का दिन कहा गया है और इसी दिन दादा खेड़ा स्थल पर भीड़ उमड़ती है ओर रविवार को ज्योत जगाई जाती है।
इस मौके अनीश कौशिक,लक्ष्मी नारायण, तेजपाल गल्याण, जयपाल शास्त्री, जगबीर, अंतराम, बिन्दर गल्याण, धर्मेंद्र पावटी, सुखबीर , परवीन , जय भगवान जीवेश गल्याण, , अंकित वर्मा, संदीप, अमित, जीपी, अनुज, मोहित हवाई, दीपक वर्मा, नंदकिशोर पंडित ,आदि सहित अन्य गण मान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार कैंटर ने मारी होंडा सिटी कार में टक्कर

**गन्नौर ।** जीटी रोड पर गाड़ी कला गांव के पास शनिवार की देर रात को तेज रफ्तार कैंटन ने होंडा सिटी कर में टक्कर मार दी । तेज रफ्तार कैंटर की टक्कर इतनी तेज थी कि होंडा सिटी कार को चल रहा युवक व उसकी सास गंभीर रूप से घायल हो गए । घायल अवस्था में उपचार के लिए उन्हें गन्नौर के निजी अस्पताल में दाखिल कर जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें कानपुर मेडिकल रायपुर कर दिया। गन्नौर थाना क्षेत्र पुलिस को दी शिकायत में गांव दतौली निवासी सुरत सिंह ने बताया कि शनिवार की शाम को वह अपनी मां बेदो, अपने चचेरे भाई गोबिन्द और जीजा विकास पानीपत निवासी के साथ चारों होंडा सिटी कार में सवार होकर पानीपत से गन्नौर के लिए आ रहे थे । शिकायत में बताया कि कर को उसका जीजा विकास चल रहा था और वह उसके साथ साइड में बैठा हुआ था। मेरी मां पीछे वाली सीट पर बैठे हुए थे । रात को जब वह गाड़ी कला गांव के पास जीटी रोड पर बने फ्लाई ओवर से नीचे उतरे तो पीछे से तेज गति से आ रहे कंटेनर ने उनकी गाड़ी को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण गाड़ी पीछे से क्षतिग्रस्त होने के साथ मेरी मां बेदो व जीजा विकास घायल हो गए । घटना की सूचना डायल 112 पर दी । सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में दाखिल करवाया गया जहां उनका उपचार चल रहा है।

## युवा उभरता चेहरा सूर्य प्रताप सिंह राठौर ने रण में उतरने का किया एलान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** भारतीय युवा कांग्रेस के हरियाणा प्रदेश सचिव एवं गुहला व कैथल के प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह राठौर के सोशल मीडिया अकाउंट से जारी हुई विडीयो से मचा थानेसर की राजनीति में मचा हड़कंप। राठौड़ ने विडीयो में बताया की थानेसर की जनता की एक मात्र माँग अब नया युवा चहेरा है और



राठौड़ ने बताया कि विधानसभा चुनाव में थानेसर की माताएँ, बहने ,और युवा उनके साथ है और राठौर ने मीडिया को बताया कि वे थानेसर से अबकि बार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे ।राठौड़ ने कहा कि वह पिछले कई सालो से थानेसर की सेवा कर रहे है और थानेसरवसियों की आवाज बनकर मजबूती से खड़े हुए ।अब देखना यह है की थानेसर में किस तरह का चुनावी माहौल बनता है ।

## सर्विस रोड पर घोड़ा कंटेनर की गाड़ी में टक्कर, एक घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** गाड़ी कला गांव के पास सर्विस रोड पर तेज रफ्तार घोड़ा कंटेनर की गाड़ी में टक्कर होने से गाड़ी में सवार मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में मजदूरों को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया । पुलिस ने गाड़ी के चालक की शिकायत पर घोड़ा कंटेनर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गांव देवुडु निवासी अमित ने बताया कि मैं अपने भाई की अशोक लीलैंड गाड़ी मैं मजदूर को करनाल में जीरे लगवाने के लिए लेकर जा रहा था। गाड़ी में मजदूर मन्तू , कुंदन , दिलीप राम, विनोद राम बैठे हुए थे जब वह गाड़ी को लेकर गांव गढी कलां के पास पेट्रोल पंप के सामने सर्विस रोड़ पर पहुंचा तो पीछे से एक घोड़ा कंटेनर का चालक अपनी गाड़ी को बड़ी तेज रफ्तार, लापरवाही से चलाता हुआ आया और अपनी गाड़ी के सीधी टक्कर पीछे से मेरी गाड़ी को मारी।

## सीएम नायब के झूठे वायदों और दावों पर भरोसा ना करें युवा: अनुराग ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतक/चंडीगढ़: आम** आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने रविवार को सीएम नायब के तीन महीने में 50 हजार नौकरी देने के वादे पर बीजेपी को घेरा। उन्होंने कहा कि जो काम बीजेपी पिछले 5 साल में नहीं कर सकी। वो काम 3 महीनों में करने का वादा कर युवाओं को बरगलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले 50 हजार पद देना हरियाणा सरकार के बस की बात नहीं है। पिछले 5 साल में बीजेपी सरकार ने पेपर लीक और पेपर रद्द करने के रिकॉर्ड बनाने का काम किया है। प्रदेश के युवा दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के युवाओं और जनता ने बीजेपी को सिरे से नकार दिया है। सीएम नायब को हरियाणा में बीजेपी की हार साफ नजर आने लगी है। इसलिए सीएम नायब युवाओं को बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन प्रदेश का युवा जाग चुका है। इसलिए विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता और युवा बीजेपी को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हाइकोर्ट ने भी बीजेपी सरकार को झटका देते हुए पेपर रद्द करने का काम किया है। वहीं अब तक पूरे प्रदेश में 40 से ज्यादा नौकरी भर्ती परीक्षाएं लीक होकर रद्द हो चुकी हैं। बीजेपी सरकार ने हरियाणा को पेपर लीक का हब बना दिया है। वहीं मेडिकल एडमिशन परीक्षा में हुई धांधली ने बीजेपी की पोल खोल कर रख दी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के बहादुरगढ़ में नीट की परीक्षा में लापरवाही की बात भी सामने आई है। एक स्कूल में एक साथ ही दोनों सेट देने का मामला सामने आया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में ऐसी लापरवाही ने प्रदेश ही नहीं देश के युवाओं को भी धोखा मिला है।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद:** सरूरपुर की दुर्गा कॉलोनी में शनिवार की देर रात एक विवाहिता ने फांसी लगाने से मौत हो गई। मृतका के मायके वालों का आरोप है कि उसकी गला घोंटकर हत्या की गई है। रविवार को थाना मुजेसर ने मृतका के पिता की शिकायत पर उसके पिता, सास व ससुर के खिलाफ दहेज हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। रविवार दोपहर को मृतका के शव का पोस्टमार्टम करा स्वजन को सौंप दिया गया। राजीव कॉलोनी में रहने वाले मनोज कुमार ने पुलिस का दी शिकायत में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी पलक की शादी 2021 में दुर्गा कॉलोनी निवासी कौशल के साथ की थी।

## कुमारी शैलजा 36 बिरादरी की लोकप्रिय नेता: पंवार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखण्ड प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एव कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व हरियाणा प्रदेश कांग्रेस घोषणा पत्र कमेटी के सदस्य ओमवीर सिंह पंवार न उनके नई दिल्ली स्थित निवास पर साथियो के साथ पहुचकर सिरसा लोकसभा से प्रचंड जीत के साथ सांसद निर्वाचित होने पर बधाई दी । कांग्रेस ओमवीर सिंह पंवार ने कहा कि सिरसा पर प्रचंड जीत सिरसा संसदीय क्षेत्र के लोगो की जीत के साथ ही प्रदेश में कांग्रेस की अभूपुर्व जीत प्रदेश के लोगो की



जीत है । पवार ने कहा कि प्रदेश की दस साल से झूठे की राजनीति करने वाली भाजपा को नकार दिया ।कांग्रेस नेता ओमवीर सिंह पंवार ने दावा किया कि आने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भाजपा को हरियाणा की सत्ता से बाहर का रास्ता दिखायेगी क्योकि झूठ के ज्यादा पैर नही होते । उन्होंने कहा जननायक राहुल गांधी ने देश मे दो पदयात्राये की ओर उन यात्राओं का असर इस चुनाव में दिखाई दिया यानि जनता ने राहुल गांधी की बात को सुना और उसपर भरपूर अमल किया और कांग्रेस ने जो गारंटिया दी उनपर भरोसा जताया । पवार ने की देश व प्रदेश की जनता भाजपा के झूठ से परेशान हो चुकी है जिस तरह से प्रदेश ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को आईना दिखाया है विधानसभा चुनाव भाजपा पूरी तरह से सफाई के साथ सूपड़ा साफ होना तय है प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ कांग्रेस आ रही है ।
इस अवसर पर कांग्रेस नेता कुणाल छौक्कर, वीरेंद्र चौधरी, अमरपाल तोमर, देवेंद्र कादियान, प्रमोद तोमर, पुरुषोत्तम पवार, राजेन्द्र कुमार , लोकेश दहिया, अरविंद पवार, भानू तोमर आदि मुख्यरूप से उपस्थित थे ।

## रोटरी क्लब मिड टाउन द्वारा मेगा साईकल वितरण समारोह का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
शिवाजी स्टेडियम 1000 नबर साईकिल का वितरण मधावी स्कूल की छात्रोओ को किया गया। इस मे से 800 रोटरी मिडटाउन ओर 200 रोटरी रॉयल गोल्ड (सटेलिंते क्लब )पानीपत द्वारा दी गई ओर आज दोनों क्लब द्वारा आराम मे सभी गेस्ट ऑफ होनर ,प्रमोद वीज विद्यायक पानीपत,नीरू वीज,अंजू भटिया,अरुण मोंगीया डी जी, रंजीत भटीया पी डी जी, राजपाल सिंह डी जी ई, राकेश बुरा डी ई ओ पानीपत, बल बीर पाल शाह,हर पाल ढांडा,अवनीत कौर,विनोद धमीजा को फूलो का गुलदस्ता दे कर स्वागत किया ।सभी गेस्ट द्वारा अपने भाषण मे अच्छी एजुकेशन ओर कड़ी महंत के बारे मे प्रेरित किया



ओर बतया की अभी जीवन की शरुआत ह आप को अभी कई प्रतियोग्यता से गुजरना होगा। सभी ने लडकियो को शुभकामनायें दी ओर हर मोड परीक्षा होगी ओर खास कर आप सभी के लिये अधिक संघर्ष करना होगा। इस अवसर पर आये हुऐ सभी गेस्ट द्वारा सेलेक्ट की गयी लडकियो को कर्म अनुसार साईकल दी गयी बच्चे अपनी साईकल लेकर बहुत उत्साहित लग रहे थे। ओर शिवा जी स्टडीय ऐसा लग रहा था मानो कोई विशाल साईकल की कोई प्रतियोगिता हो रही हो ओर सभी के चेहरे पर खुशी ओर मुस्कान नजर आ रही थी ये प्रोजेक्ट रोटरी क्लब मिड टाउन ओर रोटरी रॉयल द्वारा किया गया। ओर सभी मेंबर के सहयोग से इस प्रोजेक्ट के लिये धन जुटाया गया। क्लब की ओर से आये हुऐ गेस्ट व सभी लडकियो के लिये खान पान का इंतजाम भी किया गया। गर्मी अधिक होने पर भी सभी ने सयम रखा। रोटरी क्लब मिड टाउन के प्रधान विपन मित्तल व रॉयल क्लब के प्रधान लविश चोपड़ा द्वारा सभी का दिल से धन्यवाद किया ओर आगे भी सामजिक काम मे हिस्सा लेने के लिये प्रार्थना की प्रधान के साथ दोनों क्लब के सेक्रेटरी राजेश नंदा, मुदित तनेजा के सहोयग की भी तारीफ की।
प्रोजेक्ट के चेयरमैन अनिल बैरजा ओर उनकी टीम के कुशल मार्ग दर्शन इस प्रोजेक्ट को बहुत ही अच्छे से किया ऐसा लगा मानो एक सैलब सा आ गया हो। मंच का कुशल संचालन सुंदर्शन चुघ व संदीप खेर द्वारा किया गया ओर प्रोग्राम के अंत मे सभी गेस्ट ओर मेंबर का ध्न्यावाद किया। इस अवसर पर स्कुल से प्रिंसपल, टीचर ओर अभिवाक व क्लब से ,मुकेश टुटेजा, सरदारभूपिंदर सिंह,रमन अनेजा, जितेंदर ढींगरा,रमेश बजाज,बिक्रम शाह, ओम प्रकश रानोलीया,आशीष गर्ग, मनोहर लाल सेतिया, संजय कटारिया, अतुल मित्तल, बीर भान सिंगला, दीपक बजाज, सोनाक्षी,लक्षा, अखिल बजाज,लोकेश नगरू, चाँद भटिया,अंकित चुघ,सुरेंदर शर्मा, ज्योति नंदा, सुरेश गुग्लानि ,दिनेश संदुजा, शशि शर्मा,अतुल गुप्ता, प्रेम अरोरा,जगदीश अरोरा,सुधीर छाबरा, नितिन अरोरा,नीरज स्याल,अजय अनेजा, सुरेश बजाज, बॉबी गुप्ता,नरेश रेहेजा, डॉ. एस न गुप्ता,सुनील जूनेजा, धीरज मिगलानी,नीरज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## एसआई का कारनामा,जेल में बंद व्यक्ति को बना दिया चोर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** तरावड़ी थाने के सब-इंस्पेक्टर की करतूतों का खामियाजा जेल में बंद आरोपी को भुगतना पड़ा। सब इंस्पेक्टर ने ट्रांसफार्मर चोरी के आरोप में जेल में बंद आरोपी के खिलाफ चोरी के चार और मामले दर्ज कर दिए, जबकि चोरी की उन वारदातों के दौरान आरोपी जेल में ही था। आखिर आरोपी जेल में रहकर चोरी कैसे कर सकता है? इन मामलों में निर्दोष होते हुए भी पीड़ित इंदल पहले ही सजा काट चुका है। जिला अतिरिक्त सेशन जज डॉ. सुशील गर्ग की अदालत में केस पहुंचा तो जज साहब ने एसआई को पकड़ लिया और गृह सचिव, डीजीपी हरियाणा व एसपी करनाल को जांच अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश जारी कर दिए है। आदेश में यह भी लिखा कि पुलिस के पास लोगों पर अत्याचार करने का कोई लाइसेंस नहीं है।
आरोपी इंदल के साथ तीन आरोपियों पर 23 अगस्त 2023 को चोरी के आरोप तय हुए थे। आरोपों के तहत इन सभी आरोपियों ने 27-28 फरवरी की रात को हुई चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। जिला अतिरिक्त सेशन जज डॉ. विवेक गोयल की अदालत में केस था। लेकिन दिलचस्प बात तो यह है कि इंदल 18 अप्रैल 2019 से 15 अप्रैल 2022 तक सोनीपत के एक मामले में जेल में बंद था। इसके बावजूद जांच अधिकारी देवेंद्र ने इंदल को 27-28 फरवरी 2022 की रात को हुई चोरी में शामिल बताया। तरावड़ी थाना पुलिस अब सवालों के घेरे में है। इसके साथ ही उच्चाधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे है। तरावड़ी थाना के जांच अधिकारी देवेंद्र ने इंदल को एक नहीं बल्कि चार मामलों में संलिप्त दिखाया है, जिसमें एफआइआर नंबर.164 है, जिसमें 12 अप्रैल 2022 को ट्रांसफॉर्मर चोरी का केस है। एफआईआर 108 जो 11 मार्च 2022 को दर्ज हुई। एफआईआर 87, जो 2 मार्च 2022 को दर्ज की गई। एफआइआर 139, जो 27 मार्च 2022 को दर्ज की गई।
तरावड़ी थाना में दर्ज इन अभियोग में इंदल शामिल बताया गया है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या बड़े अफसर जांच अधिकारी की इतनी बड़ी गलती नहीं पकड़ पाए, क्या वास्तव में इनको एसआई की गलती का पता ही नहीं चलाए या फिर मामला कुछ ओर है। क्या जान बूझकर या फिर लापरवाही से बिना मामले की जांच किए कोर्ट में चालान पेश कर दिए। जांच का विषय जरूर है।

# विद्यार्थी पढ़ाई के साथ साथ सीखेंगे मूर्तिकला का हुनर

**हुनर**

**9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी टाबर उत्सव के तहत किताबी ज्ञान के साथ साथ मूर्तिकला का हुनर सीखेंगे**





**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित टाबर उत्सव बन रहा है अनूठी पहल कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा के हृदय कौशल, कला एवं सांस्कृतिक अधिकारी (मूर्तिकला) ने बताया कि जिला के विभिन्न सरकारी स्कूलों के लगभग 40 से 50 विद्यार्थी सीखेंगे मूर्तिकला के अब स्कूलों के 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी टाबर उत्सव के तहत किताबी ज्ञान के साथ साथ मूर्तिकला का हुनर सीखेंगे। हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम 30 जून तक सुबह 8 बजे से 11 बजे तक ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान चलेगा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में इस उत्सव के तहत बच्चों को मूर्तिकला का हुनर देना शुरू कर दिया गया है।

यह प्रशिक्षण आधुनिक मूर्तिशिल्प क्ले मॉडलिंग, रिलीफ एवं 3 डी स्कल्पचर आर्ट में हरियाणवी संस्कृति पर आधारित दिया जाएगा। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छात्र-छात्राओं का रचनात्मक/कलात्मक विकास करवाने के लिए यह प्रशिक्षण बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने में कारगर सिद्ध होगा। जिला के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों को एक स्थान पर एकत्रित कर मूर्तिकला का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इससे विद्यार्थी भविष्य में कला प्रतियोगिताओं में बढ़-चढकर भाग लेने के साथ राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की मूर्ति शिल्प प्रतियोगिताओं के बारे में भी जानेंगे। इस शिविर में राज्य के निपुण कलाकारों एवं सह कलाकारों द्वारा विद्यार्थियों को मूर्तिकला में पारंगत किया जाएगा और प्रयोग होने वाली सामग्री जैसे क्ले, पीओपी (अन्य माध्यम) व सामग्री आदि से लघु मूर्तिशिल्पों को बना कर रंगों से हुनर भी सिखाए जाएंगे। जिससे भविष्य में उनको मूर्तिकला क्षेत्र में शिक्षा के साथ मूर्तिकला के क्षेत्र में प्रतियोगिता, रोजगार एवं मूर्तिकला के क्षेत्र में करियर बनाने का भी ज्ञान मिलेगा। प्रशिक्षण देने वाले कलाकारों द्वारा कला संस्कृति तथा मूर्तिकला के उत्थान संरक्षण, संवर्धन एवं विकास हेतु कला को निखारा जाएगा जिससे विद्यार्थी अपना कैरियर बना सकेंगे। जिला में आधुनिक मूर्तिकला के प्रचार-प्रसार हेतु यह शिविर अत्यंत सार्थक सिद्ध होगा। इस शिविर/समर कैम्प में विद्यार्थियों को प्रतिदिन रिफ्रैश्मेन्ट भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कक्षा 9 वीं से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थी इस शिविर में एक महीने हेतु निःशुल्क भाग ले सकते हैं।

मूर्तिशिल्प एक मात्र ऐसा विषय है जिसमें सभी विषयों का अध्ययन एक साथ हो जाता है। शारिरिक, मानसिक एवं बौधिक ज्ञान को नवीनता प्रदान करता है। हरियाणा राज्य में लुप्त होती मूर्तिकला का विकास एवं विभिन्न माध्यमों में जैसे धातु लकड़ी, पत्थर, पीओपी, टैराकोटा, कांच, वैल्डिंग, सिरामिक, असेम्बलेज आदि माध्यमों से भी अवगत करवाया जाएगा। कक्षाओं को प्रयोगात्मक व रोचक बनाने के लिए लाईव मोडल डैमो से भी कार्य करवाया जाएगा। जिला के लगभग 40 से 50 विद्यार्थी इन 30 दिनों में तकनीकी व कलात्मक दृष्टिकोण से लाभान्वित होंगे।

# स्नैचिंग के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना साहा में दर्ज स्नैचिंग के मामले में 7 जून 2024 को प्रबन्धक थाना साहा के पुलिस दल ने निरीक्षक जितेन्द्र ढिल्लो के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी रविन्द्र सिहँ उर्फ बिन्द्र निवासी गावँ रजौली थाना शहजादपुर जिला अम्बाला हाल पता शालीमार कालोनी नजदीक मैरीलैंड साहा व आरोपी वीरभिमन्यू उर्फ बादल को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

**काबू**

**लडकों ने नजदीक इण्डस्ट्रियल एरिया साहा के पास से उससे नकदी, घडी और अन्य सामान छीन लिया है**

इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता मोहित चैहान निवासी प्रभू प्रेम पुरम महेशनगर ने 30 अप्रैल 2024 को थाना साहा में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 अप्रैल 2024 को दो अज्ञात नौजवान लडको ने नजदीक इण्डस्ट्रियल एरिया साहा के पास से उससे नकदी, घडी और अन्य सामान छीन लिया है।

# गर्मी में फैलने वाली बीमारियों से बचाव के लिए सावधानी बरतें

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला:** अम्बाला के डीसी डॉ. शालीन ने कहा है कि गर्मी के मौसम के दौरान फैलने वाली बीमारियों से बचाव के लिए सावधानी रखनी जरूरी है। लापरवाही के चलते डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया जैसी बीमारी भी खतरनाक साबित हो सकती है। साफ वातावरण बेहद जरूरी है। इसलिए सभी को मिलकर सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। गंदगी के कारण भी बीमारी फैलने का डर बना रहता है। हालांकि प्रशासन की ओर से सफाई की व्यवस्था की जाती है फिर भी लोगों का सहयोग हर क्षेत्र में जरूरी है। डीसी डॉ. शालीन ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा है कि सभी लोगों को मिलकर बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रयास करने चाहिए। जनजागरण बहुत कारगर होता है और लोगों को अपनी व अपने परिजनों के स्वास्थ्य के लिए आगे आना चाहिए। गर्मी के मौसम में बरसात होने से विभिन्न स्थानों पर पानी जमा हो जाता है और उसमें मच्छर पनपने लगते हैं। यही मच्छर डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारी का कारण बनते हैं। इसलिए अपने आस पास पानी को एकत्रित ना होने दें। हर सप्ताह अपने कूलर आदि के पानी के टैंक को साफ करें। बीमारियों की रोकथाम के लिए सावधानी बरतना बेहद जरूरी है।

# मंत्री असीम गोयल लाभार्थियों को वितरित करेंगे हैप्पी कार्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला:** प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी) के अंतर्गत आज अम्बाला शहर बस अड्डे पर पात्र लाभार्थियों को कार्ड वितरित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि हरियाणा के परिवहन मंत्री असीम गोयल मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का समय सुबह करीब 9 बजे रखा गया है। इस दौरान हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी) के लाभार्थी पहुचेंगे। बता दें कि बीती 7 जून को भी प्रदेशभर में हैप्पी योजना के तहत लाभार्थियों को कार्ड वितरित किए गए थे। उस दिन करनाल में राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और परिवहन मंत्री असीम गोयल ने शिरकत की थी। इसी कड़ी में अब अम्बाला शहर बस अड्डे पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी) की शुरूआत हरियाणा सरकार द्वारा की गई थी।

# राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज दीदी को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**






**अम्बाला:** ईश्वरीय सेवाओं में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले ब्रह्माकुमारी संस्था के सेवाओं के आदि रत्न परम आदरणीय परम श्रद्धेय ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी सरोज दीदी जी ने 2 जून को ईश्वर की अलौकिक गोद ली, अपनी संपूर्णता को प्राप्त कर फरिश्ता बन गई ऐसी महान आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करण पैलेस अंबाला शहर में किया गया। आदरणीय सरोज दीदी का व्यक्तित्व सबको प्रेरणा देने वाला था जो कोई भी उनसे पहली बार मिलता उसे उनसे अपनेपन की भावना महसूस होती। मन को बहुत सुकून महसूस होता जैसे मन एकदम शांत बुद्धि स्थिर हो गई हो। ईश्वरिय जीवन की मयार्दाओं पर पूरा पूरा चलने को उन्होंने अपने जीवन का लक्ष्य बनाया तथा अपनी अंतिम श्वास तक भी उन मयार्दाओं को निभाया। सरोज दीदी लौकिक रूप से बटाला पंजाब से निकल ब्रह्माकुमारिज के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू तक पहुंचने वाली उन विशेष कन्याओं में से एक थे जिन पर स्वयं परमात्मा की दृष्टि पड़ी और उन्होंने अपना जीवन प्रभु अर्पित कर दिया। परमात्मा के प्रति दृढ़ निश्चय के कारण अपने प्रारंभिक दिनों में समाज तथा लौकिक परिवार से बहुत संघर्ष सहन किया। अपनी छोटी आयु में ही परमात्मा की बताई हुई युक्तियों को अपनाते स्वयं को बंधन मुक्त किया और ईश्वरीय सेवाओं में संपूर्ण समर्पित रूप से संलग्न हुए। सन 1974 से अंबाला में अपनी ईश्वरीय सेवाएं देते अनेको आत्माओं का जीवन परिवर्तन किया। उनकी सेवाओं ने कई आत्माओं को ब्रह्माकुमारीज संस्थान के वारिस-गुणवत्ता वाले, अच्छे, सेवा योग्य ब्राह्मण बच्चे बनने के लिए पोषित किया है।

# नगर की सुख-शांति के लिए कुहाड़ पाना निवासियों ने नगर खेड़ा पर किया भंडारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह)**

**कुहाड़** पाना स्थित नगर खेड़ा पर रविवार को समस्त कुहाड़ पाना निवासियों की तरफ से भंडारा लगाया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं महिला पुरुष व बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया।

उपरोक्त जानकारी देते हुए वार्ड 9 से पार्षद पति एवं समाज सेवी विकास कुहाड़ व नीटू शर्मा ने बताया कि दादा नगर खेड़ा की पूजा अर्चना करने की वर्षो पुरानी परम्परा है। जब भी कोई नया गांव बसाया जाता है तो नगर खेड़े की स्थापना होती है।कुहाड़ पाना में दादा नगर खेड़ा पर हर साल की तरह ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष के चांदनी रविवार को समस्त कुहाड़ पाना निवासियों के सहयोग से नगर की सुख-शांति के लिए भंडारा आयोजित किया गया है। भंडारे में आलु की सब्जी व पुड़िया बनाई गई जिसे बच्चों व महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले सुबह नगर खेड़ा पर हवन-यज्ञ कर सबकी सुख-शांति के लिए यज्ञ में आहुति डाली।



# ब्रह्माकुमारीज ने बच्चों के लिए 3 दिवसीय समर कैंप का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** ब्रह्माकुमारीज सेक्टर-13 और डीडी कॉलोनी सेवा केंद्र की तरफ से बच्चों के लिए 3 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। कक्षा पांचवी से दसवी तक के लगभग 40 बच्चों ने कैंप का लाभ उठाया। बता दें कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान का आध्यात्मिक ज्ञान देने के साथ साथ समाज मे मूल्यों की पुनर्स्थापना के कार्यों मे भी अहम योगदान रहता है। इसी लक्ष्य को लेकर आज के बच्चे, जो कल के समाज का आधार है, उनमे मूल्यों को विकसित करने के लिये 3 दिवसीय निशुल्क समर कैंप का आयोजन किया गया। इसमे मूल्य आधारित रचनात्मक गतिविधियों और खेलों द्वारा बच्चों को मूल्यों को अपनाने की शिक्षा दी गई। इसके साथ ही प्रैक्टिकल एक्टिविटीज द्वारा बच्चों को कॉन्फिडेंस बिल्डिंग, मेमोरी स्किल, टीम वर्क लीडरशिप भी सिखाई गई। तीन दिवसीय शिविर मे बच्चों को अनुशासन सिखाने के लिये प्रतिदिन मैडिटेशन का अभ्यास भी कराया गया।

# दीपेन्द्र सिंह हुड्डा की जीत के उपलक्ष में विशाल भंडारे का आयोजन

**रोहतक।** गांव किलोई में दीपेन्द्र हुड्डा के जीतने की खुशी में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के 30 गांव के सभी बिरादरी के लोग शामिल हुए। देसी घी की जलेबियों से सभी लोगों का मीठा मुँह किया गया। इस मौके पर एडवोकेट केशव जीत अत्री ने बताया कि हमारे सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा एक मेहनती व कर्मठ नेता है उनकी साफ छवि व कांग्रेस की कल्याणकारी नीतियों के कारण इन चुनाव में जनता ने दीपेन्द्र हुड्डा को भारी बहुमत से जिताया है।

आज उनकी इसी जीत के उपलक्ष में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया है।

# 99 वर्षो से सतत चल रहा संघ का कार्य : डा.प्रीतम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र:** श्रीमद्भगवद् गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में शनिवार से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संघ शिक्षा वर्ग हवन यज्ञ के साथ शुरू हुआ। वर्ग में 251 शिक्षार्थियों की वर्ग के साथ-साथ 31 शिक्षक और 20 प्रबंधक शामिल हैं। इस अवसर पर वर्ग के सर्वाधिकारी कृष्ण सिंह, वर्ग पालक डॉ. प्रीतम सिंह, वर्ग कार्यवाह डॉ. देवेंद्र सिंह उपस्थित रहे। पंद्रह दिवसीय यह वर्ग 24 जून तक चलेगा। संघ के सह प्रांत कार्यवाह व वर्ग पालक डा.प्रीतम सिंह ने कहा कि संघ का कार्य गत 99वर्षों से सतत चल रहा है। देशभर में प्रतिदिन चलने वाली 61 हजार शाखाओं में लाखों स्वयंसेवक अभ्यास के लिए आते हैं। प्रत्येक वर्ष इन दिनों में संघ के प्रशिक्षण शिविर लगाए जाते हैं। इस वर्ष भी देश के सभी राज्यों में वर्ग लगाए गए हैं। इन संघ शिक्षा वर्गों का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण करना है। संघ के संस्थापक डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार का मानना था कि अगर व्यक्ति ठीक होगा तो देश भी ठीक होगा।

उन्होंने एक उदाहरण देते हुए बताया कि एक बार स्कूल के कुछ विद्यार्थी विनोबा जी के पवनार आश्रम में गए तो उन्होंने विद्यार्थियों से पूछा कि क्या आपने कभी भारत का मानचित्र देखा है। विनोबा जी ने भारत के मानचित्र के टुकड़े विद्यार्थियों को देते हुए उन्हें जोड ? के लिए कहा। विद्यार्थियों के काफी परिश्रम के बाद भी जब उनसे मानचित्र नहीं जुड़ा तो उन्होंने बताया कि मानचित्र के पीछे एक व्यक्ति का चित्र है उन टुकड़ों को जोड़िए तो विद्यार्थियों ने बड़े आराम से वो टुकड़े जोड़ दिए। बाद में जब उस चित्र को पलट कर देखा तो उसके पीछे भारत का चित्र बना हुआ था। विनोबा जी ने विद्यार्थियों को बताया कि जिस तरह आपने एक व्यक्ति के चित्र से भारत का मानचित्र बनाया है ठीक उसी तरह यदि भारत का निर्माण करना है तो व्यक्तियों का निर्माण करना होगा। जो बात विनोबा जी ने उस समय कही थी ठीक वही बात डॉ. हेडगेवार जी ने 1925 में कही।

# 40 हजार से विधानसभा चुनाव जीतने में ताकत लगा देंगे: नवीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**




**कुरुक्षेत्र/लाडवा :** कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से तीसरी बार सांसद बने श्री नवीन जिन्दल ने आज लाडवा में मतदाताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में हमें 9 हजार मतों से जीत मिली है लेकिन हम विधानसभा चुनाव 40 हजार से अधिक मतों से जीतने में पूरी ताकत लगा देंगे। आज नवीन जिन्दल ही नहीं बल्कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता सांसद है।

यहां रामकुण्डी में आयोजित कार्यक्रम में श्री जिन्दल ने कहा कि अब हमारे लिए काम करने का समय आया है। हम सभी खुश हैं क्योंकि आज भाजपा का हर कार्यकर्ता आज सांसद बना है, जिन्होंने दिन-रात मेहनत की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के अंदर जो विश्वास जताया है, उसके लिए वे आभारी हैं। जो उम्मीदें नवीन जिन्दल और भारतीय जनता पार्टी से हैं, उसे हम सभी मिलजुल कर पूरा करेंगे, अपने सपनों का कुरुक्षेत्र बनाएंगे।


श्री जिन्दल ने कहा कि चार महीने बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। इस बार हम यहां से नौ हजार मतों से जीते हैं लेकिन हमें प्रयास करना है कि 40 हजार से अधिक मतों से कैसे विधानसभा चुनाव जीतें। मैं खुद चलूंगा, जिन्होंने हमें जिताया उनका धन्यवाद करूंगा और जहां झ जहां वोट नहीं मिले, वहां जाकर पूछूंगा कि हमारे में क्या कमी रही, जिसको हम सुधार सकते हैं। जिन्होंने हमें वोट नहीं दिया, हम उनका भी दिल जीत कर दिखाएंगे। हमारी एकता भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। हमने अनुशासन और मयार्दा में रहते हुए काम किया और यह जीत हासिल की। श्री जिन्दल ने संवाददाताओं से बातचीत में यमुनानगर जिले के रादौर, कुरुक्षेत्र जिले के थानेसर, शाहाबाद, पिहोवा, लाडवा और कैथल जिले के कैथल शहर, कलायत, पुण्डरी, और गुहला चीका के कार्यकताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि सभी जगह जनता का बहुत अच्छा समर्थन मिला, जिसके लिए वे धन्यवादी, आभारी हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल समेत भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया, जिनके आशीर्वाद से उन्हें कुरुक्षेत्र की जनता की एक बार फिर सेवा करने का अवसर मिला। श्री जिन्दल ने राज्यमंत्री सुभाष सुधा, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी समेत सभी भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं का भी आभार जताया।

**लक्ष्य**

**आज नवीन जिन्दल ही नहीं बल्कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता सांसद है**

# एचसीएस परीक्षा साक्षात्कार के लिए विविध पहलुओं पर हुआ मंथन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र, :** महात्मा गांधी आईएएस कोचिंग संस्थान द्वारा आयोजित एचसीएस साक्षात्कार तैयारी कार्यक्रम के तीसरे दिन कार्यक्रम संयोजक डॉ. कुलदीप ने बताया कि इस कार्यक्रम के पहले सत्र में चेयरपर्सन, भारतीय लोक प्रशासन से सेवानिवृत सुमेधा कटारिया ने विद्यार्थियों को इंटरव्यू के दौरान संयम रखने का सुझाव दिया। सत्र के पैनलिस्ट डॉक्टर व्योम ने विद्यार्थियों सुझाव दिया कि ज्यादातर सवाल पर्ची में से पूछे जाते हैं इसलिए अपने बायोडाटा को तैयार करते हुए विशेष ध्यान रखना चाहिए।

पैनलिस्ट प्रोफेसर अनिल वोहरा ने विद्यार्थियों को सवालों को अच्छे से सुनने और फिर जवाब देने की सलाह दी। इसके साथ ही उन्होंने साक्षात्कार तैयारी में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को भी शामिल करने का सुझाव दिया। विधि विभाग के वरिष्ठ प्रवक्ता, डॉ अमित कंबोज ने भी साक्षात्कार के द्वारा प्रतिभागियों की तैयारी जायजा लिया, और उन्हें कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। दूसरे सत्र में चेयरपर्सन के रूप में 2023 में यूपीएससी में 46वां रैंक हासिल करने भावेश ख्यालिया ने और पैनलिस्ट के रूप में डॉ. जितेंद्र जांगड़ा और किरण लांबा ने शिरकत की।

# रेत से भरे खड़े ट्रक में अचानक आग लग गई और ट्रक का इंजन जला

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** सिविल हस्पताल के पास बिल्डिंग मटेरियल मार्किट में रेत से भरे खड़े ट्रक में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते ट्रक धु- धू करके जलने लगा ! फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने पंहुचकर आग पर काबू किया तब तक ट्रक का इंजन पूरी तरह जल चुका था

शनिवार को सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन मोके पर पंहुचे और फायर ब्रिगेड के अधिकारियों को फोन करके गाड़ी बुलाई` ट्रक मालिक विकास ने बताया की सुबह ट्रक धोकर खड़ा किया था की दस मिनट बाद ही





आग लग गई` आग इतनी भयंकर थी की हमने रेत भी फेंका परन्तु आग काबू में नहीं आयी` विकास ने बताया कि उसकी एक गाड़ी पहले ही चोरी हो चुकी है और यह गाड़ी भी पलट गई थी, दस दिन पहले ही ठीक होकर आयी थी`

कामी रोड पर ड्रेन नंबर 6 की पटरी टूटने से ऋषिकुञ्ज एक्सटेंशन कॉलोनी में पानी भरने से कॉलोनी वासियों का घर से निकलना मुश्किल हो गया` भाजपा नेता राजीव जैन ने पार्षद हरी सैनी के साथ मुवायना किया और नगर निगम के अधिकारियों से समस्या का हल करने का निर्देश दिया` अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि आज रात को बहालगढ़ पूल के निचे से पानी खोल दिया जायेगा, इसके बाद समस्या हल हो जाएगी` राजीव जैन पिछले 15 दिनों से सीवेरज बंद होने की शिकायत मिलने पर देवरु रोड की ऋषि कुञ्ज की कॉलोनी गली नंबर 2 में पहुंचे और नगर निगम से

**जैन आगे आए**

**राजीव जैन मोके पर पंहुचे और फायर ब्रिगेड के अधिकारियों को फोन करके गाड़ी बुलाई**

गाड़ी मंगवाकर सफाई शुरू करवाई शिव कॉलोनी गली नंबर नो में बिजली की समस्या का समाधान भी बिजली वितरण निगम के अधिकारीयों को बुलाकर कॉलोनी में जगह उपलब्ध करवाने पर नया ट्रांसफार्मर लगवाने का आश्वासन दिया।

# गीता हिंदी अध्यापिका ने 12वीं बार किया रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** हिंदी अध्यापिका ने दूसरों के जीवन को बचाने के लिए निःस्वार्थ भावना से 12वीं बार रक्तदान किया ' रोटरी ब्लड बैंक के आग्रह पर ओमेक्स सिटी में जाकर रक्त दान किया। गीता का रक्त बी पॉजिटिव है। रक्त बैंक वालों को बी पॉजिटिव के रक्त की आवश्यकता थी। दिलबाग सिंह हिंदी प्राध्यापक के पास फोन आया दिलबाग सिंह ने बताया कि मेरी पत्नी का रक्त बी पॉजिटिव है तो रोटरी ब्लड बैंक में जाकर रक्तदान किया। गीता ने बताया कि महिलाओं ने भी का बढ़--चढ़कर रक्तदान करना चाहिए ' जिससे कि शरीर स्वस्थ रहे। दिलबाग सिंह ने संदेश दिया कि रक्त किसी कारखाने में नहीं मिलता रक्त तो केवल मनुष्य के शरीर से ही प्राप्त किया जा सकता है स्वस्थ व्यक्ति ने वर्ष में चार बार व स्वस्थ महिला ने वर्ष में तीन



बार रक्तदान करना चाहिए । हमारा परिवार भी समय-समय पर रक्तदान करता रहता है जैसे दिलबाग सिंह ने 34 बार , अर्पित पुत्र ने छह बार ,क्षितिज पुत्र ने चार बार रक्तदान किया हुआ है।

## न्यूज फ्लैश

### गाँव गाँव जाकर पौधे लगाने की मुहिम को किया शुरू-डॉ नवीन नैन भालसी



**पानीपत /कमाल हुसैन** ऑल इंडिया शहीद भगत सिंह ब्रिगेड के हरियाणा प्रतिनिधि डॉ नवीन नैन भालसी ने गाँव थिराना में जाकर गाँव के युवाओं के साथ मिलकर पौधारोपण किया। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि हमने यह मुहिम अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस से ज़िला पानीपत के अतिरिक्त उपायुक्त डॉ पंकज जी के साथ मिलकर शुरूआत की थी,उसी के तहत हमने अब गाँव गाँव जाकर पौधे बाँटने व पौधारोपण अभियान शुरू कर दिया है। आज ग्लोबल वार्मिंग की वजय से तापमान 50-55 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया है जिससे जनजीवन के साथ पशुओं व हर जीव पर बहुत मार पड़ रही है,इसी को ठीक करने के लिए हर मनुष्य को जो सामाजिक जीवन जीने का काम करता है प्रण लेना चाहिए कि 10-10 पौधे लगाने का काम करेंगे। हर गाँव गाँव जाकर हम पौधारोपण का अभियान शुरू किया हुआ है अगर किसी भी साथी को पौधे लगाने की जरूरत हो तो हमसे संपर्क करे। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने सभी गाँवों में रहने वाले युवा साथियों से आह्वान किया है कि सभी साथी आगे बढ़ कर पौधारोपण की तरफ बड़े जिससे हम ग्लोबल वार्मिंग को कम कर सके व जनजातियों के साथ साथ जनजीवन को बचा सके। इस दौरान सोहन लाल,दीपक खसबर,नरेन्द्र देशवाल,धीरज देशवाल,राजेश, बिजेन्दर प्रजापत,मनोज वर्मा,सोनू टुर्ण,नीरज,अजय कश्यप,राहुल,दिलावर चौहान,दीपक सोनी,विक्रम,सुनील,राकेश ,प्राचीश,लक्की वर्मा आदि मौजूद रहे।

### कुरुक्षेत्र का तापमान एक बार फिर 45 डिग्री के पार जाने की संभावना



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** किसानों ने जहां धान की फसल की रोपाई के लिए खेत तैयार करने शुरू कर दिए हैं वहीं गर्मी का तापमान कुछ कम होने के बाद फिर से बढ़ने लगा है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण कुछ दिनों की राहत के बाद एक बार फिर से हरियाणा में भीषण गर्मी की शुरूआत हो गई है। कृषि वैज्ञानिक डा. सी.बी. सिंह ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कुरुक्षेत्र तथा आसपास के क्षेत्रों में तापमान आने वाले सप्ताह में 45 से 46 डिग्री के पार जा सकता है। हरियाणा के अन्य क्षेत्रों में भी तापमान 45 डिग्री के पार पहुंचने का अनुमान लगाया जा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में गर्मी 20 साल से भी ज्यादा का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार प्री-मानसून आने तक तापमान 45 डिग्री पार जाने की संभावना है। पिछले दो दिनों में रात के तापमान में 2 डिग्री की बढ़ोत्तरी हुई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि हरियाणा में मानसून 28 जून से जुलाई के पहले सप्ताह तक दस्तक दे सकता है। लेकिन उससे पहले प्री-मानसून बरसात होगी। 20 जून के आसपास मौसम बदलने की संभावना है।

# जनता विपक्ष का विधायक, मेयर बनाकर पछता रही है: जैन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा है कि जिस तरह से सोनीपत शहर की जनता विपक्ष का विधायक, मेयर बनाकर पछता रही है इसी तरह सोनीपत लोकसभा के मतदाताओं को भी अपनी गलती का अहसास जल्दी ही हो जायेगा।

राजीव जैन रविवार को राठधना रोड पर पटेल नगर के कार्यकताओं के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठे गारंटी कार्ड बांटकर चुनाव जीतती है परन्तु काठ की हांड़ी बार-बार नहीं चढ़ती, इसलिए लोकसभा चुनाव में सोनीपत विधानसभा से 36 हजार की लीड ने कांग्रेस नेताओं को आयना दिखाने का



काम किया है।

राजीव जैन ने कहा कि शहर में पांच वर्ष पूर्व मंजूर किये प्रोजेक्ट पर ही काम चल रहा है, शहर के विकास के लिए नया कुछ भी नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि राठधना रोड के निर्माण की बाधाओं को दूर करवाकर पुनः काम शुरू करवाया और जनता दोबारा आशीर्वाद देती है तो राठधना रोड पर पार्क का निर्माण अवश्य करवाया जायेगा। कार्यकर्ताओं ने विश्वास दिलाया कि जिस तरह आप 24 घंटे जनता के सुख दुःख में खड़े रहते हैं, इसी तरह हम भी चुनाव

**निशाना बनाया**

**जिस तरह आप 24 घंटे जनता के सुख दु:ख में खड़े रहते हैं, इसी तरह हम भी चुनाव जिताने के लिए कमर कसेंगे**

जिताने के लिए कमर कसेंगे। कार्यक्रम में अशोक छाबड़ा पूर्व चेयरमैन, दलबीर ठेकेदार, रामनिवास रोहना, दिनेश अत्रि अधिवक्ता, रमापति उपाध्याय, कली राम, संजीत दहिया, प्रदीप श्योराण, रमेश सरोहा, कृष्ण सरोहा, हरपाल, सोनू कटवाल, छोटू, जय भगवन, मोहन आंतिल, मंजूर, अगरअली आदि सैंकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चोरी की एक्टिवा सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत कमाल हुसैन**

थाना माडल टाउन पुलिस ने रामलाल चौक पर एक युवक को चोरी की एक्टिवा सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अनिकेत निवासी गढ़ी सिकंदरपुर के रूप में हुई। थाना माडल टाउन प्रभारी इंस्पेक्टर रेखा ने बताया कि शनिवार को देर शाम उनकी एक टीम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान रामलाल चौक पर मौजूद थी। इसी दौरान संदिग्ध किस्म का एक युवक एक्टिवा पर सवार होकर माडल टाउन की तरफ से आया। युवक सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर एक्टिवा को वापिस मोड़ कर भगाने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम मौके पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान अनिकेत पुत्र रामपाल निवासी गढी सिकंदरपुर के रूप में बताई। एक्टिवा के कागजात मांगने पर युवक बहाने बाजी करने लगा पुलिस टीम ने गहनता से पूछताछ की तो आरोपी ने उक्त एक्टिवा लतीफ गार्डन कॉलोनी में एक घर के बाहर से चोरी करने बारे स्वीकारा। एक्टिवा चोरी की उक्त वारदात बारे थाना माडल टाउन में अनिल पुत्र ईश्वर निवासी लतीफ गार्डन की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। इंस्पेक्टर रेखा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसको एक्टिवा चलाने का शौक है।

# कुरुक्षेत्र का तापमान एक बार फिर 45 डिग्री के पार जाने की संभावना

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** किसानों ने जहां धान की फसल की रोपाई के लिए खेत तैयार करने शुरू कर दिए हैं वहीं गर्मी का तापमान कुछ कम होने के बाद फिर से बढ़ने लगा है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण कुछ दिनों की राहत के बाद एक बार फिर से हरियाणा में भीषण गर्मी की शुरूआत हो गई है। कृषि वैज्ञानिक डा. सी.बी. सिंह ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कुरुक्षेत्र तथा आसपास के क्षेत्रों में तापमान आने वाले सप्ताह में 45 से 46 डिग्री के पार जा सकता है।



हरियाणा के अन्य क्षेत्रों में भी तापमान 45 डिग्री के पार पहुंचने का अनुमान लगाया जा है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में गर्मी 20 साल से भी ज्यादा का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार प्री-मानसून आने तक तापमान 45 डिग्री पार जाने की संभावना है।

# मलिकपुर गाँव मे 53 ने किया रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः जरूरतमंद** मरीज के लिए जीवन बचाने के लिए जीवनदायिनी खून की आवयकता गर्मी के दिनों में बहुत बढ़ जाती है । आज कल सरकारी ब्लड सेंटरों में खून की कमी देखी जा रही है जिसे पूरा करने के लिए माँ भारती रक्तवाहिनी लगातार रक्तदान शिविरों का आयोजन करवा रही है । संस्था ने भगतसिंह युवा शक्ति संघ मलिकपुर के सहयोग से मलिकपुर गाँव के सरकारी स्कूल में अपना 165वाँ रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया जिसमे नागरिक अस्पताल से आई रक्तकोष टीम ने डॉ. भानु शर्मा के नेतृत्व में 53 रक्तदाताओ रक्तदान करवाया । शिविर में युवाओं का जोश देखने लायक था । युवा



शक्ति संघ के अध्यक्ष मोहित सैनी ने खुद अपना 16वाँ रक्तदान करते हुए युवाओं को हर 3 माह रक्तदान करते रहने के लिए प्रेरित किया । संस्था कार्यकरिणी सदस्य अंकित त्यागी ने गाँव व पास के आये सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया । शिविर में अध्यक्ष विपिन गौड़ ,प्रेम गौतम ,सुमेर , राहुल राणा,बिजेंद्र सरोहा, जयदीप शर्मा, अनिल शर्मा तरुण भारद्वाज ,सोमप्रकाश ,प्रमोद नैना, सुधीर ,मुकेश चौहान ,अंकित त्यागी, ममता , अनिल सैनी , मोहित ,सचिन रिवाल आदि मौजूद रहे ।

# लोहे की 45 प्लेट चोरी

**गन्नौर।** खूबडू रोड़ पर दुकान का लेटर लगाने के बाद रखी लोहे की 45 लोहे की बड़ी प्लेट चोरी हो गई । चोरी की शिकायत युवक ने पुलिस को दी। पुलिस के बाद गन्नौर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गांव गुमर निवासी निवासी मनदीप ने बताया कि खूबडू रोड़ गन्नौर पर अपने प्लांट में दुकान बना रहा हूं , दुकान का एक मंजिल का लेंटर लग चुका है और दूसरी मंजिल शुरू कर रखी है । लेंटर में लगने वाली प्लेट 45 प्लेट बची हुई है । उन्हें दुकान के लेटर के ऊपर रखा था शिकायत में बताया कि 7 जून को अज्ञात युवक उक्त लोहे की प्लेटों को चोरी कर ले गया । प्लेट चोरी होने के कारण में काफी नुकसान हुआ है।

# बाबा बरकत गिरी धधकती आग के पांच धुनों के बीच बैठे

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**दिन** के समय 45 डिग्री तापमान के दौरान भीषण गर्मी से बचने के लिए जहां लोग एसी कूलर के आगोश में घरों में दुबक जाते हैं, बाजारों में सन्नाटा छा जाता है ऐसे में समालखा के नारायणा रोड पर एक 65 वर्षीय संत बाबा बरकत गिरी महाराज जब सूरज आग बरसाने लगता है सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक पांच जलते धूनों के मध्य बैठकर तपस्या करते हैं और ऐसा वह पिछले 35 दिनों से तपती गर्मी की परवाह किए बिना आग से जलते पांच धुनों के बीच बैठकर तपस्या कर रहे हैं। बाबा बरकत गिरी की यह पांच धुनी तपस्या पिछले महीने 10 मई को शुरू हुई



थी जो 19 जून को सम्पूर्ण होगी।

बाबा इंटरनेशनल के नाम से प्रख्यात श्रीमंत रमेश गिरीं महाराज के शिष्य बाबा बरकत गिरी पिछले वर्ष अगस्त माह में गांव वजीरपुर टिटाना में खड़ी तपस्या भी कर चुके हैं।

बाबा बरकत गिरी बताते हैं कि वह मूल रूप से वजीरपुर टिटाना गांव का निवासी है वह खुशहाल गृहस्थ जीवन जी रहे थे कि साल 2001 में उनकी पत्नी का निधन हो गया। पत्नी की मौत के बाद वह टूट गया था जिस कारण उन्होंने संन्यास लेने का मन बनाया और उतर प्रदेश के गंगोह में जा कर बाबा इंटरनेशनल रमेश गिरीं महाराज का सानिध्य प्राप्त किया।

41 दिवसीय पांच धुनी तपस्या पर बैठे बाबा बरकत गिरी महाराज बताते हैं कि तपस्या ऋषि मुनियों का गहना है चाहे सतयुग हो या कलियुग हो ऋषि महात्मा प्रजा की सुख-समृद्धि के लिए इस तरह की तपस्या करते रहे हैं और वह भी जनता की भलाई के लिए यह तपस्या कर रहे हैं।वह रोजाना सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आग के पांच धुनों के बीच बैठ कर तप करते हैं। आज तपस्या का 36 वां दिन है इसलिए आज प्रत्येक धुनें में 36 उपले (गोस्से) डाले गए हैं

बाबा बरकत गिरी ने बताया कि 19 जून को तपस्या पूर्ण होने पर सुबह हवन-यज्ञ कर पूणार्हुति डाली जायेगी। इसके बाद 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# युवक को जान से मारने की दी धमकी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः** बादशाही रोड पर शराब के ठेके के पास कंपनी से ड्यूटी कर वापस आ रहे युवक को गाली गलौज के बाद बोतल से हमला कर जान से मारने की धमकी दी। घायल युवक की शिकायत पर पुलिस ने दो के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी । गन्नौर थाना पुलिस को दी शिकायत में गन्नौर गांव निवासी कुलदीप ने बताया की बादशाही रोड़ गन्नौर विजनोवा कंपनी में सफाई कर्मचारी की नौकरी करता है । 8 जून की शाम को अपनी ड्यूटी खत्म करके जब वह वापस आ रहा था तो रास्ते में शराब के ठेके के पास सड़क के किनारे गढी झिंझारा निवासी गौरव व ज्योतिष दोनों बैठकर शराब पी रहे थे , जब मैं उनके पास से गुजरा और तो गौरव ने मुझे मां बहन की गाली दी । मैंने गौरव से रुककर गाली देने का कारण पूछा तो इतने में ज्योतिष ने मुझे पकड़ लिया और गौरव ने अपने हाथ में लिए कांच की बोतल से मेरे सिर में नाथ पर हमला कर दिया जब मैं शोर मचाया तो दोनों ने कहा कि अगर हमें दिखाई दिया तो तुम्हें जान से मार देंगे। युवक ने प्राथमिक उपचार के बाद गन्नौर थाना पुलिस को आरोपित के खिलाफ शिकायत देकर मामला दर्ज करवाया है पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# यूपीएससी में 425वां रैंक प्राप्त करने पर हुआ भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत**
**/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा** के रोहणा गाँव के रहने वाले नितेश कुमार ने यूपीएससी में 425 वा रैंक हासिल कर अपने गाँव सहित खरखौदा ब्लॉक जिला सोनीपत एवं हरियाणा का नाम रोशन किया है। आपको बतादे कि डॉ नीतेश कुमार दहिया हाल फिलहाल मुम्बई में रहते हैं। जिसके चलते नितेश कुमार दहिया रविवार को अपने गाँव रोहणा पहुँचे, जहाँ गाँव मे पहुँचने से पहले ही गाँव के शिव मंदिर में मत्था टेका, और आशीर्वाद लिया। उसके बाद गाँव से एक खुली गाड़ी में बैठाकर नितेश कुमार का गाँव की ही वाटिका मे फूल मालाओं से जोरदार



स्वागत किया गया। नीतीश कुमार ने बताया कि उसने अपनी शिक्षा केंद्रीय विद्यालय से प्राप्त की। जिसके बाद ग्रेजुएशन में उसने बीडीएस किया। फिर पोस्ट ग्रेजुएशन में एमडीएस किया। और उसके बाद पिछले 5 वर्ष से असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर एक कॉलेज में पढ़ा रहे है। उन्होंने बताया कि इस यूपीएससी की परीक्षा को पास करने में 5वी बार सफलता हासिल हुई है। जिसमे उन्हें 425वा रैक मिला है। उन्होंने बताया कि उनके पिता जी ने 18 साल तक इंडियन नेवी में अपनी सेवाएं दी। उसके बाद अभी भी मर्चेंट नेवी में काम कर रहे है। उनकी माता जी हाउस वाइफ है। जबकि उनके बड़े भाई व भाभी फार्मासिस्ट है जो कि हरियाणा सरकार में हैल्थ विभाग में काम कर रहे हैं। उन्होंने लोगों को संदेश देते हुए बताया कि पहली तो बात मेहनत करने से पीछे नही हटना है। और उन्हें 100 की 100 प्रतिशत मेनहत करनी है। ये नही की आधा दिन मेहनत कर ली और आधा दिन मौज मस्ती। अगर वो लगातार मेहनत करते हैं। तो एक दिन उन्हें सफलता जरूर मिलेगी। ऐसा नही है कि अगर आपको पहली बार मे सफलता नही मिलती है तो आप हार मान ले, बल्कि आपको और ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। सफलता जरूर आपके कदम चूमेगी। अपनी सफलता के पीछे बताया पूरे परिवार का हाथ। बहुत कम लोग ऐसे होते जो कभी फैल न हो और उन्हें सफलता मिली हो। कोई भी सक्सेसफुल आदमी कभी ना कभी फेल जरूर होता है। और उसके बाद ही सफलता मिलती हैं। कभी भी फेलियर या असफलता से डरना नही है। असफलता पहली सीढ़ी है सफलता की। आसपास वाले क्या बात कह रहे है उनके बारे में नही सोचना है। वही सभी के माता पिता से एक प्रार्थना करते हुए बताया कि अपने बच्चों को कभी भी किसी से कमजोर न समझे, वो चाहे बेटा हो या बेटी, उनको जो स्पॉट चाहिए वो दे। फिर चाहे फील्ड कोई भी हो और जो आपका बच्चा बनना चाहता वो बनने दे।

# वन ही जीवन है- सुरेंद्र पवार

**पौधारोपण**

**विधायक ने पौधा लगाकर अभियान को शुरू किया और कहा की वन ही जीवन है पेड़ों के बिना धरती पर जीवन नहीं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** जनहित अभियान फाउंडेशन के कालूपुर चुंगी पर पानी की टंकी में चलाया पोधा रोपण अभियान। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक सुरेंद्र पवार ने पोधा लगाकर अभियान को शुरू किया और कहा की वन ही जीवन है पेड़ो के बिना धरती पर जीवन संभव नहीं और सभी



सोनीपत वासियों से अपील की अभी बारिश के मौसम में सभी अधिक से अधिक पौधे लगाए और जब तक वह पेड़ नही बनते उनकी देख भाल करे।

फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया की आज 10 पौधे लगाए। इस अवसर पर मास्टर दिलबाग सिंह, भलेराम जांगड़ा,कमल हसीजा,पहलवान हवा सिंह अंतिल,पंडित शेरसिंह,मास्टर पूर्ण सिंह,कर्मवीर हुड्डा,मुकेश मितल,राजेश वर्मा,जगवीर मलिक, नैन,पालीवाल,मनोज गुप्ता,विकास दहिया,नरेंद्र कौशिक,नवीन निश्चल अध्यापक,विकास दहिया,रविंद्र हुडा,राहुल दहिया , अंकीश राठी,सुरेंद्र मास्टर, रणजीत,रोहतास,उपस्थित रहे।

# नरेला: न्यू सीनियर सिटीजन ने धूमधाम से मनाया सदस्यों का जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रमुख सामाजिक संस्था न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ने रविवार को अपने 11 सदस्यों के जन्मदिन के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर सभी 11 सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। संस्था द्वारा सभी सदस्यों को माल्यार्पण कर, सुंदर उपहार भेंटकर सदस्यों को जन्मदिन की बधाई दी, और उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। इस अवसर पर न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन महावीर गुप्ता ने किया। बाहरी दिल्ली के नरेला में रेलवे रोड़ स्थित नंदीमल धर्मशाला में प्रमुख सामाजिक संस्था न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन (रजि.) द्वारा रविवार को हर माह की भांति इस बार भी अपने संस्था सदस्यों के जन्मदिन के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का





आयोजन कर अपने 11 सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर न्यू सीनियर सिटीजन के पदाधिकारियो ने विद्यासागर बंसल, धर्मपाल सिंह, रामानंद गुप्ता, संतलाल, श्रीमती किरण, रामफल आर्य, के.के.बंसल, बृजमोहन, शिवकुमार शर्मा, राधा किशन मंगला, मधुबाला कौशिक के जन्मदिन के अवसर पर माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ, सुंदर उपहार भेंटकर उनको जन्मदिन की बधाई दी और ईश्वर से उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। इस दौरान संस्था सदस्यों ने भजन व कविता पाठ भी किया। संस्था महासचिव महावीर प्रसाद गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा हर माह भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर उस माह में पड़ने वाले संस्था सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ सामूहिक रूप से मनाया जाता है। आज के कार्यक्रम में भी संस्था के 11 सदस्यों का जन्मदिन पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। संस्था के प्रधान कृष्ण कुमार बंसल ने सभी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि मैं पूरी संस्था की तरफ से सभी को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। और ईश्वर से उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना करता हूं।

कार्यक्रम पश्चात संस्था की ओर से सभी के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में प्रधान कृष्ण कुमार बंसल, महासचिव महावीर गुप्ता, कोषाध्यक्ष विद्यासागर बंसल, शिवचरण गुप्ता, रामानंद गुप्ता रामानंद गुप्ता सहित सभी सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# क्षेत्र के विकास पर दे रही हूं ध्यान: टिम्सी सुरेश शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के जहांगीरपुरी वार्ड में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा के द्वारा कई विकास कार्य करवाये जा रहे है ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सके।

इसी कड़ी में आज जहांगीरपुरी जे ब्लॉक के मकान नम्बर 715 से लेकर 785 वाली गली का निर्माण कार्य करवाया गया। इस अवसर पर जानकारी देते हुए आप नेता सुरेश शर्मा ने बताया कि आज बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा जे ब्लॉक जहांगीर पुरी मकान संख्या 715 से 785 वाली गली का निर्माण कराया गया।



उन्होंने कहा कि पार्षद के द्वारा क्षेत्र में विकास कार्यों पर ध्यान दिया जा रहा है, ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सके।

उन्होंने आगे बताया कि अगर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह निगम कार्यालय पर संपर्क कर सकता है, उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा।

उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान व कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था बनी रहे और क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये।

# 'मैं कैबिनेट मंत्री रहा हूं, अब राज्यमंत्री बनना डिमोशन होगा'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने रविवार को भाजपा नेता नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शपथ लेने वाली नई सरकार में स्वतंत्र प्रभार वाले राज्यमंत्री का पद दिए जाने पर आपत्ति जताई है। हालांकि पार्टी प्रमुख अजित पवार ने स्पष्ट किया है कि उनका समर्थन एनडीए के साथ है। राज्यसभा सदस्य प्रफुल्ल पटेल ने रविवार को मोदी मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण से पहले यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कल रात हमें बताया गया कि हमारी पार्टी (एनसीपी) को स्वतंत्र प्रभार वाला एक राज्यमंत्री पद मिलेगा। उन्होंने कहा कि मैं पहले केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री था, इसलिए यह मेरे लिए एक डिमोशन



होगा। पटेल ने कहा कि हमने इस संबंध में भाजपा नेतृत्व को सूचित कर दिया है। उन्होंने हमें कुछ दिन इंतजार करने के लिए कहा है। पटेल ने जोर देकर कहा कि इसे किसी भी मतभेद के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने इस मामले पर कहा कि प्रफुल्ल पटेल केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं और हमें स्वतंत्र प्रभार वाले राज्यमंत्री का पद लेना ठीक नहीं लगा। इसलिए हमने उनसे (भाजपा) कहा कि हम कुछ दिन इंतजार करने को तैयार हैं, लेकिन हमें कैबिनेट मंत्रालय

**पवार बोले**

**प्रफुल्ल सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं और स्वतंत्र प्रभार वाले राज्यमंत्री का पद लेना ठीक नहीं लगा।**

चाहिए। हम आज शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारे पास एक लोकसभा और एक राज्यसभा सदस्य हैं, लेकिन अगले 2-3 महीनों में हमारे पास राज्यसभा में कुल 3 सदस्य होंगे और संसद में हमारे सांसदों की संख्या 4 होगी। इसलिए हमने कहा कि हमें एक (कैबिनेट मंत्रालय) सीट दी जानी चाहिए। पवार ने कहा कि हमारा समर्थन एनडीए के साथ है।

# नीट-2024 में धांधली को लेकर युवा कांग्रेस का विशाल प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय युवा कांग्रेस ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) में कथित धांधली के खिलाफ रविवार को दिल्ली के रायसीना रोड स्थित अपने ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में पार्टी के नेता अपने हाथों में तख्तियां एवं पोस्टर लिए हुए थे। इसमें नीट में हुई कथित घोटाले की जांच की मांग की गई थी। श्रीनिवास ने कहा कि देश के 24 लाख छात्रों ने नीट परीक्षा में डॉक्टर बनने का सपना देखते हुए भाग लिया लेकिन उन्हें धोखा




मिला है। हम मांग करते हैं कि इसकी जांच होनी चाहिए। नई दिल्ली क्षेत्र में इस समय प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां चल रही हैं। इसके चलते दिल्ली पुलिस ने इन्हें अपने दफ्तर के आगे नहीं जाने दिया। सभी को पुलिस ने हिरासत में लिया।

# शालीमार बाग में भगवान परशुराम चौक का जल्द हो निर्माण: शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के जाने माने सामाजिक कार्यकर्ता सत्यपाल शर्मा ने शालीमार बाग के चौक पर प्रस्तावित भगवान परशुराम चौक के जल्द से जल्द निर्माण किए जाने की मांग की है। जिससे की चौक पर प्रतिदिन लगने वाले जाम से राहत मिल सके।

समाजसेवी सत्यपाल शर्मा ने आगे बताया कि दिल्ली सरकार द्वारा मैक्स अस्पताल जाने वाले रोड़ का नामकरण भगवान परशुराम के नाम पर पहले ही किया चुका है। समाजसेवी सत्यपाल शर्मा ने बताया कि इस संबंध में सरकार द्वारा बोर्ड भी



लगाया गया है, परन्तु गत् तीन से चार वर्षों से कार्य कछुआ गति से चल रहा है जिसके फलस्वरूप चौक का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है।



भारतीय जनता पार्टी पूर्वांचल मोर्चा जिला उतर-पश्चिम के जिला अध्यक्ष अवध किशोर त्रिपाठी ने गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र से दोबारा सांसद बनने पर रवि किशन को बधाई दी। इस अवसर पर विनोद कुमार, कोषाध्यक्ष पूर्वांचल मोर्चा भाजपा जिला उतर पश्चिम दिल्ली मौजूद रहे।

# शालीमार बाग अंडरपास के पास गंदगी का अंबार, राहगीर परेशान: जिन्दल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में कई ऐसी सड़के है, जहां पर गंदगी होने की वजह से वहां से गुजरने वाले लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कुछ ऐसा ही हाल इन दिनों आप शालीमार बाग अंडरपास से जा रहे है या आ रहे है तो आपको यह समस्या देखने को मिल जायेगी।

आप फोटो में भी साफ तौर पर देख सकते है कि किस प्रकार से रोड़ पर गंदगी पड़ी हुई है और इस गंदगी पर आवारा पशु खड़े है। इन आवारा पशुओं की वजह से इस सड़क पर कई बार दो-पाहिया वाहन चालक चोटिल भी हो चुके है।

श्रीनिष्काम सेवा समिति के अध्यक्ष प्रदीप जिंदल ने इस समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि






इस रोड़ पर सुबह रेहडी-पटरी लगती है, जिसे प्रशासन द्वारा हटाये जाये और यहां पर जो भी गंदगी है उसे प्रशासन साफ करवाये, जिससे की सड़क साफ और स्वच्छ नजर आये। श्री जिंदल ने आगे बताया कि इस रोड़ पर आवारा पशुओं का भी जमावड़ा रहता है, जिसकी वजह से कई बार यहां से गुजरने वाले लोग चोटिल भी हो चुके है, लेकिन प्रशासन इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं है। श्री जिंदल ने प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान हो ताकि लोग परेशान न हो।

# लगातार तीसरी बार पीएम शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए भाटिया


**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नरेंद्र मोदी ने रविवार यानी 9 जून को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। 2014 में 26 मई को नरेंद्र मोदी ने पहली और 30 मई 2019 को दूसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी।

बता दें कि नरेंद्र मोदी आजादी के बाद जन्म लेने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं। जो तीसरी बार लगातार प्रधानमंत्री बनने में कामयाब हुए है।

इसी के साथ लगातार 10 साल बहुमत के साथ केंद्र में गैर-कांग्रेसी सरकार चलाने वाले मोदी इकलौते नेता हैं।

इस खास मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार भाटिया को भी निमंत्रण प्राप्त हुआ और शपथ ग्रहण सामारोह



के साक्षी बने। इस मौके पर राजकुमार भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को देश की जनता ने जनादेश दिया है और पीएम मोदी अपने सशक्त नेतृत्व में देश को विकसित भारत के पथ पर ले जाएंगे।

# सामाजिक क्रांति के पुरोधा बिरसा मुंडा को श्रद्धासुमन किये अर्पित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने संघ के मुख्यालय बरवाला मे सामाजिक क्रांति के पुरोधा पुरुष, महान समाज सेवी भगवान बिरसा मुंडा की 124वीं पुण्यतिथि पर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

अपने संबोधन में वत्स ने कहा कि अपनी नेतृत्व क्षमता, असाधारण शौर्य के बल पर अन्याय, अत्याचार और अंग्रेजों के दमन का बिरसा मुंडा ने अपने तीरों से बदला लिया और एक नई सामाजिक क्रांति का उद्घोष किया। दयानन्द वत्स ने सरकार से आग्रह किया है।

# केवल पार्क के जनता भवन में आरडब्ल्यूए ने लगाया हाउस टैक्स कलैक्शन कैंप

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के केवल पार्क स्थित जनता भवन में केवल पार्क वैलफेयर एसोसिएशन एवं सिविल लाईन जोन दिल्ली नगर निगम के द्वारा हाउस टैक्स कलैक्शन कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निगम पार्षद मुकेश गोयल, महिपाल मान, अजय गुप्ता, संजय गुप्ता, दीपक तायल, प्रिंस गुप्ता, अनुराग गर्ग, रवि वधवा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

प्रधान अरविन्द मूलचंद ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में 277 लोगों ने हाउस टैक्स भरा और आरडब्ल्यूए के कार्यों भी सराहना की। इस मौके





पर केवल पार्क वैलफेयर एसोसिएशन के प्रधान अरविन्द मूलचंद प्रधान, महासचिव चन्दशेखर शर्मा, कोषाध्यक्ष चन्द्रपाल शर्मा, उपाध्यक्ष चौधरी ओमप्रकाश, उपाध्यक्ष विनोद तायल, धर्मवीर सिंह सिसोदिया उपाध्यक्ष, अशोक गर्ग सचिव, महावीर गर्ग सहसचिव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**अरविन्द मूलचंद प्रधान, केवल पार्क वैलफेयर एसोसिएशन:** मैं हाउस टैक्स शिविर में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद करता हूं और सभी से कहना चाहता हूं कि सभी को समय से अपना हाउस टैक्स कैंप जमा करना चाहिए। जिससे की आप किसी भी प्रकार की पैनल्टी से बच सके।



**चन्द्रशेखर शर्मा, महासचिव, केवल पार्क वैलफेयर एसोसिएशन:** आज केवल पार्क इलाके के जनता भवन में केवल पार्क वैलफेयर एसोसिएशन एवं सिविल लाईन जोन दिल्ली नगर निगम के द्वारा हाउस टैक्स कलैक्शन कैंप का आयोजन किया गया। मैं शिविर में हुए सभी लोगों का धन्यवाद करता हूं।

# निरंकारी बाल संत समागम हमें आगे बढ़ना है लेकिन दूसरों को गिरा कर नहीं: ओ पी

**चण्डीगढ़ 09 जून** - सन्त निरंकारी सत्संग भवन सैक्टर 30-ऐ में चण्डीगढ़ के बच्चों द्वारा एक विशाल निरंकारी बाल संत समागम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता चण्डीगढ के जोन के जोनल इंचार्ज श्री ओ पी निरंकारी जी ने की । इस बाल समागम में रामदरबार, सैक्टर 26, सैक्टर 30, मलोया, दड़वा, के ऐरिया से सैकड़ों की संख्या में बच्चे उपस्थित हुए। बच्चों ने अलग-अलग भाषाओं अर्थात हिन्दी, पंजाबी, इंगलिश, हिमाचली, राजस्थानी भाषा का सहारा लेते हुए भजन, कविता, कव्वाली, स्किट, भाषण, अवतार बाणी के शब्द कीर्तन आदि के रूप में अपने भाव व्यक्त किए ।



बच्चों ने अपनी अपनी आईटम में यह बताने की कोशिश की कि निरंकारी मिशन सारी मानवता का मिशन है यह किसी विशेष मजहब जाति धर्म या वर्ण से सम्बन्धित नहीं है। यह प्यार का मिशन है और प्यार प्रभु से जोड़ता है ।

श्री ओ पी निरंकारी जी ने इस अवसर पर उपस्थित बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें हर क्षेत्र में आगे बढ़ना है लेकिन दूसरों को गिरा कर या धक्का देकर नहीं यदि इस तरह से हम आगे बढ़ेंगे तो इसका हमें कोई लाभ नहीं होगा। निरंकारी जी ने बड़ों का आदर-सत्कार करने तथा कम से कम बोलने व अधिक से अधिक सीखने के लिए भी बच्चों को प्रेरित किया। श्री ओ पी निरंकारी जी ने आगे कहा कि जिस प्रकार किसी भी सिस्टम से पूरा लाभ तभी उठाया जा सकता है यदि हम उसे समय-समय पर अपग्रेड व अपडेट करते रहें। इसी प्रकार हमने सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज द्वारा दिए जा रहे ब्रह्मज्ञान से पूरा लाभ उठाने के लिए स्वयं को भी अपग्रेड करना है अर्थात समय निकाल कर सत्संग में आना है और अपडेट करने के लिए हमें यहां आए प्रवचनों व समय समय पर आने वाले सत्गुरू माता जी के आदेशों को जीवन में अपनाना होगा । इससे पूर्व संयोजक श्री नवनीत पाठक जी ने जोनल इंचार्ज श्री ओ पी निरंकारी जी का धन्यवाद किया तथा विभिन्न स्थानों से आए बच्चों के लिए जीवन में उंचाईयों को छूने की कामना की । इस अवसर पर सभी एरिया के मुखी और सेवादल अधिकारी उपस्थित थे।

**मार्गदर्शन**

▶▶ पूर्व संयोजक श्री नवनीत पाठक जी ने जोनल इंचार्ज श्री ओ पी निरंकारी जी का धन्यवाद किया

# निकली भगवान वेंकेटश व स्वामी रामानुज की सवारी शोभा यात्रा

**हिसार :** श्री तिरुपति बालाजी धाम में अलग-अलग दो दिन भगवान वेंकेटश व स्वामी रामानुज की सवारी शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और उन्होंने भगवान की सवारी को रस्सों से खींचकर धाम की परिक्रमा की। भक्तगण इस दौरान जय श्रीमन्ननारायण व जय वेंकटेश भगवान का उदघोष करते रहे। ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को भगवान वेंकटेश का तिरुमंजन कर-के पालकी में चल विग्रह विराजमान किया गया। इनके साथ ही माता श्रीदेवी व माता भूदेवी भी शोभायमान हुईं। इसके उपरांत पालकी और सवारी के प्रति नतमस्तक होते हुए श्रद्धालुओं ने शोभा यात्रा में हिस्सा लिया। ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वितीया को श्री रामानुजाचार्य स्वामी का तिरुमंजन करके पालकी में चल विग्रह शोभायमान किया गया। इसके उपरांत सवारी शोभा यात्रा निकाली गई। दोनों दिन सवारी शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की आस्था देखने लायक रही। अग्रोहा रोड पर लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित श्री तिरुपति बालाजी धाम में भगवान वेंकेटेश जी का भव्य मंदिर निर्मित किया गया है। दक्षिण भारत से लाए गए अदभुत काले ग्रेनाइट से निर्मित इस मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं की अगाध आस्था है। इस मंदिर के साथ ही माता पदमावती व माता गोदांबा के मंदिर भी शोभायमान हैं। धाम में ही स्वामी रामानुजाचार्य का भी मंदिर स्थापित किया गया है। इनके अतिरिक्त श्री गरुड़ जी, श्री लक्ष्मी नृसिंह जी, श्री सुदर्शन जी, श्री शठकोप स्वामी जी एवं श्री हनुमान जी के मंदिर भी विशेष दर्शनीय हैं।



धाम में स्थापित श्री गरुण स्तंभ, बलिपीठम, विशाल घंटाघर, पवित्र पुष्करणी, श्री तिरुपति यज्ञशाला व श्रीनिवास गोशाला भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने रहते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### एमडी अमित किशोर ने रात में किया निरीक्षण

**लोकेश चौधरी**



**मथुरा।** कान्हा की नगरी में विद्युत विभाग में हलचल है। सख्त निर्देशों के बाद भी जनपद में विद्युत सप्लाई को सुचारू रखपाना विभाग के लिए मुश्किल हो रहा है। दूसरी और विद्युत विभाग की तमाम अनियमिताओं की शिकायतें भी उपर तक पहुंच रही हैं। शिकायत निस्तारण में हुए फर्जी वाडे की शिकायतें भी बडी संख्या में पहुंच रही हैं। बिगड़ती व्यवस्था को देखने दक्षिणांचल विधुत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अमित किशोर अचानक रात में निरीक्षण के लिए मथुरा आ पहुंचे। इससे विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया। देर रात विभाग के चल रहे सुधार कार्यों को देखा। एमडी आईएएस अमित किशोर ने मथुरा जोन के चीफ इंजीनियर एसके जैन के साथ फरह टोल क्षेत्र में बिजली कनेक्शन चेक किए। इसके बाद गोकुल 220 केवी बिजलीघर का निरीक्षण किया। इस दौरान उनको बताया गया कि आंधी-बारिश से काफी नुकसान एवं सप्लाई प्रभावित हुई है । एमडी ने सुधार कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### जस्टिस फॉर चिल्ड्रन एंड वूमेन सोसायटी द्वारा पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लगाए मिट्टी के बर्तन



**मथुरा।** खडे होते कंक्रीट के जंगलों ने परिंदों के लिए भी समस्या खड़ी कर दी है। आवास के साथ खान पान और पानी की भी समस्या खड़ी हो रही है। सामाजिक कार्यकर्ता जस्टिस फॉर चिल्ड्रन एंड वूमेन सोसायटी अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा ने बेजुबान पक्षियों के लिए जगह जगह परिंडे लगाओ अभियान शुरू किया है। जिससे पेड़ों सहित अन्य जगहों पर परिंडों को बांधकर परिंडों में पानी के साथ बेजुबान पक्षियों के लिए दाना भी डाला जा रहा है। परिंडा लगाओ पक्षी बचाओ अभियान के संयोजक सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि गर्मियों में जैसे जैसे पारा चढ़ता है, पक्षियों के लिए दाना पानी ढूंढ पाना भी उतना ही मुश्किल होता है। ऐसे में कई बेजुबान पक्षी दाना पानी नहीं मिलने की वजह से अपनी जिंदगी भी नहीं बचा पाते। इसकी शुरूआत आप स्वयं भी कर सकते हैं, बस एक परिंडा लगा कर। इसके लिए आप और आपकी कॉलोनी के अन्य लोग मिलकर इसे रोजमर्रा के कार्य के साथ जोड़ लें। शिक्षाविद् डॉ. योगेश भारद्वाज ने कहा कि अपने घर आंगन में पक्षियों के लिए परिंडा बांधने की परंपरा को हम भूलते जा रहे हैं, जिसकी वजह से भीषण गर्मी के दिनों में पक्षियों को पानी की तलाश में यहां वहां भटकना पड़ता है। उन्होंने सभी से अपने घरों के आंगन व सार्वजिनक स्थानों पर अधिक से अधिक परिंडा लगाने की अपील की है। इस अवसर पर जस्टिस फॉर चिल्ड्रन एंड वूमेन सोसायटी संस्था अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा, डॉ. योगेश भारद्वाज, जिला बाल कल्याण समिति मथुरा सदस्य सीमा शर्मा, कुमारी कुमकुम राजपूत, गौरी राजपूत, निशा राजपूत, पियूष सविता, मोनू राजपूत एवं दर्जनों बच्चे उपस्थित रहे।

### सांप्रदायिकता से ऊपर लोकतंत्र है : पटेल

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी के फतेहपुर से निर्वाचित हुए सांसद नरेश उत्तम पटेल चुनाव जीतने के बाद पहली बार मथुरा पहुंचे। उनके मथुरा आगमन पर समाजवादी पार्टी कार्यकताओं ने स्वागत किया। नरेश उत्तम पटेल ने कार्यकताओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की ऐतिहासिक जीत में सभी वर्गो के लोगों का सहयोग रहा है। लोगों ने बता दिया कि सांप्रदायिकता से ऊपर लोकतंत्र है इस चुनाव में सांप्रदायिक शक्तियों की हार हुई है। लोकतंत्र की जीत हुई है। इस मौके पर डा.राजेंद्र प्रसाद लोधी, देवकीनंदन कश्यप, अभिषेक यादव, अनिल निषाद, मनीष आजाद, नेत्रपाल सिंह, पप्पू पटेल, मनीष ठेकेदार मनोज पंडित, सेवा निषाद, सुनील पटेल, सोनू पटेल, लव पटेल, विवेक लोधी, पप्पू सरदार, नेपाल ठाकुर, ओमप्रकाश, चंदन सिंह, सतीश राहुल सैनी, संतोष सैनी आदि उपस्थित रहे। इसके बाद सांसद नरेश उत्तम पटेल ने वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर पहुंचकर बांके बिहारी जी के दर्शन किए।

## महज 400 रुपए के लिए चली गई जान

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** वृंदावन सीवर हादसे में जान गवांने वाला मजदूर श्याम गरीब परिवार से था। नौहझील के सल्ला गांव में उसका परिवार रहता है। वह अपनी पत्नी नीलम और तीन बच्चों के साथ बिरला मंदिर के पास मोहल्ले में किराए के मकान में रहता था। महज 400 रुपये की दिहाड़ी की खातिर श्याम मौत के सीवर में उतरकर अपनी जान गंवा बैठा। मृतक श्याम के भाई नीरज ने बताया कि उन्हें शाम चार बजे करीब अपने भाई की मौत की सूचना ग्राम प्रधान के माध्यम से मिली। प्रधान को पुलिस द्वारा सूचना दी गई थी। इधर, हादसे की सूचना मिलते ही श्याम की पत्नी नीलम बदहवास हो गई।

# जनता की समस्याओं का समाधान करवाने के लिए सड़कों पे उतरेगा जयहिन्द

**रोहतक ।** बीते रविवार जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिन्द पानी और सीवरेज की समस्या सुनने रोहतक नगरनिगम में आने वाली महावीर कॉलोनी पहुंचे, जहां कॉलोनी निवासियों ने जयहिन्द को दिखाया की किस तरह से यहां 24 घण्टे सीवर का पानी सड़क पर भरा रहता है, पूरी सड़क टूटी पड़ी है और सीवरेज से निकलने वाले गंदे पानी की वजह से हमें कितनी कठिनाइयों व बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है, यहां तक की कॉलोनी के स्कूल व कुछ घरों में आने जाने तक का रास्ता नही है। जयहिन्द ने सबूत दिखाते हुए कहा की इसकी शिकायत कॉलोनी निवासी सीएमओ, पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारों और डीसी ऑफिस रोहतक में दे चुके है लेकिन




अधिकारियों का कहना है की उन्हे ऐसी कोई सूचना ही नही मिली। जयहिन्द ने कॉलोनी निवासियों को आश्वासन दिया कि हम आपके साथ खड़े है। और बीते शनिवार जब वे तम्बू में समय लेकर आए थे तो डीसी साहब को भी फोन करके समस्या के बारे में बताया था, जिसके बाद डीसी साहब ने सोमवार तक का समय दिया था की समस्या का समाधान हो जाएगा। इसके बावजूद भी अगर यहां समाधान नहीं होता है तो हम सभी कॉलोनी निवासियों के साथ मिलकर बुलडोजर के साथ यह सारा कूड़ाझकचरा ट्रैक्टर-ट्रालियों में भरकर विधायक, पूर्व विधायक व अधिकारियों के घरों के बाहर लेकर जाएगें। ताकि उन्हें भी हमारी समस्या का अहसास हो सके। इस बात पर सभी कॉलोनी निवासियों ने सहमति जताई। साथ ही जयहिन्द ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी साहब को उनकी बात याद दिलाते हुए कहा की जिस तरह से मुख्यमंत्री जी कह रहे थे अब हम सारी टूटी हुई कॉलोनी और सड़कों को जल्द से जल्द ठीक करने का काम करेंगे तो आज उनके वादे कहा चले गए क्या प्रशासन को रोहतक के महावीर कॉलोनी वासी परेशान लोग नही दिख रहे कॉलोनी निवासियों ने जयहिन्द को बताया कि इतनी गंदगी की वजह से कॉलोनी के बुजुर्ग हादसे का शिकार हो चुके है इस गंदे सीवर के पानी ने कॉलोनी निवासियों का घर से बाहर निकलना भी मुश्किल कर दिया है। नौबत यहां तक आ गयी है कि लोगो को यहां से घर छोड़कर जाना पड़ रहा है। महावीर कॉलोनी वासियों ने जयहिंद को बताया पिछले 15 दिन से यहां काम चल रहा था लेकिन जैसे ही इलेक्शन खत्म हुए कर्मचारी काम को बीच में ही छोड़ कर चले शिकाय वो बहोत बार दफ्तर में दे चुके है साथ ही सीएम विंडो पर भी एप्लीकेशन दे चुके है लेकिन फिर भी हमारी समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा

# भू गर्भीय जल दिवस: पानी के अति दोहन से बिगड रहे हालात

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** विश्व भूगर्भ जल दिवस 10 जून को मनाया जाता है। भूगर्भीय जल पृथ्वी पर जीवन का आधार है। भू गर्भीय जल का अति दोहन बेहद गंभीर समस्या बनता जा रहा है। मथुरा में यह समस्या लगातार गंभीर हो रही है। हालांकि स्थिति से निपटने के लिए कुछ कदम उठाये गये हैं जो प्रभावी साबित नहीं हुए हैं। प्रत्येक गांव की भूगर्भीय जल स्तर की रिपोर्ट तैयार करने, जल भंडार स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने और बरसा जल के संचयन आदि को लेकर योजनाएं तो बनीं लेकिन परवान नहीं चढ़ सकी हैं। यही वजह है कि



भू गर्भीय जल लगातार नीचे खिसक रहा है और खारे पानी की समस्या लगातार बढ रही है। आमंत्रित सदस्य उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद अजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि भूगर्भ जल के अंधाधुंध दोहन से लगातार जल स्तर नीचे जा रहा है। मथुरा जिले में 2021 में औसत भूजल स्तर लगभग 20 मीटर पर था जो फीट प्रति वर्ष की औसत दर से नीचे जा रहा है।

## अयोध्यावासियों को बुरा भला कहना गलत: देवकीनंदन

**मथुरा।** अयोध्या में बीजेपी के चुनाव न जीतने पर मंथन होना चाहिये। हिंदुत्व के नाम पर अयोध्या वासियों को बुरा भला कहकर भगवान के धाम और वहां के निवासियों का अपमान करना गलत है। बीजेपी के नाम पर अन्य संगठनों के लोग सनातनियों में फूट डालने की साजिश कर रहे हैं। हिंदुओं के सहयोग से ही पूरे भारत में बीजेपी को सबसे अधिक सीटे मिली हैं। ये विचार कथावाचक देवकीनंदन ने प्रियाकांत जू मंदिर पर व्यक्त किये। उन्होने कहा कि चुनावों में स्थानीय मुद्दे और अन्य समीकरण भी मायने रखते हैं। दुर्भाग्य से कई स्थानों पर हिंदुत्व पर जातिगत समीकरण भारी पड़े हैं।

# शहर कांग्रेस ने की लोकसभा चुनाव परिणामों की समीक्षा



**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** शहर कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव परिणामों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक होली गेट स्थित महानगर कांग्रेस कार्यालय हुई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि ने की। समीक्षा बैठक में इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश धनगर ने कहा कि मैं सभी जमीनी इंडिया गठबंधन एवं कांग्रेसी कार्यकताओं का आभार व्यक्त करता हूं। जिन्होंने मेरे कंधे से कंधा मिलाकर जो काम किया है आज उसका ही परिणाम रहा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को चुनौती पेश की। बहुत ही जल्द मथुरा जनपद की पांचो विधानसभा में एक धन्यवाद यात्रा निकाली जाएगी।

महानगर अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि ने कहा कि कार्यकताओं का जोश अब विधानसभा चुनाव तक ऐसा ही बनाये रखना होगा। संगठन को मजबूती प्रदान करनी होगी। जिन नेताओं ने सहायोग नहीं किया है हाईकमान को अवगत कराते हुए कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार रावत, उमेश शर्मा, कृष्णवीर चौधरी, जहीर आलम, अबरार हुसैन, प्रवीण गौड़, निजामुद्दीन कुरैशी, दिनेश सैनी, बृजेश कुमार, विमल बघेल, रूपेश धनगर, रामकुमार शर्मा, ऐ.के बाशिन आदि मौजूद रहे।

**समीक्षा**

▶▶ बहुत ही जल्द मथुरा जनपद की पांचो विधानसभा में एक धन्यवाद यात्रा निकाली जाएगी

**जिला कार्यालय प्रेसवार्ता आज**

जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा सोमवार को 12 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय सेठवाड़ा पर प्रेस वार्ता करेंगे। बैठक में लोकसभा चुनावों की समीक्षा और संगठन की मजबूती जैसे मुद्दों पर बात वह अपनी बात रखेंगे।

# हल्का बरवाला वासियों ने डॉ. राजेन्द्र का स्वागत किया

**हिसार/बरवाला:** जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन व वरिष्ठ कांग्रेस-किसान नेता डॉ. राजेन्द्र सूरा ने सेक्टर 4, हिसार में स्थित अपने कार्यालय के प्रांगण में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम हिसार संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश उर्फ जेपी की जीत की खुशी के उपलक्ष्य में किया गया। इस कार्यक्रम में हल्का बरवाला के मौजिज लोगों ने पूर्व चेयरमैन डॉ. राजेन्द्र सूरा का स्वागत किया और पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन डॉ. राजेन्द्र सूरा को बधाईयां देने वालों का तांता लगा रहा। कार्यक्रम में हल्का बरवाला के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।



हल्का बरवाला के लोगों को सम्बोधित करते हुए पूर्व चेयरमैन डॉ. राजेन्द्र सूरा ने कहा कि एक छोटे से बुलावे पर इस कार्यक्रम में हजारों की तादाद मे आने पर और लोकसभा चुनाव में कड़ी मेहनत करके हिसार लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश उर्फ जेपी को जितवाने पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के जिस भी नेता ने पार्टी के साथ गद्दारी की और कांग्रेस पार्टी के खिलाफ काम किया उसका जमकर विरोध किया जायेगा। पूर्व चेयरमैन डॉ. राजेन्द्र सूरा ने गांव सरसौद निवासी जांगड़ा परिवार की बिटिया को लेक्चरार पद पर सरकारी जॉब मिलने पर शुभकामनाएं दी। इस बिटिया को लेक्चरार की सरकारी जॉब दिलवाने मे पूर्व चेयरमैन डॉ. राजेन्द्र सूरा की अहम् भूमिका रही। इस अवसर पर सरपंच रमेश बहबलपुर, पूर्व सरपंच धर्मपाल, सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप, सरपंच भगत सरसौद, सरपंच विकास, पूर्व सरपंच सुभाष मलिक, नरेश भ्याण, धोला जेवरा व सरपंच वजीर समेत हजारों की तादाद मे कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**सम्मानित**

▶▶ ार्यक्रम में हल्का बरवाला के मौजिज लोगों ने पूर्व चेयरमैन डॉ. राजेन्द्र सूरा का स्वागत किया

# जीवन को प्राणदायक ऊर्जा से संतुलित करने का उपाय है संजीवनी ध्यान: आचार्या

**हिसार,:** ओशो सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वाधान में ओशोधारा मैत्री संघ हिसार ने कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में आज के संडे ध्यान में आचार्या मां कल्पना ने संजीवनी ध्यान करवाया। उन्होंने बताया कि संजीवनी ध्यान का अर्थ होता है 'जीवन का समर्थन' या 'जीवन की ऊर्जा का संग्रह' और यह एक प्रमुख ध्यान पद्धति है जो साधकों को मानसिक शांति, आत्मा का समर्थन और आध्यात्मिक उन्नति की की दिशा में मार्गदर्शन करती है। इस ध्यान पद्धति का उद्दीपन मुख्य रूप से भारतीय सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं से हुआ है और यह ध्यान साधने वाले को शांति, सुख, और समृद्धि की प्राप्ति का उत्कृष्ट अनुभव करने का




उद्देश्य रखता है। यह ध्यान विभिन्न आसन, प्राणायाम, मुद्राएँ, और मन को नियंत्रित करने के तकनीकों का समाहित मिश्रण है। साधक इस ध्यान के माध्यम से अपने मन को नियंत्रित करता है और आत्मा के साथ संयोजन प्राप्त करता है। इस ध्यान पद्धति में मुद्राएँ भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मुद्राएँ हाथ, आंख, और शरीर के विशिष्ट स्थानों की विशेष आसनों को कहा जाता है, जो मानव शरीर की ऊर्जा को नियंत्रित करने में मदद करती हैं। संजीवनी ध्यान का प्रशिक्षण ध्यान गुरुओं द्वारा दिया जाता है जो अपने शिष्यों को ध्यान की शिक्षा और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। यह ध्यान साधने वाले को शारीरिक, मानसिक, और आध्यात्मिक स्वास्थ्य की सुरक्षा में मदद करता है और उसे जीवन में संतुलन और एकाग्रता की प्राप्ति होती है। ध्यान की प्रैक्टिस करने से व्यक्ति अपने जीवन को सकारात्मकता, स्वस्थ संबंध, और आत्म-समर्पण की दिशा में बदल सकता है। संजीवनी ध्यान एक सांस्कृतिक और धार्मिक अभ्यास होता है जो साधकों को आत्मा के अद्वितीयता का अनुभव करने का मार्ग दिखाता है। ज्ञात हो कि कोई भी ध्यान आपको किसी गुरु या प्रशिक्षित आचार्य के निर्देशन में ही करना चाहिए। ओशोधारा मैत्री संघ हर रविवार को सुबह 7 से 9 बजे तक अपने साधना केंद्र कोशिश नगर पर ध्यान के कार्यक्रम का आयोजन करता है जो कि सभी के लिए निशुल्क होता है और प्रशिक्षित आचार्य ही वो ध्यान का सेशन लेते हैं। ध्यान के बाद ओशोधारा हिसार के संयोजक आचार्य जितेंद्र ने साधकों को सम्बोधित करते हुए बताया कि ओशोधारा के कार्यक्रम वैज्ञानिक और आध्यात्मिक दृष्टि से प्रमाणिक है और ध्यान को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से हर सप्ताह पूरे देश में ध्यान योग का कार्यक्रम तय किया गया है। ओशोधारा के मुख्य आश्रम मुरथल हरियाणा में हर महीने 2 ध्यान योग के कार्यक्रम होंगे । उन्होंने बताया कि सिरसा में 9 से 11 अगस्त 2024 को ध्यान योग का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# भाजपा नेता की गुण्डई, जमीन पर कब्जे को लेकर फायरिंग

**मथुरा।** भाजपा नेता भूपेन्द्र चौधरी और उसके साथियों के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज हुई है। इस बार थाना गोवर्धन क्षेत्र में जमीन पर कब्जे को लेकर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने का मामला सामने आया है। मथुरा के गोवर्धन थाने में भूपेंद्र चौधरी के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज हुआ है। एसएसपी के आदेश पर यह मुकदमा दर्ज हुआ है। सीओ गोवर्धन आलोक सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। बता दें शुक्रवार को भूपेंद्र व उसके बाउंसरों के खिलाफ एसएसपी से गुरुकृपा कॉलोनी के लोगों ने भी शिकायत की थी कि इन लोगों ने वहां भय का माहौल बना रखा है। इससे पहले बालाजीपुरम में दो भाजपा नेताओं के बीच की अदावत में पुलिस के साथ भी मारपीट हो गई। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इस मामले में भूपेन्द्र चौधरी सहित छह नामजद और 15 अज्ञात पर संगीन धाराओं में मामला दर्ज हुआ है। इससे पहले थाना हाइवे पर शहर की अशोका हाइट्स कॉलोनी में महिलाओं और बच्चियों के साथ मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इस मामले में पुलिस आरोपियों को तलाश रही थी और आरोपी पकड़ में नहीं आ रहे थे। फायरिंग की घटना के बाद पुलिस की भी किरकिरी हुई है। गोवर्धन के जुलहेंदी गांव में जमीन पर कब्जे को लेकर उक्त भाजपा नेता समेत छह नामजद और 15 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। पुलिस आरोपी कथित भाजपा नेता की तलाश में तेजी से जुट गई है। गांव जुलहेंद में जमीन पर कब्जे को लेकर भूपेंद्र चौधरी, उसके भाई सुशील चौधरी, कैलाश, प्रहलाद, सुरेश समेत अज्ञात लोगों पर फायरिंग का आरोप लगा है। भगत सिंह जादौन ने भूपेंद्र चौधरी समेत छह नामजद एवं 15 अज्ञात के खिलाफ फायरिंग कर जानलेवा हमला के आरोप में गोवर्धन थाने पर केस दर्ज कराया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




# छह हजार से अधिक युवाओं के उद्यम स्वीकृत

## मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना और मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना में प्रदेश की स्थिति बेहतर

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फ्लैगशिप स्कीम 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना' (एमवाईएसवाई) और 'मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना' (एमएमजीआरवाई) ने शानदार प्रदर्शन किया है। प्रदेश में अब तक छह हजार से अधिक युवाओं के छोटे बड़े उद्यमों को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत स्वीकृत किया जा चुका है। वहीं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अंतर्गत स्वीकृत हुए 723 इकाइयों में से 605 को धनराशि प्रदान की जा चुकी है। हाल ही में प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के सामने प्रस्तुत की गई राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की त्रैमासिक रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई है।



**7500 यूनिट्स को धनराशि प्रदान करने का लक्ष्यः** उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक और बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक समीर रंजन पांडा के अनुसार योजना का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को उद्यम शीलता के लिए प्रोत्साहित करने और अन्य युवाओं के लिए रोजगार का अवसर प्रदान करना है। इसके अंतर्गत राज्य सरकार युवाओं को वित्तीय सहायता उपलब्ध करा रही है। ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने व्यवसाय का सफलतापूर्वक संचालन कर सकें। रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 7500 यूनिट्स को धनराशि प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया था, जिसके सापेक्ष अबतक 6259 इकाइयों को सरकार की ओर से स्वीकृति मिल चुकी है। वहीं अबतक 5648 इकाइयों को धनराशि वितरित की जा चुकी है।

**स्वीकृति**

**▸▸ 16360 लाख रुपये को स्वीकृति मिल चुकी है, जबकि 14821 लाख रुपये युवाओं को वितरित भी किये जा चुके हैं**

इसमें शुरूआत में कुल मार्जिन मनी 14550 लाख रुपये तय की गई थी, जिससे अधिक अबतक 16360 लाख रुपये को स्वीकृति मिल चुकी है, जबकि 14821 लाख रुपये युवाओं को वितरित भी किये जा चुके हैं। बात करें मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना की तो इसमें भी 800 इकाइयों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें से 90 प्रतिशत से अधिक यानी 723 इकाइयों को स्वीकृति मिल चुकी है और लक्ष्य का 76 प्रतिशत यानी 605 यूनिट्स को लाभान्वित किया जा चुका है।

**युवाओं के उद्यम के सपने को साकार कर रही योजनाः** उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना को सितंबर 2018 में शुरू किया गया था। योजना का उद्देश्य प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को उनके उद्यम के सपने को साकार करने के लिए वित्तीय सहायता और अन्य सहयोग प्रदान करना है।

इसके अंतर्गत राज्य सरकार पात्र आवेदकों को इंडस्ट्री लगाने के लिए 25 लाख रुपये तक और सेवा क्षेत्र के लिए 10 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराती है। इस योजना की नोडल एजेंसी डीआईसी, कानपुर है।


# प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों की डाइट मनी बढ़ाईः सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः मुख्यमंत्री** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार ने प्रदेश में खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए कई कदम उठाए हैं।

सरकार ने विभिन्न अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि करने के साथ खिलाड़ियों को मिलने वाले डाइट मनी और यात्रा प्रावधानों में वृद्धि की है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने रविवार को यहां कहा कि खिलाड़ियों के लिए राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए डाइट मनी को 240 रुपये से बढ़ाकर 400 रुपये, जिला स्तरीय खेल आयोजनों के लिए 300 रुपये और खंड स्तरीय आयोजनों के लिए 240 रुपये किया गया है।

प्रदेश से बाहर आयोजित होने वाली खेल प्रतिस्पधाओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को दी जाने वाली डाइट मनी को 500 रुपये किया गया है।



इसके अतिरिक्त खेल छात्रावास में रहने वाले खिलाड़ियों को प्रारंभिक शिक्षा स्तर तक 250 रुपये तथा अन्यों को 400 रुपये की डाइट मनी का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश से बाहर आयोजित होने वाले खेल आयोजनों में भाग लेने वालों खिलाड़ियों को मिलने वाले यात्रा भत्ता प्रावधानों में भी वृद्धि की है।

**फास्ट न्यूज**

## दरक रही राजभर की सुभासपा की नींव

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसीः** जाति विशेष के दम पर खड़ी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) की नींव दरक रही है। यह उसके मुखिया ओमप्रकाश राजभर की शक्ति के क्षीण होने की निशानी है। लोकसभा चुनाव में राजभर बहुल घोसी सीट से खुद उनके बेटे की हार इसका स्पष्ट संकेत है। सुभासपा प्रमुख पिछले चुनाव में बनारस की राजभर बहुल शिवपुर विधानसभा सीट पर भी अपने बेटे को नहीं जिता सके थे। उस चुनाव में ओमप्रकाश के साथ साइकिल की ताकत थी, तो इस बार कमल का बल। इसके पूर्व 2017 में भी बलिया के बांसडीह विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़कर उनके पुत्र हार चुके हैं जबकि पत्नी रसड़ा से हारीं। लोकसभा चुनाव में मिले मतों का विश्लेषण करें तो सभी राजभर मतदाता बहुल सीटों पर एनडीए के प्रत्याशी को संतोषजनक मत नहीं मिल सके। इधर अरविंद राजभर भाजपा से गठबंधन के बावजूद 3.40 लाख मतों पर सिमट गए जबकि पिछले चुनाव में उनकी ही जाति के भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद हरिनारायण राजभर को 4.51 लाख से अधिक मत मिले थे।

## द्वारका जिले में समुद्र तट पर 16 करोड़ रुपये का चरस मिला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले में समुद्र तट पर 16 करोड़ रुपये मूल्य के चरस के लावारिस पैकेट जब्त किए गए है। एक अधिकारी ने बताया कि वरवाला के पास तट पर मादक पदार्थ से भरे तीन बोरे मिले। पुलिस अधीक्षक नितेश पांडे ने कहा, "तट पर गश्त के दौरान, स्थानीय पुलिस और विशेष अभियान समूह के कर्मियों को दो रात पहले वरवाला के पास प्लास्टिक के तीन बोरे मिले, जिनमें 30 पैकेट थे।"

## पाकिस्तान सीमा पर स्थिति स्थिरः राजीव घई

**टीम एक्शन इंडिया**

**श्रीनगरः** श्रीनगर स्थित 15 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान सीमा पर स्थिति स्थिर है। कश्मीर में स्थिति को स्थिर रखने के लिए संबंधित सुरक्षा एजेंसियां सभी कदम उठाए जा रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल घई जनरल बिपिन रावत स्टेडियम बारामुल्ला में कारगिल विजय दिवस मनाने के लिए आयोजित एक समारोह के मौके पर मीडियाकर्मियों से बात कर रहे थे। राजीव घई ने कहा कि दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में हाल ही में हुए ऑपरेशन में लश्कर-ए-तैयबा संगठन के दो शीर्ष कमांडर मारे गए थे।

# जनधन अकाउंट खुलवाने में यूपी अव्वल

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः केंद्र** सरकार की ओर से संचालित तमाम गरीब कल्याणकारी योजनाओं को मिशन मोड में धरातल पर उतारने के मामले में उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सतत मॉनीटरिंग के कारण योजनाओं को न केवल गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध ढंग से धरातल पर उतारा जा रहा है, बल्कि इस आधार पर तेज गति से विकास का यूपी मॉडल स्थापित हो रहा है। वित्त मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री जनधन योजना में भी यूपी शीर्ष पर है। देश में जनधन खाताधारकों की संख्या जहां 52 करोड़ से ऊपर है। यूपी में ये संख्या 09.33 करोड़ हो चुकी है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार यूपी में प्रधानमंत्री जनधन योजना के




अंतर्गत कुल 09 करोड़ 33 लाख 66 हजार 265 खाताधारक हैं। 29 मई 2024 तक के इन आंकड़ों पर नजर डालें तो इनमें 06 करोड़ 71 लाख 78 हजार 705 खाताधारक ग्रामीण और अर्धशहरी इलाकों के निवासी हैं, जबकि 02 करोड़ 61 लाख 87 हजार 560 खाताधारक शहरी और मेट्रो सिटी में रहने वाले गरीब हैं। इन 09.33 करोड़ खाताधारकों के खातों में कुल 47,427.21 करोड़ रुपये जमा हुए हैं। वहीं प्रदेश में रूपे कार्डधारकों की संख्या 06 करोड़ 14 लाख 39 हजार 064 है, जो देश में सर्वाधिक है।

# भारत के बुनियादी ढां चे का हुआ अभूतपूर्व विकासः भूटान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** शपथ ग्रहण समारोह में दुनियाभर के नेता शामिल हुए। इस मौके पर भूटान के प्रधानंत्री शेरिंग तोब्गे ने कहा कि उन्हें भारत आकर बेहद खुशी हो रही है और वह खुद को सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने आम चुनाव के परिणामों को लेकर भारत की जनता को बधाई दी। तोब्गे ने कहा, मुझे भारत आकर बेहद खुशी हो रही है। मैं अपने पिछले दौरे के तुरंत बाद वापस आकर खुश हूं। यह मुश्किल से तीन महीने पहले की ही बात है। यह वास्तव में भारत के लिए एक बहुत बड़ा दिन है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भूटान के राजा और जनता का प्रतिनिधित्व करने के लिए यहां आकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

**'भारत के बुनियादी ढांचे का हुआ अभूतपूर्व विकास':** उन्होंने कहा, मैं हाल के चुनावों के सफल नतीजों के लिए भारत की जनता को बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा और एनडीए को जो जनादेश मिला है। यह पिछले दस साल में उनके प्रदर्शन पर लोगों का भरोसा दिखाता है। इसलिए यह भारत के लिए बड़ी बात है। यह



क्षेत्र के लिए भी एक बड़ी बात है, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ने निजी रूप में हमें आमंत्रित किया है और हम यहां आकर खुश हैं। उन्होंने आगे का, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों के दौरान भारत शानदार रूप से विकसित हुआ है। बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व विकास हुआ है। हवाई अड्डे, सड़कें, रेल, समुद्री मार्ग सभी क्षेत्रों में विकास शानदार हुआ है। तोब्गे ने कहा, मोदी 3.0 में क्या होने वाला है, यह देखने के लिए आपको पीछे मुड़कर देखना होगा कि क्या हुआ है। उन्होंने कहा, चाहे पड़ोस पहले नीति हो या भारत की मेजबानी में जी-20 का सफल परिणाम हो, सबसे बड़ी उपलब्धियों में से विदेश नीति भी एक रही है।